CMYK

सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 21.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-193 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 04 जनवरी 2025
03 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# विकसित भारत बनाने में हमारे शहरों की बहुत बड़ी भूमिका : पीएम मोदी

- प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास
- लाभार्थियों को पीएम मोदी ने फ्लैटों की चाबियां सौंपी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी की कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के तहत लाभार्थियों को फ्लैटों की चाबियां सौंपी और इससे पहले उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत की। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी बिगुल फूंका। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना उन पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने शीश महल, प्रदूषण, आबकारी नीति मामला और जल आपूर्ति को लेकर आप पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि मैं तो दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान भारत योजना का लाभ देना चाहता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने में बहुत बड़ी भूमिका हमारे शहरों की है। जहां दूर-दूर से लोग सपने लेकर आते हैं और बड़ी ईमानदारी से उन सपनों को पूरा करने में जिंदगी खपा देते हैं। इसलिए केंद्र की भाजपा सरकार शहरों में रहने वाले हर परिवार को क्वालिटी ऑफ लाइफ देने में जुटी है।

> पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आप-दा में धकेल दिया। शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग आप-दा बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं।

## चंदन गुप्ता हत्याकांड
### 28 दोषियों को उम्रकैद
**एनआईए कोर्ट ने सुनाया फैसला**



**लखनऊ।** कासगंज में चंदन गुप्ता हत्याकांड में दोषी ठहराए गए 28 आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। बता दें कि एक दिन पहले बृहस्पतिवार को ही एनआईए की विशेष अदालत ने 28 आरोपियों को दोषी करार दिया था, जबकि दो को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था। कासगंज में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा के दौरान भड़के दंगे में चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी।

एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने सरकार बनाम सलीम व अन्य के मामले में गुरुवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने दोष सिद्ध हो चुके आरोपी बरकतुल्लाह के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी करने का भी आदेश दिया। सभी आरोपियों को आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 341, 336, 307, 504, 506 और वसीम, नसीम, मोहसिन, राहत, बबलू और सलमान को राष्ट्रध्वज अपमान निवारण अधिनियम की धारा - 2 और आयुध अधिनियम की धारा 2/25 जबकि अभियुक्त सलीम को आयुध अधिनियम की धारा 25/27 के अंतर्गत भी दोषी करार दिया गया है। दोषी पाए गए आरोपी सलीम के अदालत में पेश नहीं होने पर उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया गया है।

कासगंज में विश्व हिंदू परिषद, एबीवीपी और हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया था, जिसमें मोटर साइकिलों पर सवार 100 से अधिक लोगों ने तिरंगा लेकर यात्रा निकाली थी। यात्रा कोतवाली इलाके के बड्डूनगर पहुंची, जहां गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम चल रहा था।

## न्यूज डायरी

### लखनऊ में 8वीं तक स्कूल बंद

**लखनऊ।** लखनऊ में जिला प्रशासन ने



विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। कक्षा 8 तक के स्कूल 11 जनवरी तक बंद रहेंगे। कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई ऑनलाइन माध्यम से होगी। जिन स्कूलों में ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था नहीं है, वहां सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक कक्षाएं चलेंगी। जिला अधिकारी सूर्यपाल गंगवार के निर्देशों के अनुसार ठंड से बचाव के लिए स्कूलों को हर क्लास रूम में हीटर लगाना होगा। विद्यार्थियों को किसी भी तरह की क्लास, प्रैक्टिकल या परीक्षा के लिए खुले में नहीं बैठाया जाएगा।

### चीन में नए वायरस से हड़कंप

**बीजिंग।** चीन में कोविड जैसे ह्यूमन



मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के फैलने की खबरों के बीच, भारतीय स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि पड़ोसी देश में फैलने वाला वायरस किसी भी अन्य श्वसन वायरस की तरह है जो सर्दी का कारण बनता है, और इस पर डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) डॉ. अतुल गोयल ने श्वसन संक्रमण के खिलाफ नियमित सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि चीन में फैला एचएमपीवी किसी भी अन्य श्वसन वायरस की तरह है जो सर्दी का कारण बनता है, इसलिए अलार्म की कोई आवश्यकता नहीं है। डॉ. गोयल ने कहा कि चीन में एचएमपीवी फैलने की खबरें आ रही हैं।

### मेडिकल सीटें खाली नहीं रह सकतीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मेडिकल सीटों को लेकर अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि मेडिकल कोर्स की सीटें खाली नहीं रह सकतीं। साथ ही केंद्र से कहा कि वह राज्यों सहित संबंधित पक्षों के साथ बैठक करे और इस मुद्दे पर गठित समिति की सिफारिशों पर विचार करे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। अप्रैल 2023 में, सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल कोर्स में सुपर स्पेशियलिटी सीटों के खाली रहने का मुद्दा उठाया था। उस समय केंद्र ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की अध्यक्षता में राज्यों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों की एक समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा था।

## दिल्ली की 'सांसो' पर छाया संकट

- अगले तीन दिन बेहद भारी रहेंगे
- फिर जहरीली हुई दिल्ली की हवा
- स्मॉग व कोहरे की चादर में लिपटी राजधानी



**नई दिल्ली।** राजधानी में आसमान में स्मॉग के साथ कोहरे की चादर लिपट गई है। यहां सांस लेना दूभर हो गया है। सबसे अधिक परेशानी सांस के मरीजों के साथ बुजुर्गों व बच्चों को हो रही है। हवा की गति कम होने के साथ ही वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दाखिल हो गई है। यही नहीं कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक शुक्रवार को एक्यूआई 371 दर्ज किया गया। सीपीसीबी का पूर्वानुमान है कि अगले तीन दिन कमोबेश यही स्थिति रहने की आशंका है। रात के समय स्मॉग के साथ घने से घना कोहरा छाया रहेगा। इससे हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। शुक्रवार को सुबह से ही कोहरे के साथ स्मॉग छाया रहा। दिन में हल्की धूप निकली, लेकिन आसमान में स्मॉग व कोहरे की मोटी चादर लिपटी रही। इससे धूप पूरी तरह से नहीं खिली। विवेक विहार, ओखला, नेहरू नगर, जहांगीरपुरी सहित 12 इलाकों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी रहा। साथ ही, चांदनी चौक व द्वारका सहित 17 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 10 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। हालांकि, शाम को हवा की चाल छह किलोमीटर रही।

## नहीं सुधर रहा बांग्लादेश, अब तुर्किये से खरीदेगा टैंक
### पाकिस्तान के साथ भी दोस्ती बढ़ाने में जुटी मोहम्मद यूनुस सरकार

- हर हरकत पर है भारत की पैनी नजर
- तुर्किये की कंपनी ओटोकार से टैंक खरीदने की योजना बनाई



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की मौजूदा मोहम्मद युनूस सरकार का रवैया भारत को लेकर कैसा है, यह तो किसी से छिपा नही है लेकिन जिस तरह से भारत के धुर विरोधी देशों के साथ वह संबंध विकसित करने में जुटा है, उस पर भारत सरकार की पैनी नजर है।

बांग्लादेश की तरफ से तुर्किये से टैंक खरीदने की योजना के तमाम पहलुओं की भारत समीक्षा कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने यहां तक कहा है कि सुरक्षा को लेकर पड़ोसी देशों के हर हरकत पर उसकी नजर रहती है और इस बारे में जो भी सही लगता है वह कदम भी उठाये जाते हैं। इसे परोक्ष तौर पर युनूस सरकार को एक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। चार महीने पहले लोकतांत्रिक तरीके से चयनित शेख हसीना की सरकार को सत्ता से बेदखल करने के बाद गठित अंतरिम सरकार तुर्किये के साथ ही पाकिस्तान के साथ भी अपने रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए विमर्श कर रही है। बांग्लादेश की तरफ से तुर्किये की कंपनी ओटोकार से 26 टैंक खरीदने की बात मीडिया में तब आई है जब भारत-बांग्लादेश सीमा पर भारतीय सुरक्षा प्रहरियों ने तुर्किये निर्मित कुछ ड्रोन को पकड़ा है। रणनीतिक विशेषज्ञ इस बात से हैरान है कि बांग्लादेश को किस देश से जमीनी लड़ाई लड़नी है जिसके लिए वह टैंक खरीद रहा है। यह देश तीन तरफ से भारत से और एक तरफ (दक्षिण हिस्सा) बंगाल की खाड़ी से घिरा हुआ है। तुर्की से हथियारों की खरीद की बात शुरु करने के साथ ही युनूस सरकार ने पाकिस्तान से आयातित उत्पादों की खास तौर पर होने वाले परीक्षण की शर्तें हटा दी हैं और पाकिस्तानी पर्यटकों के लिए वीजा के नियम भी आसान कर दिए हैं। यह दोनों कदम भारत के हितों को प्रभावित करने वाले हैं। आज से 15-16 वर्ष पहले बांग्लादेश में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने सबसे बड़ा भारत विरोधी केंद्र शुरू कर दिया था और वहां से पूर्वोत्तर क्षेत्र में आतंकवाद फैलाने का काम हो रहा था।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में बनी नई खेल संस्कृति : सीएम योगी

- गोरखपुर में मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का मुख्यमंत्री योगी ने किया लोकार्पण



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश के अंदर एक नई खेल संस्कृति बनी है। पीएम मोदी ने खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेल स्पर्धा के माध्यम से खेल की नई संस्कृति को आगे बढ़ाया है तो प्रदेश में राज्य सरकार भी खिलाड़ियों और खेल की गतिविधियों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है।

सीएम योगी शुक्रवार को दोपहर बाद महानगर के भाटी विहार कॉलोनी में बने गोरखपुर के पहले मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के क्रम में राज्य सरकार ने ग्रामीण खेल लीग शुरू किया है। युवक मंगल दलों और महिला मंगल दलों के जरिये गांवों में खेलों का माहौल तैयार किया जा रहा है। हर गांव में खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं। ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिला स्तर पर स्टेडियम बनाने के लिए जमीन व धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गोरखपुर में एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम बनाने जा रही है। इसके अलावा कुछ माह में राप्ती नगर क्षेत्र में 33 एकड़ में एक बड़ा स्पोर्ट्स सेंटर भी बनना शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सहजनवा में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण चल रहा है। अन्य क्षेत्रों में भी मिनी स्टेडियम बनाने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाटी विहार के मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का संचालन पीपीपी मोड पर कराया जाएगा। यहां खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण और अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल करियर बनाने का भी बेहतरीन माध्यम है। प्रदेश सरकार ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स, वर्ल्ड चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरी देती है। उन्होंने बताया कि 2022 के टोक्यो ओलंपिक में पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी ललित उपाध्याय को सीधे डिप्टी एसपी बनाया गया है। इस बार की ओलंपिक पदक विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ी राजकुमार पाल को भी सरकार डिप्टी एसपी बनाने जा रही है।

## झगड़ा करने के लिए नहीं सिखाते लाठी चलाना : भागवत



**इंदौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत शुक्रवार को इंदौर पहुंचे। यहां पर उन्होंने मालवा प्रांत के स्वर शतकम कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि संघ कोई काम प्रदर्शन के लिए नहीं करता। संघ काम करता है, इसलिए उसका प्रदर्शन होता है।

मोहन भागवत ने कहा कि संघ के कार्यक्रमों से मनुष्य के सद्गुणों में वृद्धि होती है। हम संघ में दंड और लाठी चलाना सीखाते हैं। यह प्रदर्शन के लिए या झगड़ा करने के लिए नहीं सिखाते, लेकिन अगर कोई प्रसंग आ जाए तो यह काम आती है। लाठी सीखने से मनुष्य में वीरता आती है। वह डरता नहीं है। लोगों से किया संघ से जुड़ने का आह्वान

डॉ. भागवत ने कार्यक्रम को तकरीबन 28 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आनंद मठ उपन्यास का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें लिखा है- ऐ लाठी तुम्हारे दिन लद गए, लेकिन शिक्षित हाथ में आने के बाद तुम कर नहीं पाओ, ऐसा कोई काम नहीं। सरसंघचालक ने संघ से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि लोग संघ में इसलिए नहीं आते कि मुझे कुछ करना है, बल्कि इसलिए आते हैं कि उन्हें राष्ट्र के लिए कुछ करना है। सभी में राष्ट्र निर्माण का भाव जागृत होगा तो एक दिन सारी दुनिया सुख और शांति का युग देखेगी। बता दें कि स्वर शतकम कार्यक्रम इंदौर के दशहरा मैदान में आयोजित किया गया।

## अब किसी भी बैंक से पेंशन निकाल सकेंगे ईपीएफओ के पेंशनधारक

- ईपीएफओ ने देशभर में लागू की केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली




**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने देशभर के पेंशनधारकों को बड़ा तोहफा दिया है। अब वे देश में किसी भी शाखा से अपनी पेंशन की राशि निकाल सकेंगे।

ईपीएफओ ने कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के तहत नई केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) को देशभर में लागू करने का काम पूरा कर लिया है। इसके तहत दिसंबर 2024 के लिए ईपीएफओ के सभी 122 पेंशन वितरण क्षेत्रीय कार्यालयों से संबंधित 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लगभग 1,570 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की गई। केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) का पहला पायलट प्रोजेक्ट अक्तूबर 2024 में करनाल, जम्मू और श्रीनगर क्षेत्रीय कार्यालयों में 49,000 से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लगभग 11 करोड़ रुपये के पेंशन वितरण के साथ सफलतापूर्वक पूरा हुआ था। दूसरा पायलट प्रोजेक्ट नवंबर 2024 में 24 क्षेत्रीय कार्यालयों में लिया गया, जिसमें 9.3 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लगभग 213 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की गई। इसकी घोषणा करते हुए केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा, ईपीएफओ के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) का पूर्ण कार्यान्वयन एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा, यह परिवर्तनकारी पहल के तहत पेंशनभोगी देश में कहीं भी, किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से अपनी पेंशन आसानी से हासिल कर सकेंगे। उन्हें भौतिक सत्यापन के लिए किसी शाखा पर जाने की जरूरत नहीं होगी। केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली के लागू हो जाने के बाद अब पूरे देश में किसी भी शाखा पर बिना पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) के स्थानांतरण के भी पेंशन निकासी संभव होगा। इस व्यवस्था से उन पेंशनधारकों को सबसे अधिक मदद मिलेगी जो रिटायरमेंट के बाद अपने गृह शहर चले जाते है। ईपीएफओ ने कहा है कि वह पेंशनधारकों की सुविधा में सुधार के लिए लगातार काम कर रहा है।

## बाबा रामदेव के भाई और आचार्य बालकृष्ण समेत आठ को कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** पतंजलि आयुर्वेदिक लिमिटेड यूनिट-3 के डिप्टी मैनेजर को बंधक बनाकर मारपीट करने और डरा-धमकाकर संपत्ति हड़पने के मामले में अदालत ने आठ


पतंजलि से जुड़ा है मामला...

लोगों के खिलाफ नोटिस जारी किए हैं। जिनके खिलाफ नोटिस जारी हुए हैं, उसमें बाबा रामदेव के सहयोगी आचार्य बालकृष्ण, बाबा रामदेव के भाई रामभरत भी शामिल हैं। अदालत ने 24 जनवरी सुनवाई की तारीख दी है।

सरसावा थाना क्षेत्र के गांव सौराना निवासी अश्वनी कुमार ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय प्रियंका वर्मा की अदालत में प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि वह पतंजलि आयुर्वेदिक लिमिटेड में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। आरोप था कि कंपनी के अधिकारी काफी समय से गलत कार्यों के लिए दबाव बना रहे थे। अश्वनी कुमार दबाव में नहीं आए। साजिश के तहत सात अक्टूबर 2024 को उनके साथ मारपीट कर मोबाइल छीन लिया और कमरे में बंद कर दिया। कोरे कागजातों पर हस्ताक्षर भी कराए गए। अश्वनी कुमार की मां ने मिलने के लिए संपर्क किया, तो उनके साथ भी अभद्रता की गई।

## बिहार में चक्का जाम



**बीपीएससी अध्यक्ष को बर्खास्त करने की मांग, कारगिल चौक पर किया प्रदर्शन**

**पटना।** पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के समर्थकों ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा को रद्द करने और पटना में प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, औरंगाबाद, कटिहार, पटना समेत बिहार के अलग-अलग जिलों में चक्का जाम किया। यह प्रदर्शन अररिया के रानीगंज, फारबिसगंज और नरपतगंज में युवा शक्ति के कार्यकर्ताओं ने किया। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा रद्द करने, पेपर लीक की उच्च स्तरीय जांच और पटना में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के विरोध में आवाज़ उठाई। पटना में पप्पू यादव समर्थक रोड पर उतरे और रेल का भी चक्का जाम किया। सचिवालय हॉल्ट पर ट्रेनें रोक दी। बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित 70वीं बीपीएससी पीटी परीक्षा को दोबारा कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को पप्पू यादव के समर्थकों ने रेल का चक्का जाम किया। सैंकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस चक्का जाम के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

## शराबियों के उलझने और हवाई फायरिंग किए जाने की घटना के बाद गरमाया हुआ है सियासी माहौल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कस्ता के भाजपा विधायक सौरभ सिंह सोनू के साथ बुधवार रात शराबियों के उलझने और हवाई फायरिंग किए जाने की घटना के बाद सियासी माहौल गरमाया हुआ है। इस मामले की जांच के क्रम में सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी जब विधायक के आवास पर पहुंचे तो वहां मौजूद विधायक के पिता पूर्व सांसद और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जुगल किशोर भड़क गए पूर्व सांसद ने सीओ से कहा कि आप लोग किसी काम के नहीं। मैं मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत दर्ज कराऊंगा। आप लोग यहां रहने लायक नहीं हैं। न तो आप न तो आपका इंस्पेक्टर और न ही एसपी जिले में रहने लायक हैं। जिले की कानून व्यवस्था बिल्कुल बिगड़ चुकी है और पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है। विधायक पर गोली चल गई है। दिनदहाड़े डकैती पड़ रही है सदर कोतवाली के मोहल्ला शिवकॉलोनी में कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू रहते हैं। वह बुधवार रात अपनी पत्नी खुशबू सिंह के साथ अपने आवास के बाहर खाना खाकर टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान दो-तीन युवक उनके घर से कुछ दूरी पर शराब पी रहे थे। विधायक व उनकी पत्नी को देखकर उक्त युवकों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। विधायक ने विरोध किया तो दबंगों ने फायरिंग कर दी।

हालांकि गोली किसी को नहीं लगी विधायक के घर के बाहर फायरिंग की घटना की सूचना पुलिस को मिली तो एएसपी से लेकर इंस्पेक्टर तक उनके आवास की ओर दौड़ पड़े। रात को ही पुलिस ने तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। इसके अलावा पुलिस विधायक आवास के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पड़ोस के लोगों से पूछताछ कर रही है घटना की सूचना मिलने पर जिले के अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों के विधायक एकजुट होकर कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू के आवास पर पहुंचे। सभी विधायकों ने घटना की पुरजोर निंदा की।

## योजनाओं से जुड़कर उधमशीलता की ओर बढ़ाए कदम युवाः जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर शुक्रवार को राजकीय आईटीआई के ओपन ऑडिटोरियम सभागार में पीएम विश्वकर्मा और सीएम युवा उद्यमी अभियान के लक्षित समूहों का संवेदीकरण जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार संग दीप जलाकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। लखनऊ से आए योजना के टीम कोऑर्डिनेटर समाधान समिति से अमित अग्रवाल, अमित सिंहा ने योजना के प्रति मौजूद युवाओं का संवेदीकरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने युवाओं को दोनों स्कीमों की जानकारी देकर इनसे जुड़ने और उधमशीलता की ओर कदम आगे बढ़ने का आह्वाहन किया और उनमें जोश और ऊर्जा भरी। उन्होंने बैठी महिला, पुरुष युवा शक्ति से उद्यमशीलता से संबंधित कई प्रश्न पूछे, सही जवाब पर उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने एंटरप्रेन्योर का अर्थ समझाए। पीएम, सीएम के प्रयासों से देश और प्रदेश



आगे बढ़ रहा है। 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के आठवीं पास और मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल प्रमाण पत्र प्राप्त युवा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सीएम युवा उद्यमी योजना से जुड़कर अपने भविष्य को सवारे।डीएम ने कहा कि इन योजनाओं में जिले को सीमित लक्ष्य मिले हैं। लक्ष्य सीमित होने के चलते पहले आओ-पहले पाओ से योजनाओं का लाभ अर्जित करने में जल्दबाजी दिखाएं। लखीमपुर का युवा अन्य जनपदों की तुलना में काफी सशक्त है, जो बाढ़, सूखा एवं अन्य चुनौतियों का डटकर सामना कर निखर कर सामने आता है। आपके हाथ और कंधे मजबूत हैं। आप बड़े-बड़े सेटअप शुरू करते हुए लोगों को रोजगार देने वाले बने ऐसी शुभकामनाएं है भारतीय युवाओं में जिस मनोविज्ञान का निर्माण हुआ है अथवा किया गया है, उसके केंद्र में नौकरी रही है, उद्यम नहीं जबकि वास्तविक राह उद्यमिता के विकास से ही होकर जाती है। इसलिए आज की जरूरत यह है कि हमारा युवा वर्ग एक सफल उद्यमी बनने का मनोविज्ञान विकसित करे या स्वप्न देखे ताकि वे स्वयं रोजगार तलाश न करें, बल्कि रोजगार देने में सक्षम बन सकें। इसके लिए सीएम युवा उद्यमी योजना एक अवसर है सीडीओ अभिषेक कुमार ने युवाओं से कहा कि वह ट्रेनिंग लेकर घर मत बैठे बल्कि सरकार की फ्लैगशिप स्कीमो से जुड़कर लोन से रोजगार शुरू करें और अपने भविष्य को सवारे। उन्होंने सीएम युवा उद्यमी योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना के फायदे बताएं। उन्होंने कहा कि युवाओं को उधमशीलता से जोड़ने के उद्देश्य से डीएम की पहल पर आज बड़े स्तर पर उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम में एलडीएम अजय कुमार पांडे, प्रधानाचार्य आईटीआई, जीआईसी, जिले के सभी बैंकों के जिला समन्वयक, जिला सेवायोजन अधिकारी उपायुक्त उद्योग, योजना के टीम कोऑर्डिनेटर समाधान समिति से अमित अग्रवाल, अमित सिंहा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न कौशल विधाओं में ट्रेनिंग प्राप्त युवा मौजूद रहे तहसील गोला, ब्लॉक बिजुआ के ग्राम पिपरा खुर्द के निवासी 36 वर्षीय सर्वेश कुमार शर्मा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम के जिले के पहले लाभार्थी बने, जिन्हें आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा रायपुर ने महज 02 दिन के भीतर योजना के अंतर्गत 5 लाख का ऋण की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की। सर्वेश बताते हैं कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत फर्नीचर बढ़ई कारीगरी का प्रशिक्षण और प्रमाण पत्र हासिल करते हुए अपना रोजगार शुरू किया।

## सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों एवं सावधानियों के बारे में जानकारी देकर छात्र छात्राओं को किया जागरूक



**लखीमपुर-खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार एवं परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में युवराज दत्त महाविद्यालय में आज दिनांक 03 जनवरी 2025 को प्राचार्य प्रो0 हेमंत पाल के दिशानिर्देशन में चीफ प्रॉक्टर प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों एवं सावधानियों के बारे में जानकारी देकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया। महाविद्यालय में इस समय विश्वविद्यालयीय परीक्षाएं चल रही है जिसके चलते बड़ी संख्या में छात्र छात्रायें महाविद्यालय में परीक्षा देने आ रहे हैं। ऐसे में प्रो0 सुभाष चंद्रा ने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय को ध्यान में रखते हुए परीक्षा देने आए सभी विद्यार्थियों को को सुरक्षित यातायात के लिए दोपहिया और चार पहिया वाहनों के चलाते समय ध्यान देने वाली सावधानियां जैसे हेलमेट सीट बेल्ट के साथ साथ सड़क यातायात के सूचनात्मक, आदेशात्मक एवं चेतावनी चिन्हों के बारे में विस्तार से बताया। इसीक्रम में विधार्थियो को सड़क दुर्घटना की स्थिति में तत्कालिक प्राथमिक उपचार व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। प्रो0 सुभाष चंद्रा ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई और छात्र छात्राओं से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों और सावधानियों के बारे में सगे संबंधियों व जनमानस को जानकारी देकर जागरूक करें। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 हेमंत पाल ने परीक्षार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन कर हम सब अपने परिजनों के साथ साथ समाज के लोगों के जीवन को सुरक्षित कर सकते हैं।

## जन चेतना मिशन के गोविंदर सिंह पुनः अध्यक्ष बने




*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। जन चेतना मिशन के तत्वावधान में आयोजित अधिष्ठापन समारोह में नयी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए गोविंदर सिंह को पुनः अध्यक्ष चुना गया। जिनका सभी संस्था पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित अधिष्ठापन समारोह में संस्था के संस्थापक गुलशन नागपाल ने अध्यक्ष गोविंदर सिंह की कार्यशैली को देखते हुए सरदार गोविंदर सिंह को पुनः अध्यक्ष बनाए जाने के लिए नाम प्रस्तावित किया। जिसका अनुमोदन सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों ने जोरदार कर तल ध्वनि से किया। अगले दो वर्षों के लिए पुनः निर्विरोध अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित सरदार गोविंदर सिंह की कार्यकारिणी में सतेंद्र आहूजा चेयरमैन, शिशिर वत्स महासचिव, नरेश कुमार व विकास खरबंदा उपाध्यक्ष, राजीव सैनी सचिव, केएल गुप्ता संयोजक, राजीव धारिया को कोषाध्यक्ष के रूप में शामिल किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए गुलशन नागपाल ने आशा जतायी कि सभी नये पदाधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर संस्थापक सदस्यों के रूप में वीरेंद्र भारती और देवेंद्र जुनेजा का भी माल्यार्पण और अंग वस्त्र भेंट कर अध्यक्ष गोविंदर सिंह द्वारा स्वागत किया गया।

जनचेतना मिशन के महिला विंग, महिला जागृति की नई अध्यक्षा के रूप में श्रीमति रंजना जुनेजा को अगले दो वर्षों के लिए निर्विरोध चुना गया। कार्यक्रम में सदस्यों ने गीत, गजल, तमोला व मनोरंजक प्रस्तुतियों से सभी की जमकर दाद बटोरी। कार्यक्रम में प्रमोद अरोरा, दर्शन नागपाल, प्रमोद सेठ, नीरज सेठ, रमित चुग, गौरव भसीन, वीरेंद्र भारती, देवेंद्र जुनेजा, मोहित खुराना, राजीव, शिशिर वत्स, केएल गुप्ता, राजीव सैनी, राजीव धारिया, सतेंद्र आहूजा, नरेश कुमार, विकास खरबंदा, राजेश मेहता, मनीष खरबंदा, रोहित ढींगरा आदि उपस्थित रहे।

## छुट्टा पशु ने युवक पर हमला कर किया घायल उपचार के दौरान युवक की हुई मौत

**लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के ढखौरा गांव में रात छुट्टा पशु ने युवक पर हमला कर घायल कर दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। उपचार के दौरान सीतापुर जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि युवक छुट्टा पशु को रोटी खिलाने घर से निकला था ढखौरा गांव निवासी साधु सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र छविराज सिंह उर्फ सेठ रात घर में बने भोजन से निकाला गया अग्राशन गाय को खिलाने के लिए घर से बाहर निकले थे। गाय को अग्राशन खिलाते समय घर के पास ही छुट्टा गोवंशीय पशु ने साधु सिंह पर हमला कर दिया आस-पड़ोस मौजूद लोगों ने छुट्टा पशु को भगाया। लेकिन उसके हमले में साधु सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल साधु सिंह को परिजन उपचार के लिए लेकर सीतापुर जिला अस्पताल पहुंचे।

## समय पर आयकर कटौती नहीं किया तो डीडीओ को अर्थदंड

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राज्य सरकार के समस्त विभागों में आयकर कटौती को लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयकर विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट में कार्यशाला का आयोजन हुआ। बैठक में आयकर अधिकारी टीडीएस, सीतापुर सचिन कुमार ने संबोधित किया। इस कार्यशाला में जनपद लखीमपुर खीरी के समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारी एवं अन्य सम्बद्ध अधिकारी उपस्थित रहे।इस संगोष्ठी के दौरान आयकर अधिकारी टीडीएस सीतापुर सचिन कुमार ने टीडीएस के प्रावधानों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर के कुछ सरकारी विभागों द्वारा भुगतान करते समय स्रोत पर आयकर कटौती समय से नही की जा रही है। इसके अलावा यह भी देखने में आया है कि कुछ विभागों के द्वारा टीडीएस की कटौती तो की जाती है परन्तु टीडीएस का स्टेटमेंट समय से नहीं फाइल किया जाता है। उन्होने बताया



कि कटौती की गयी राशि यदि बुक एंट्री के माध्यम से जमा करनी है तो उसी दिन और यदि चालान के माध्यम से जमा करनी है तो अगले महीने की 07 तारीख तक उचित चालान द्वारा आयकर विभाग के खाते में जमा हो जाना चाहिए, यदि राशि 07 तारीख के बाद जमा होती है तो ब्याज देयता बन जाती है। प्रत्येक तिमाही के अंत में, उसके अगले महीने की आखिरी तारीख तक टीडीएस का रिटर्न कटौतीकर्ता को कटौतियों का विवरण देते हुए ई-फाइलिंग द्वारा जमा करना होता है। ऐसा न करने की दशा में आयकर अधिनियम कि धारा 201 के तहत कटौतीकर्ता के विरुद्ध जुर्माना व ब्याज देयता बनती है तथा धारा 234E के तहत 200 रुपये प्रति दिन के हिसाब से लेट फाइलिंग फीस, की देयता बनती है जब तक कि टीडीएस रिटर्न फाइल नहीं हो जाता तथा यह भी बताया कि कटौतीकर्ता को कर्मचारियों के पैन के सक्रिय होने के स्टेटस के बारे में भी पता करना चाहिए, अतः पैन निष्क्रिय होने की दश में टीडीएस काटने की देयता 20 प्रतिशत पर होती है। सभी डीडीओ से अपील की कि वे आयकर अधिनियम के कर कटौती संबंधी कायदे-कानून के तहत कार्य करते हुए भारत सरकार के राजस्व संग्रह में सहयोग करें। संगोष्ठी के अंत में आयकर अधिकरी ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आयकर अधिनियमों का अनुपालन करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है इसमें किसी भी लापरवाही होने पर जुर्माना/ब्याज के साथ-साथ अभियोजन की कार्यवाही भी की जा सकती है। इस कार्यशाला में आयकर अधिकारी टीडीएस सचिन कुमार के अतिरिक्त विक्रम सिंह मीना, आयकर निरीक्षक शिवा गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक एवं ऋषभ कुमार सिंह, MTS भी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर प्रोपर्टी डीलर की गोली मारकर निर्मम हत्या

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी क्षोन्तर्गत पुरानी सब्जी मंडी में बीती रात दो हमलावरों ने घर में घुसकर प्रोपर्टी डीलर पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए परिजनों से घटना के बारे मे जानकारी ली।

मिली जानकारी के अनुसार पुरानी सब्जी मंडी निवासी 40 वर्षीय सुरेश कुमार पुत्र प्रेम सिंह हरियाणा में प्रोपर्टी डीलर का काम करता था। वीरवार की रात लगभग साढ़े 8 बजे वह खाना खा कर अपने कमरे में लेटा हुआ था। बगल वाले कमरे में उसकी पत्नी थी और 17 वर्षीय बेटा यश अपने पापा के कमरे में बैठा हुआ था। बताया जाता है कि इसी दौरान दो हथियारबंद युवक पैदल ही घर में घुस गए और बिस्तर पर लेटे सुरेश पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोलियों की आवाज सुनकर पत्नी दौड़ कर कमरे में पहुंची, तो सुरेश लहुलूहान हालात में बिस्तर पर पड़ा हुआ था। पत्नी और बेटे ने शोर मचाया, तो पड़ोसी भी आ गए। उन्होंने हमलावरों का पीछा भी किया, लेकिन वह पैदल ही देहरादून रोड की तरफ से भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस सुरेश को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सुरेश के 2 बच्चे हैं। मृतक की पत्नी अर्चना राणा ने अपने 2 सगे भाइयों कुणाल व दिग्विजय सिंह पुत्र अनिल राणा निवासी गागलहेड़ी व एक अन्य व्यक्ति प्रमोद उर्फ रामकरण राणा पुत्र तरसैम सिंह निवासी कस्बा व थाना राजौंद थाना कैथल हरियाणा विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पत्नी का कहना है कि आरोपी उससे ईर्ष्या रखते थे और उसकी उनसे काफी समय से अनबन चल रही थी। उन्होंने ही उसके पति की हत्या करवाई है। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक का कहना है कि घटनास्थल से कुछ खोखे मिले हैं और मामले की कई बिंदुओं पर जांच चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हर्षोल्लास से मनाया रोटरी क्लब सहारनपुर हार्मनी ने नववर्ष

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** रोटरी क्लब सहारनपुर हार्मनी के तत्वावधान में नववर्ष पर एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जो सभी के लिए मनोरंजन और आनंद का एक यादगार अवसर रहा।

जीपीओ रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष अनिल भारद्वाज ने सभी को नववर्ष की बधाई दी और नए साल में समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों ने अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। रोटेरियन मोहन बंसल, रोटेरियन डॉ.प्रवीन शर्मा, अनिल भारद्वाज, राकेश मेहता, विनीत चौहान, संगीता सिंघल, पूनम भारद्वाज और नवीन सिंघल की गायन प्रस्तुतियों को श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम में आयोजित खेल और अन्य मनोरंजक गतिविधियों ने सभी को आनंदित किया। आयोजन के संयोजक रोटेरियन मीनू मित्तल और नीना सप्रा ने अपने उत्कृष्ट प्रबंधन से कार्यक्रम को सफल बनाया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अनिल भारद्वाज ने आयोजन के लिए सभी को सहयोग और स्वतंत्रता प्रदान की, जिसके लिए सभी ने उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम रोटेरियन्स और उनके परिवारों की उपस्थिति के कारण एक यादगार उत्सव बन गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अनिल पूनम भारद्वाज, रो.राकेश सपरा, नीना सपरा, संजय मंजुल श्रीवास्तव, चार्टर अध्यक्ष संदीप गर्ग, मोहन बंसल, राकेश ज्योति मेहता, चंद्र संगीता मित्तल, दीपक निशा माहेश्वरी, लोकेश चौहान, जितेश नागपाल, सुभाष शारदा सपरा, नवीन संगीता सिंघल, सुनील राधिका छाबड़ा, प्रमुख उद्यमी अशोक नीलम बजाज, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ प्रवीण शर्मा, आलोक मीनू मित्तल, प्रसिद्ध आर्किटेक्ट मनमीत पूजा बजाज, अमित सेठी आदि उपस्थित रहे।

## प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होंगी ग्राम चौपाल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने शासन के उच्च निर्देशों के क्रम में विकास खण्ड की 03 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल आयोजित किये जाने संबंधी निर्देश दिये।


मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने कहा कि ग्राम चौपाल प्रातः 11 बजे से समाप्ति तक आयोजित की जायेगी, जिसमें जन सामान्य की शिकायतों का मौके पर निस्तारण करते हुए ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। यदि किसी योजना के बारे में कोई व्यवहारिक कठिनाई आती है तो उस कठिनाई को भी निस्तारित किया जायेगा। सुमित राजेश महाजन ने खण्ड विकास अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा आगामी माहों में आयोजित किये जाने वाले ग्राम चौपालों का रोस्टर जारी किया तथा ग्राम चौपाल के निर्धारित तिथि से पूर्व उस ग्राम पंचायत में स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान जन सहयोग से चलाने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि ग्राम चौपाल में जन प्रतिनिधियों को खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा आमंत्रित किया जाए। इसमें मनरेगा का मजदूरी भुगतान, समूहों की गतिविधियां, विद्युत सखी, लखपति महिलाएं, टीएचआर प्लान्ट, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, टीकाकरण, राशन वितरण, गौआश्रय स्थल, आंगनबाडी, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, एएनएम सेन्टर, कल्याणकारी पेंशन एवं छात्रवृत्तियों का सत्यापन किया जायेगा।

उन्होने कहा कि इसमें आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, कृषि रक्षा से जुडे विषय, प्राकृतिक एंव ऑर्गेनिक खेती, हर घर नल से जल तथा सुशासन जैसे विषयों पर अनिवार्य रूप से चर्चा की जायेगी। प्रत्येक ग्राम चौपाल में संबंधित ग्राम के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक भी उपस्थित रहेंगे तथा चकमार्ग, सार्वजनिक भूमि, आदि की पौमाईश का कार्य भी चौपाल दिवस में कराया जाएगा। इसमें सभी विभागों के संबंधित ग्राम स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। ग्राम पंचायतों को आदर्श ग्राम पंचायत बनने के लिए प्रेरित किया जाए। उक्त ग्राम चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी ग्राम से बाहर रहने वाले व्यक्तियों का विवरण, स्वतंत्रता सेनानी, स्टेट एवं नेशनल लेवल के खिलाडी से युक्त एक बुकलेट तैयार करें। सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी यहां उठाई गयी समस्याओं एवं उसके निस्तारण की प्रविष्टि से संबंधित एक रजिस्टर तैयार करेंगे। चौपाल के एक माह बाद उसी ग्राम में शनिवार को तहसील एवं समाधान दिवस को छोडकर समस्या का फीडबैक प्राप्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को इससे अवगत कराया जायेगा। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा ही चौपाल से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करवाया जायेगा तथा प्रत्येक चौपाल एक डिजिटल डायरी तैयार की जायेगी जिसमें कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स भी सम्मिलित होंगे। इसको जनपद स्तर पर संरक्षित रखा जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के सभी विकासखण्डों में आयोजित किये जाने वाले ग्राम चौपाल स्थलों एवं नामित अधिकारियों की ड्यूटी का 04 अक्टूबर, 11 अक्टूबर, 18 अक्टूबर, 25 अक्टूबर, 01 नवम्बर, 08 नवम्बर, 15 नवम्बर, 22 नवम्बर, 29 नवम्बर, 06 दिसम्बर, 13 दिसम्बर, 20 दिसम्बर, 27 दिसम्बर का रोस्टर जारी किया।

## बस कंडक्टर की मनमानी से यात्री परेशान, कंडक्टर रहता है स्टाफ पर मेहरबान

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** एक ओर जहां सूबे की योगी सरकार यात्रियों की यात्रा सुगम व मंगलमय बनाने के लिए कड़े



कदम उठाती रहती हैं तो वही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कुछ कर्मचारी सरकार की मंशा पर पानी फेरते नजर आते हैं। ऐसा ही एक मामला लंबे समय से सहारनपुर डिपो की एसी जनरथ बस सख्या यूपी78 एफटी 6505 से सामने आ रहा है। जिसमें कंडक्टर विपिन कुमार की मनमानी और दबंगई से यात्री परेशान हो रहे हैं। सिर्फ परेशान ही नहीं बल्कि विपिन कुमार के कारण उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को राजस्व में भी घाटा उठाना पड़ रहा होगा। दरअसल आगरा से सहारनपुर जाते वक्त इस बस के कंडक्टर विपिन कुमार द्वारा बस में यात्रियों की जगह कई स्टाफ को सीट दी जाती हैं जिस कारण आए दिन यात्रियों को एसी जनरथ बस सख्या यूपी78 एफटी 6505 में खड़े होकर यात्रा करनी पड़ती हैं। जबकि एसी जनरथ पिंक एवं वोल्वो वाहनों में परिवहन स्टाफ मान्य नहीं है।

जानकारी अनुसार सहारनपुर एआरएम को कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है परंतु आज तक कंडक्टर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिस कारण विपिन कुमार के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि कोई यात्री अगर इसका विरोध या शिकायत करने की बात कहता है तो कंडक्टर विपिन कुमार का कहना होता है कि जिसको जो करना है करले मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। वही ज्यादा बहस करने पर सवारी को बस से नीचे उतारने की धमकी देता है। आज कल यात्रियों की बस से यात्रा करने में पहली पसंद एसी जनरथ बसे रहती हैं परंतु इस कंडक्टर की मनमानी के चलते कई यात्री एक बार आने के बाद इस बस से सफर करना पसंद नहीं करते। तो वही सीट न होने पर यात्री बस में सवार नहीं होते। जिस कारण परिवहन निगम को राजस्व में घाटा उठाना पड़ रहा है।

## एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी ने आठ विकेट जीता मैच, फाइनल में किया प्रवेश



*अवधनामा संवाददाता*


**सहारनपुर।** सेठ घनश्याम दास मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमि फाइनल मैच में एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी ने करनाल की नारवाल क्रिकेट एकेडमी को आठ विकेट से हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। शानदार बैटिंग करने वाले शोएब को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

शुक्रवार को सेठ घनश्याम दास गुप्ता चेरिटेबल ट्रस्ट ओर एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा भूतेश्वर इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित सेठ घनश्याम दास गुप्ता मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरा सेमी फइनल मैच एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी और नारवाल क्रिकेट एकेडमी (करनाल) के बीच खेला गया। एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नारवाल क्रिकेट एकेडमी की टीम 15.5 ओवर में 112 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। करनाल की टीम की ओर से परीक्षित ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी टीम ए की ओर से अभिषेक ने 3 व आज़म ओर हिमांशु ने 2-2 विकेट लिए। 20 ओवर में 113 रनों का पीछा करने उतरी एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी ने 12.4 ओवर में 2 विकेट 114 रन बनाते हुए 8 विकेट से मैच जीत लिया। एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी की ओर से शोएब ने नाबाद 50 रन ओर दीपक ने 28 रनों का योगदान दिया। साहिल ओर अरमान ने 1-1 विकेट लिया। मैन ऑफद मैच शोएब को चुना गया।

## आगरा में इस मौसम का सबसे घना कोहरा देखने को मिला, कोहरे के आगोश में डूबी आगरा की सुबह

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** सर्दी का सितम बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार की सुबह घने कोहरे की वजह से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित रही। हाड़ कंपा देने वाली ठंड का असर बाजारों से लेकर सरकारी दफ्तरों में भी देखा गया। सरकारी दफ्तरों पर पहुंचने वाले फरियादियों की संख्या भी पहले के मुकाबले कम हो गई। पिछले एक सप्ताह से शहर में शीतलहर का प्रकोप चला आ रहा है। हालांकि स्कूलों और माध्यमिक विद्यालयों समेत सभी बोर्डों के स्कूलों में शीतकालीन अवकाश होने की वजह से स्कूली बच्चों को पहले ही राहत मिली हुई है। रोजाना के कामों से घरों से बाहर निकलने वाले लोगों को शीतलहर में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार की सुबह घने



कोहरे की वजह से दृश्यता लगभग शून्य थी लेकिन 11 बजे के बाद धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली। दृश्यता लगभग शून्य होने से वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे थे। हाईवे और शहर से जुड़े दोनों एक्सप्रेस वे पर भी वाहनों की गति बहुत धीमी थी। वाहनों की हेडलाइट्स जली हुई थीं और इंडीकेटर से पीछे से आते वाहनों को सचेत किया जा रहा था। सुबह मानों शहर की रफ्तार थम सी गई थी पर लगभग 11 बजे बाद जैसी ही कोहरा हटना शुरु हुआ वैसे ही सड़को पर वाहनों का चलना शुरु हो गया। वहीं दूर-दूर से मोहब्बत की नगरी में ताज महल का दीदार करने पहुंचे पर्यटकों को भी काफी निराशा का सामना करना पड़ा। आगरा में घने कोहरे की वजह से ताजमहल भी साफ नहीं दिखाई दिया। ताजमहल को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे वो कोहरे की धुंध में कही गायब हो गया। सुबह महताब बाग पहुंचे पर्यटकों को ताजमहल दिखाई नहीं दिया। वही मौसम विभाग के मुताबिक आगरा में अगले दो दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। सुबह और शाम के समय घना कोहरा देखने को मिलेगा। 6 जनवरी के आसपास एक बार फिर से बादल छाने की संभावना है। एक या दो जगह हल्की बारिश का बौछारें देखने को मिल सकती है।

# राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** ग्राम्य विकास राज्य मंत्री श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम ने शुक्रवार को सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए। उन्होंने डुमोलिया, मधवापुर हरिजन बस्ती, मझौली दलित बस्ती, हरैया वार्ड और भरौली में कंबल बांटे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योगी सरकार समाज के हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है और विशेष रूप से गरीब व जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीमती गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

बढ़ती ठंड के दृष्टिगत मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में गरीबों को राहत पहुंचाई जा रही है। जरूरतमंद लोगों में कंबल का वितरण किया जा रहा है। सरकार ने पर्याप्त संख्या में रैन बसेरों की व्यवस्था की है और प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। राज्य मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में खुले आसमान के नीचे न सोए। यदि कोई व्यक्ति सड़कों या अन्य स्थानों पर ठंड में सोता हुआ दिखे, तो उसे तत्काल निकटतम रैन बसेरे में पहुंचाया जाए। उन्होंने प्रशासन से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हों और उनकी नियमित निगरानी की जाए। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। लोगों ने सरकार और मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की मदद से ठंड में उन्हें राहत मिल रही है। श्रीमती गौतम ने कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता समाज के सभी वर्गों तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है। सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिले। इस दौरान स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे और मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** 03.01.2025 को डा वीके सिंह, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा समिति को बताया गया कि माह दिसम्बर 2024 में 36 सड़क दुर्घटनाओं में 23 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि माह दिसम्बर 2023 में 39 सड़क दुर्घटनाओं में 13 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। वर्ष 2024 में 390 सड़क दुर्घटनाओं में 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि वर्ष 2023 में 401 सड़क दुर्घटनाओं में 197 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। दिसम्बर माह में सड़क दुर्घटना में मृतको की संख्या में बढ़त को देखते हुये सभी सम्बन्धित विभागो को सुरक्षात्मक दृष्टि से तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये साथ ही सड़क दुर्घटना के कारणों का दुर्घटना स्थल का संयुक्त निरीक्षण कर विश्लेषण करने के निर्देश सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, एन0एच0ए0आई0 के रोड सेफ्टी एक्सपर्ट एवं क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक को दिये गये। शुकरूल्लापुर ओवरब्रिज पर गठित जांच समिति द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित सुझाये गये उपायों को अभी तक न किये जाने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा तथा उप परियोजना प्रबन्धक द्वारा ठेकेदार को केवल पत्र जारी कर अपने दायित्वों से इतिश्री कर लेने को गम्भीरता से लिया गया। सेतु निगम के प्रतिनिधि को चेतावनी दी गयी कि 15 दिवस के अन्दर कार्य पूर्ण करें, अन्यथा कि स्थिति में दुर्घटना होने पर सेतु निगम के सम्बन्धित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगें। इटावा-बरेली मार्ग पर पांचाल घाट पुल पार करते ही मार्ग पर एन0एच0 द्वारा मार्ग खोद दिया गया है उसको तत्काल भरवाने तथा दिनांक 13.01.2025 से प्रारम्भ होने वाले रामनगरिया मेले के दृष्टिगत पांचाल घाट सेतु को दिनांक 09.01.2025 तक मरम्मत करते हुये मोटरेबल बनाने के निर्देश जिलाधिकारी महोदय द्वारा एनएचएआई के अधिकारियों को दिये गये। जिला जेल चौराहे से पुलिस लाइन होते हुये फतेहगढ़ चौराहे तक मार्ग के सौन्दर्यीकरण करने, मार्ग पर पेड़ों की छंटाई, रंगाई-पुताई एवं चिन्हांकन करने एवं मार्ग पर कैट्स आई लगाने व रोड मार्किंग करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका को दिये गये।

## शीतलहर में भी प्राइवेट स्कूल हो रहे हैं संचालित



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कानपुर रोड़ याकूतगंज स्थित डॉ बीपी अग्रवाल शिक्षा निकेतन स्कूल शीतलहर में भी संचालित हो रहा है स्कूली बच्चों का वीडियो वायरल हो रहा है वायरल वीडियो में छोटे बच्चे शीत लहर के चलते सुबह स्कूल जाते हुए दिख रहे हैं स्कूली बच्चों के गार्जियन ने बताया कि भीषण सर्दी में स्कूल प्रबंधक से शासन के निर्देश को लेकर जब बात की तो उन्होंने स्कूल अपनी मर्जी से चलाने को कहा स्कूल प्रबंधक ने शासन के निर्देशों को ना मानकर अपने मनमानी तरीके से स्कूल संचालित करने शासन प्रशासन को खुली चुनौती दे डाली जिला प्रशासन पूरे मामले से अनजान बना हुआ है स्कूल की वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों की नींद खुली।

## विहिप की शिकायत पर हटाया गया अनाधिकृत कब्जा

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** तहसील परिसर में स्थित एक धार्मिक स्थल का चबूतरा बढ़ाए जाने और बाउंड्रीवाल बनाए जाने की कोशिश होती देख विश्व हिंदू परिषद ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अनाधिकृत कब्जा हटवाने की मांग की। शिकायती पत्र देने के कुछ ही समय बाद ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर पहुंचे पालिका कर्मचारी मौके से सामान भर कर ले गए। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष साकेत शांडिल्य की अगुवाई में शिशिर प्रताप सिंह, सुमित अग्रवाल, अमित मोदी, अर्जुन वैद, आदर्श कुशवाहा, अंश यादव, संदीप कश्यप, हर्ष कुशवाहा आदि ने एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि तहसील परिसर में पार्किंग स्थल के बगल में स्थित एक धार्मिक स्थल का अनाधिकृत रूप से चबूतरा बढ़ाने और बाउंड्रीवाल बनाने की कोशिश की जा रही है। मामले की शिकायत नगर पालिका में भी की लेकिन अनाधिकृत कब्जे पर रोक नहीं लगाई गई। विहिप कार्यकर्ताओं ने मामले में एसडीएम से कार्रवाई किए जाने की मांग की जिस पर एसडीएम द्वारा कोतवाली पुलिस व नगर पालिका प्रशासन को कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इसके कुछ देर बाद ही ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर मौके पर पहुंचे नगर पालिका कर्मचारी सामान भरकर साथ ले गए।

## जिलाधिकारी ने लोनिवि को लिखा पत्र

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने प्रमुख अभियन्ता, विकास एवं विभागाध्यक्ष लो0नि0वि0, लखनऊ को एक पत्र भेजकर जनपद जालौन के ग्राम सलैया के समीप पहुँज नदी द्वारा तटबन्ध की कटान की मरम्मत के संबंध में कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। जिलाधिकारी जालौन ने प्रमुख अभियन्ता, विकास एवं विभागाध्यक्ष लोनिवि लखनऊ को पत्र में बताया गया है कि अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण पहुँज नदी की धारा का रुख बदल गया, जिससे कैलिया-सलैया मार्ग का कटान हो गया और यातायात पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। ग्राम सलैया मध्य प्रदेश की अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित है, और इस मार्ग का पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, तटबन्ध की मरम्मत के बिना इस क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण की स्थिति गंभीर हो सकती है। वर्तमान में कैलिया सलैया मार्ग पर चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा है। अधिशासी अभियन्ता, बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम उरई ने तटबन्ध की मरम्मत के लिए 342.64 लाख रुपये के अनुमानित व्यय हेतु आवेदन भेजा है। जिलाधिकारी ने यह भी अनुरोध किया है कि तटबन्ध की मरम्मत कार्य के लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति शीघ्र जारी की जाए, ताकि इस महत्वपूर्ण मार्ग की मरम्मत का कार्य समय पर पूरा हो सके और क्षेत्रीय लोगों को बाढ़ से बचाव की सुरक्षा मिल सके।

# जनता की समस्याओं पर तत्काल हो कार्रवाई : सीएम

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** शुक्रवार को कड़ाके की ठंड के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नए साल के पहले जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शुक्रवार सुबह दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है।

## बगैर नक्शा पास कराए निर्मित अवैध कालोनियां होगी ध्वस्त

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** उरई विकास प्राधिकरण की बैठक में निर्णय लिया गया है कि नगर सीमा में भवन निर्माण का नक्शा पास कराए बिना निर्मित कालोनियों को अवैध घोषित कर शीघ्र ध्वस्त किया जाएगा। जिलाधिकारी/ उरई विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में उरई विकास प्राधिकरण सभागार में मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानचित्र स्वीकृति से पूर्व विभिन्न विभागों जैसे लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद, तहसील सदर, अग्नि शमन विभाग, प्रदूषण विभाग, और सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्राप्त करना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में आवेदकों को समय की भारी कमी का सामना करना पड़ता है, जिससे मानचित्र आवेदन में देरी होती है।जिलाधिकारी ने आवेदकों को निर्देशित किया कि वे अपने मानचित्र पत्रावली और भू-स्वामित्व के अभिलेख के साथ तीन प्रतियों में इसे प्राधिकरण कार्यालय में जमा करें। इसके बाद प्राधिकरण द्वारा ऑन-लाइन/ई-ऑफिस के माध्यम से विभिन्न विभागों को अनापत्ति प्राप्ति के लिए 15 दिन का समय दिया जाएगा। यदि किसी विभाग से निर्धारित समय में उत्तर नहीं मिलता, तो उसे अनापत्ति मानते हुए मानचित्र का निस्तारण किया जाएगा।जिलाधिकारी ने उरई विकास क्षेत्र के तहत महायोजना 2031 के प्रावधानों को लेकर सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास अधिनियम 1973 के तहत किसी भी प्रकार के निर्माण या विकास कार्य से पहले प्राधिकरण से नियमानुसार मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। इसके बावजूद, कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध रूप से प्लाटिंग कर कॉलोनियां बनाई जा रही हैं, जो महायोजना के मानकों का उल्लंघन करती हैं।

## डीएम ने आरआरसी सेंटर का किया निरीक्षण

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा शुक्रवार को विकासखण्ड जवां की ग्राम पंचायत छेरत सुड़ियाल का स्थलीय भ्रमण कर आरआरसी सेंटर का निरीक्षण करने के साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सेंटर में कार्यरत सफाईकर्मियों से कूड़ा पृथ्थकरण एवं उसके बाजार में विक्रय संबंधी जानकारी की। उन्होंने पंचायत सेक्रेटरी एवं ग्राम प्रधान को आरआरसी सेंटर में दो अतिरिक्त सफाई कर्मियों की भी तैनाती करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पाया कि ग्राम में अब तक स्वच्छता शुल्क के रूप में लगभग 70 हजार रूपये की धनराशि एकत्र हुई है। एक कूड़ा संग्रहण वाहन के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 205 घरों से कूड़ा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं पंचायत सेक्रेटरी को निर्देशित किया कि जमा धनराशि से एक और कूड़ा संग्रहण वाहन क्रय कर लिया जाए ताकि और अधिक परिवारों से कूड़ा संग्रहण किया जा सके। उन्होंने कहा के ग्राम पंचायत नगर निगम सीमा से सटी हुई है ऐसे में कचरे के निस्तारण के लिए नगर निगम से समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने आरआरसी सेंटर को और अधिक प्रभावशाली बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि आरआरसी सेंटर को नियमित क्रियाशील रखा जाए ताकि ग्राम में दृश्यमान स्वच्छता स्थापित हो सके।

# न्यायालय की अवहेलना करने वाले वारंटियों पर चला काकोरी पुलिस का हंटर



अवधनामा संवाददाता

**काकोरी लखनऊ।** थाना क्षेत्र काकोरी में न्यायालय के आदेशों का पालन न करने वाले वारंटियों पर काकोरी पुलिस का हंटर चला। नौ वारंटियों को काकोरी पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय अभिरक्षा में भेजा गया। पूर्व में लिखे गए मुकदमों में अभियुक्तों द्वारा लंबे समय से न्यायालय में प्रस्तुत न होने वाले अभीयुक्त गोपाल पुत्र नत्था निवासी ग्राम कलियाखेड़ा थाना काकोरी जनपद लखनऊ उम्र करीब 28 वर्ष, अंकित पुत्र चेतराम निवासी ग्राम मोहद्दीनपुर थाना काकोरी जनपद लखनऊ उम्र करीब 26 वर्ष, नमकीना उर्फ श्यामू नाई पुत्र बदलू निवासी ग्राम दशदोई थाना काकोरी लखनऊ उम्र करीब 40 वर्ष, नन्हके यादव पुत्र गजराज यादव निवासी ग्राम दशदोई थाना काकोरी जनपद लखनऊ उम्र करीब 28 वर्ष, बृजेश यादव पुत्र ईश्वरदीन निवासी ग्राम दशदोई थाना काकोरी जनपद लखनऊ उम्र करीब 35 वर्ष, मनोज पुत्र रज्जनलाल निवासी इमामबाग काकोरी लखनऊ उम्र करीब 30 वर्ष, प्रदीप पुत्र भगवान निवासी कलियाखेड़ा काकोरी लखनऊ उम्र करीब 26 वर्ष, शिवराज सिंह पुत्र शीतल यादव निवासी टाडखेडा थाना दुबग्गा जनपद लखनऊ उम्र करीब 55 वर्ष, सूरज पाल यादव पुत्र छोटेलाल निवासी जलियामऊ थाना काकोरी लखनऊ उम्र करीब 54 वर्ष को काकोरी पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। वारंटी को गिरफ्तार करने वाली काकोरी पुलिस की टीम में प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद, उप निरीक्षक राजबहादुर सिंह, उप निरीक्षक सुधीर कुमार, उप निरीक्षक अंकित यादव, उप निरीक्षक मनीष कुमार, उप निरीक्षक राजकुमार, उप निरीक्षक उस्मान खान, हेड कांस्टेबल अनिल उत्तम, हेड कांस्टेबल अरविंद सोनकर, कांस्टेबल अजय कुमार कांस्टेबल सौरभ मिश्रा ने अहम भूमिका निभाई।

# महाकवि नीरज संग्रहालय का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़ के प्रांगण में 3 जनवरी 2025 को महाकवि पद्मभूषण डॉ. गोपाल दास नीरज के सौवें जन्मदिवस के सुअवसर पर उनकी स्मृति में स्थापित महाकवि नीरज संग्रहालय का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ठाकुर जयवीर सिंह, विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश शासन, विधायक अनिल पाराशर, अलीगढ़ नगरनिगम के महापौर प्रशांत सिंघल द्वारा महाकवि नीरज संग्रहालय का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के रमेशचंद्र अग्रवाल भगत जी सभागार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिलब्ध कवियों ने अपनी कविताओं से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ठाकुर जयवीर सिंह, विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश शासन, विजय अग्रवाल सोनी अध्यक्ष प्रबंध समिति, सचिव राजीव अग्रवाल अनु एवं प्राचार्य प्रो. मुकेश कुमार भारद्वाज ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि विधायक ठाकुर जयवीर सिंह ने महाकवि को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए अपने संबोधन में कहा कि नीरज जी एक महान कवि होने के साथ - साथ भारतीय सिनेमा को चरमोत्कर्ष पर पहुंचाने वाले श्रेष्ठ गीतकार के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने बताया कि नीरज जी की अदभुत प्रतिभा और योगदानों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा।उन्होंने बताया कि नीरज जी ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से हम सभी को गौरवान्वित किया है तथा भारत का परचम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लहराया। विधायक अनिल पाराशर ने महाकवि नीरज जी को नमन करते हुए बताया कि नीरज जी की कविताओं का संग्रह अदभुत है,प्रेम और सौहार्द का परिचायक है। उन्होंने कहा कि नीरज जी हमारे देश के गौरव और स्वाभिमान हैं,हम सभी सदैव उनसे प्रेरणा लेते रहेंगे।महापौर प्रशांत सिंघल ने बताया कि नीरज जी बहुत बड़े गीतकार थे, छायाकार थे। उन्होंने बताया कि नीरज जी कहा करते थे कि सबके लिए धन सोना - चांदी मेरे लिए सिर्फ प्यार है।

## किसान सभा ने डीएम को सौंपा नौ सूत्रीय ज्ञापन


**गोण्डा अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा गोण्डा द्वारा किसान समस्याओं को लेकर नौ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी गोण्डा को दीनानाथ त्रिपाठी अध्यक्ष एवं अरुण त्रिपाठी मन्त्री के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन में गन्ना क्रय केन्द्रों पर घटतौली, किसानों से लोडिंग व अनलोडिंग के नाम पर हो रही वसूली रोकने तथा गन्ना ग्रय केन्द्रों पर अलाव की व्यवस्था किए जाने, बकाया गन्ना मूल्य ब्याज सहित भुगतान किए जाने, कृषि विभाग द्वारा नि- शुल्क बीज वितरण की जांच एवं स्थलीय बुआई सत्यापन कराने, किसानों को उचित मूल्य पर खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने, कृषि यन्त्रों को जी.एस.टी. मुक्त कर सब्सिडी जारी करने, छुट्टा जानवरों से खेतों को बचाने, गौशालाओं में पर्याप्त चारा व बाउन्ड्री सुरक्षित किए जाने, नहरों से सिंचाई सुविधा के लिए प्रारम्भ से अन्तिम छोर तक सफाई के साथ पानी उपलब्ध कराने तथा जनपद में बन्द पड़े नलकूपों के अविलम्ब संचालन के लिए मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में राम किशोर अरुणदेव पाण्डेय, हनुमान तिवारी, कल्लू शाह, मो0 हुसैन, ननकऊ नेता, राम किशोर भारती, रामकुमार, रामसागर चौबे, विवेक पाण्डेय, उमेशचन्द्र, महफूज, मकसूद आदि किसान नेता उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को किया सतर्क

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** ठंड के साथ बढ़ती हुई गलन को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सतर्क किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बीमारों, बुजुर्गों, बच्चों, नवजात शिशुओं, गर्भवती, हृदय रोगी, सांस के रोगी, टीबी रोगी, मधुमेह रोगी और ब्लड प्रेशर रोगी जैसे उच्च जोखिम समूह का इस मौसम में विशेष ध्यान रखने को कहा है। एक वीडियो अपील के माध्यम से सीएमओ ने बीपी, शुगर और टीबी के मरीजों को खानपान का विशेष ध्यान रखने और नियमित दवा सेवन करने के लिए कहा है। सीएमओ ने बताया कि इस मौसम सिंगल मोटा कपड़ा पहनने की बजाय कई स्तर का कपड़ा पहनना चाहिए, क्योंकि जो कपड़ों के बीच में हवा ट्रैप होती है वह एयर कंडीशनर का काम करती है। खानपान संयमित रखना है। लोगों में भ्रांति है कि इस सीजन में कुछ भी खा लेंगे तो पच जाएगा, जबकि ऐसा नहीं है। असंतुलित खानपान से मधुमेह मरीजों में मधुमेह का स्तर बढ़ जाता है। ज्यादा नमक के सेवन से ब्लड प्रेशर के मरीज का रक्तचाप बढ़ जाता है। इस मौसम में ज्यादा खानपान से लोगों का पेट भी खराब हो जाता है।

# सरकारी दावे के बाद भी बालिका अपराधों पर नहीं लग पा रहा अंकुश

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश क़ी योगी सरकार बालिकाओं, महिलाओं से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने के दावे कर रही है और इसके लिए पुलिस टीम अभियान चलाकर बालिकाओं महिलाओं क़ो जागरूक भी कर रही है। लेकिन अपराधियों पर उसका कोई असर नहीं दिख रहा है। जिससे अपराधी लगातार बालिकाओं, महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाओं क़ो अंजाम देकर सरकार क़ी छवि धूमिल कर रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण जिले में बालिकाओं के साथ घटित हो रही आपराधिक घटनाओं से साफ देखा जा सकता है।

केस (1) जनपद गोंडा के कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव निवासिनी महिला क़ी तहरीर पर पुलिस ने आकाश सिंह निवासी ग्राम लालेमऊ रौतन पुरवा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है कि बीते 29 दिसंबर क़ो वह कुछ आवश्यक कार्य से समीप के चौराहे पर गई थी। उसी बीच आकाश सिंह उसके घर पहुंचे और गलत नियत से उसकी नाबालिक पुत्री क़ो अपने साथ लेकर चले गये। प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई क़ी जा रही है।

केस (2) - थाना परसपुर अन्तर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति क़ी तहरीर पर पुलिस ने दीपक पाण्डेय निवासी ग्राम पुरैना के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है कि रात्रि करीब 11 बजे शादी करने क़ी नियत से दीपक पाण्डेय उसकी 20 वर्षीय पुत्री क़ो बहला फुसला कर अपने साथ लेकर चला गया है। थानाध्यक्ष परसपुर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई क़ी जा रही है।

केस (3) - थाना उमरी बेगमगंज अन्तर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति क़ी तहरीर पर पुलिस ने मंथू यादव निवासी असवां माझा थाना टिकैत नगर जनपद बाराबंकी के विरुद्ध बालिका के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री दिन में एक बजे अमदही बाजार गई थी। जहां शादी करने क़ी नियत से मंथू यादव उसे बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया है। थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## रुद्राभिषेक कर सीएम योगी ने की राष्ट्र कल्याण की कामना



**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार प्रातः बेला में गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से राष्ट्र कल्याण और सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। पौष माह की शुक्ल पक्ष चतुर्थी (विनायक चतुर्थी) के मान में हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान की पूर्णता सीएम योगी ने हवन करके की। गोरखनाथ मंदिर स्थित पीठाधीश्वर आवास के प्रथम तल पर शक्तिपीठ में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दूर्वा, अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने कर बाद दूध, दही, घी, शर्करा और कई तीर्थ स्थलों के पवित्र जल से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया।

# मानक के अनुरूप ही हो सभी राजस्व वादों का निस्तारण : डीएम



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने तहसीलवार लंबित सभी राजस्व वादो के निस्तारण हेतु जनपद के समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के स्तर पर लंबित वादों के संबंध में समीक्षा की।

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 24, 33, 34 तथा धारा-80 आदि के अंतर्गत जनपद में वादों के निस्तारण के संबंध में कड़े निर्देश दिये हैं कि न्यायालय पर बराबर समय से बैठक कर सभी वादों की सुनवाई करके समय से निस्तारित करें। समीक्षा बैठक के दौरान न्यायालय पर लंबित पुराने वादों की विस्तृत समीक्षा करें तथा विस्तार में हो रही कठिनाइयों को जल्द दूर करते हुए वाद का निस्तारण करायें। डीएम ने कहा कि राजस्व परिषद के दिशा निर्देशों के क्रम में ही सभी वादों का निस्तारण किया जाए यदि किसी प्रकार में कोई आपत्ति करता है और जांच में कोई विशेष बात नहीं है तो उसकी सुनवाई करके वाद का निस्तारण कर दिया जाय। बैठक में उन्होंने यह भी कहा है कि 3 से 5 वर्ष से अधिक पुराने वादों की बराबर सुनवाई करके जल्द से जल्द निस्तारित किया जाये। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राज्य अधिकारी महेश प्रकाश, तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार तथा पेशकार उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या 292973252 शाखा डुमरियागंज में है, जिसमें मेरा नाम चिनमुन पुत्र घुरहू अंकित हैं, जो कि पूर्व में था। अब मेरा वास्तविक नाम मोहम्मद शमीम पुत्र घुरहू है। जो अभिलेखों में भी दर्ज है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है। इस नाम व पता से मेरे ग्राम में अन्य कोई व्यक्ति नहीं है। इस सम्बन्ध में अगर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 30 दिनों के अन्दर आपत्ति करें।

**मोहम्मद शमीम पुत्र घुरहू**
**ग्राम व पोस्ट- बढ़नीचाफा,**
**थाना-भवानीगंज, जनपद**
**सिद्धार्थनगर।**

## बोलोरो चोरी, केस दर्ज

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र नौसढ़ रोडवेज के पीछे मत्स्यवेंद्रनगर निवासी विनय कुमार राय पुत्र दिनेश कुमार राय वृहस्पतिवार को रात्रि में साढ़े नौ बजे के करीब अपनी सफेद बोलोरो गाड़ी मकान के पास खड़ी कर सोने चले गए। 10 बजे के करीब देखा तो बोलोरो नहीं थी। खोजबीन के बाद पता नही चला पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**सूचना**

मैं दीपक पुत्र कामा सिंह दो असल बैनामे दि. 24.12.24 को फ़ोटो कापी कराने गया था कहीं खो गए हैं बैनामा एक बही सं.1 जि.स.7558 पेज 191 से 214 क्र. 5155 दि.18.4.16, बैनामा दो बही सं.1 जि. 6019 पेज 161 से 184 क्र. 9734 दि. 29.5.2013 को रजिस्ट्रार का.मे पंजी. हैं अगर मिले तो संपर्क करें।

**अजय भारद्वाज एड. चै.11 सिविल कोर्ट सहारनपुर मो 9837375810**

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 04 जनवरी 2025



# सावित्रीबाई फुले जयंती पर सम्मान समारोह व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन अयोध्या द्वारा धारा रोड पर स्थित विघ्नेश्वर मंदिर पर सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर एक भव्य



सम्मान समारोह व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर आकांक्षा सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मौजूद रहे।इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सात महिलाओं को महापौर गिरीश पति त्रिपाठी द्वारा %सावित्रीबाई फुले आइकॉनिक अवार्ड-2025% से सम्मानित किया गया। महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि सावित्रीबाई फुले जी, जो प्रथम भारतीय महिला शिक्षक और समाजसेविका थीं, उस समय महिलाओं को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया जब समाज में महिलाओं के लिए घर से बाहर निकलना भी एक चुनौती था।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पार्षद दिलीप यादव ने किया। संस्था के संस्थापक बसंत राम ने मुख्य अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी का स्वागत माल्यार्पण एवं शाल ओढ़ाकर किया। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने डॉक्टर आकांक्षा सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ का माल्यार्पण कर स्वागत किया स्वागत।इस अवसर पर डॉक्टर आकांक्षा सिंह द्वारा निशुल्क महिला चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने कई महिलाओं को परामर्श और दवाइयां वितरित कीं। अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी ने बताया कि समाज में विभिन्न क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को सावित्रीबाई फुले के जयंती के अवसर पर सम्मानित किया गया जिनमें श्रीमती आशा गुप्ता, अध्यापिका, सुश्री कुमकुम भाग्य पत्रकारिता क्षेत्र, श्रीमती नेहा तिवारी को साहित्य के क्षेत्र में, सुश्री सुरुचि कनौजिया सामाजिक न्याय एवं सुरक्षा के क्षेत्र में श्रीमती अलिश्बा खान, श्रीमती स्वर्णलता शुक्ला को समाज सेवा क्षेत्र एवं डॉक्टर आकांक्षा सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सा क्षेत्र में मातृ शक्तियों को समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा हेतु उत्कृष्ट कार्य के लिए सावित्रीबाई फुले आईकॉनिक अवार्ड सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया , कार्यक्रम का संचालन डॉ विनय प्रकाश मौर्य ने किया और बताया कि लगभग 100 महिलाओं ने विभिन्न बीमारियों की निशुल्क जांच का लाभ लिया।

## स्व. प्रभात सिंह की पुण्यतिथि पर विशाल कंबल व साइकिल वितरण एव प्रतिभा सम्मान समारोह पांच जनवरी को



**अयोध्या।** विकासखंड पूरा की मड़ना ग्रामसभा में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आगामी पांच जनवरी को विशाल कंबल व साइकिल वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह÷ का आयोजन किया जाएगा।परंपरागत तरीके से होने वाला यह आयोजन इस बार भी स्व. प्रभात सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित होगा। इस विशाल कार्यक्रम में 20 हजार निराश्रितों, दिव्यांगो और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कंबल के साथ ही हाईस्कूल के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित की जाएगी। स्व. प्रभात सिंह के पुत्र जिला ब्लाक प्रमुख संघ अध्यक्ष व पूरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने बताया कि उनके पिता स्व. सिंह द्वारा अपने जीवन काल में प्रतिवर्ष निराश्रितों, दिव्यांगो और जरूरतमंदों को निःशुल्क कंबल वितरित किया जाता रहा है। उन्हीं की प्रेरणा से यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है श्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में इस बार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग कुंवर बृजेश सिंह राज्य मंत्री ग्राम विकास एवं समग्र विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग विजयलक्ष्मी गौतम व रामनगरी के पूज्य संतों, महंतों,धर्माचार्यो, तथा विभिन्न जनपदों के जनप्रतिनिधियों के साथ ही दर्जनों की तादात में समाजसेवी शामिल होंगे।श्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था और व्यवधान न उत्पन्न हो इसके लिए वॉलिंटियर्स की टीम तैयार कर ली गई है।

# चला स्वास्थ्य मंत्री का भ्रष्टाचार पर हंटर

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भ्रष्टाचार के आरोप में हटाए अयोध्या मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य।जीरो टालरेंस की नीति को अपनाते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की कार्रवाई ।चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक से किया गया संबद्ध संविदा पर तैनात लिपिक की मौत के मामले की भी जाँच के दिए आदेश। मृतक संविदा लिपिक प्रभु नाथ मिश्र की मृत्यु के मामले को लेकर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी ने न्याय के लिए मृतक परिजनों की मदद के लिए कई बार शासन प्रशासन से मांग करते हुए धरना दिया प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के कार्यालय का घेरा तक की घोषणा की थी और अंत में लखनऊ में उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के आवास पर मृतक के परिजन के साथ मिलकर पूरे प्रकरण को विस्तार से बताते हुए अभिलंब कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार की थी मामले में लिपिक के परिवार ने प्रधानाचार्य पर प्रताड़ना के लगाए हैं आरोप। काफी दिनों से दशरथ मेडिकल कॉलेज अयोध्या धाम में जमे प्राचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार की शासन प्रशासन में काफी मजबूत पकड़ मानी जाती थी जिसके चलते कार्रवाई नहीं हो पा रही थी अंत में चाणक्य परिषद की मूवी रंग लाई और स्वास्थ्य मंत्री का हंटर चला और भ्रष्टाचार के जीरो टॉलरेंस के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को हटाने का आदेश जारी किया है और उनके ऊपर लगे आरोपों की सघन जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है इस जीत से मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी चिकित्सा एवं अधिकारियों में खुशी का माहौल है और लोग एक दूसरे को नए वर्ष की बधाई के साथ इस नए आदेश का स्वागत करते हुए इसे न्याय की जीत बता रहे हैं। इस मामले को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा से भी मृतक के परिजनों एवं चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक ने मिलकर न्याय की गुहार की थी करवाई में पूर्व डिप्टी सीएम का काफी सहयोग रहा है।

## खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिएः अनुराग सिंह

**पूरा बाजार- अयोध्या।** विकासखंड पूरा बाजार अंतर्गत बेसिंग स्टेडियम में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल विभाग अयोध्या द्वारा तीन दिवसीय खेल का शुभारंभ किया गया मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी पूरा बाजार अनुराग सिंह ने कहा कि खिलाड़ी जब खेल भावना से खेलता है तो सफलता उसकी कदम चूमती है इसलिए खिलाड़ी को हार, जीत की परवाह किए बिना कड़ी मेहनत से खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल के उद्घाटन मैच में वॉलीबॉल में नरियावां व शांतिपुर के बीच खेला गया इसमें शांतिपुर विजई रहा, कबड्डी में बालिका वर्ग में सनेथू व बैसिंह के बीच खेला गया जिसमें सनेथू विजयी रहा। लंबी कूद में बालक सीनियर वर्ग में अनुभव प्रथम व जूनियर वर्ग आशुतोष सिंह प्रथम रहे। इसी तरह बालक सीनियर वर्ग में 1500 मीटर की दौड़ में अंशुमान यादव प्रथम, जूनियर में 1500 मीटर की दौड़ में आयुष यादव प्रथम रहे।

## पड़रावां गांव में राजेन्द्र प्रसाद कोटेदार हुए चयनित



*अवधनामा संवाददाता*

**कोठी।** सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के पड़रावां गांव में शुक्रवार को कोटे दुकान चयन को लेकर खुली बैठक आयोजित हुई। हंगामा की आशंका को लेकर क्षेत्रीय पुलिस बल साथ ब्लाक के अधिकारियों को समक्ष चयन प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमे राजेन्द्र प्रसाद कोटेदार चयनित किए गए।

पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम मुताबिक शुक्रवार को सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के पड़रावा गांव में कोटे की दुकान चयन को लेकर खुली बैठक आयोजित हुई। क्योंकि बीते दिन अज्ञात कराणों से बैठक स्थगित हुई। इसलिए सुबह से मैदान में महिलाओं, पुरुषों व युवकों की भीड़ एकत्र होने लगी। इसी दौरान कोठी थाने इंस्पेक्टर संतोष सिंह समेत ब्लाक स्तर अधिकारी एडीओ आईएसबी राधेश्याम, एडीओ को-ऑपरेटिव शैलेन्द्र वर्मा, एडीओ समाज कल्याण धर्मेन्द्र कुमार समेत सचिव पुष्पेद्र, उत्तम, सचिन अवस्थी, संजय चौधरी, दीपक कुमार, हरिराम व रविन्द्र वर्मा आदि पहुंचे। इनके समक्ष चयन प्रक्रिया शुरु हुई। जिसमे राजेन्द्र प्रसाद पुत्र पप्पू व पवन मिश्र पुत्र रमापति मिश्र ने दावेदारी पेश की। जिसमे राजेन्द्र प्रसाद को 851 व पवन मिश्र को 668 मत मिले। राजेंद्र प्रसाद को 183 अधिक मत प्राप्त हुए। ब्लाक अधिकारियों ने राजेन्द्र प्रसाद को कोटेदार चयनित कर दिया। उनके सर्मथकों में खुशी लहर है।

# मार्च 2025 तक अयोध्या के हर घर में नल से पहुंचेगा शुद्ध पेयजल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 'हर घर नल योजना' के माध्यम से प्रदेश के हर परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत यह महत्वाकांक्षी योजना मार्च 2025 तक अयोध्या जनपद के प्रत्येक घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। योगी सरकार के इस पहल से न केवल घरों में बल्कि सरकारी संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, कॉलेजों, स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

जिले के सभी 3.28 लाख से अधिक परिवारों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य

हर घर नल योजना के तहत अयोध्या जनपद के 3,28,139 परिवारों को स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। इस योजना का कार्य 2021 में प्रारंभ हुआ था, और इसके अंतर्गत 540 जलाशय तथा 593 ट्यूबवेल का निर्माण प्रस्तावित है। जल निगम के अधिशासी अभियंता अरविंद यादव के अनुसार, जनपद के 511 गांवों में पेयजल आपूर्ति पहले ही शुरू हो चुकी है। सरकार इस योजना पर 2199 करोड़ रुपये का बजट खर्च कर रही है, जिससे न केवल नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा, बल्कि यह स्वास्थ्य और स्वच्छता में भी सुधार लाएगा।

सौर ऊर्जा से संचालित पंप से होगी जलापूर्ति

इस योजना की एक विशेषता यह है कि सभी पंप सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। इससे न केवल ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का उपयोग सुनिश्चित होगा, बल्कि बिजली न होने की स्थिति में भी जलापूर्ति बाधित नहीं होने होगी। पंप के संचालन के लिए युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। महिलाओं को भी इस प्रक्रिया में शामिल कर उन्हें पंप ऑपरेटर के रूप में रोजगार प्रदान किया जा रहा है।

अयोध्या का फेलसंडा बना आदर्श ग्राम पंचायत

अयोध्या जनपद के रुदौली विकासखंड की फेलसंडा ग्राम पंचायत जल जीवन मिशन के अंतर्गत नियमित जलापूर्ति कराने में उत्तर प्रदेश की पहली ग्राम पंचायत बन चुकी है। इसके अलावा, सोहावल विकासखंड के लहरापुर और मसौधा विकासखंड के साखूपारा पेयजल योजना को मॉडल पेयजल योजनाओं में शामिल किया गया है।

स्काडा सिस्टम से पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित कर रही योगी सरकार

योजना के संचालन और रख-रखाव के दौरान इसकी क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के लिए स्काडा सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। यह तकनीक पोर्टल के माध्यम से योजनाओं की निगरानी को सुलभ और पारदर्शी बनाएगी। हर घर नल योजना न केवल पेयजल आपूर्ति में सुधार कर रही है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्रदान कर रही है। पंप ऑपरेटर, फिटर, इलेक्ट्रीशियन जैसे पदों के लिए स्थानीय पंचायत के लोगों को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

## फरार चल रहे वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**निचलौल (महराजगंज)।** एसपी महाराजगंज सोमेन्द्र मीना के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत ठूठीबारी कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे एक वांछित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान कर्म सिंह निवासी बरवा फहीम थाना कोतवाली महाराजगंज हुआ है।

वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रणव कुमार ओझा ने बताया मय हमराह का बृजेश कुमार के साथ गस्त पर निकलने के दौरान गड़ौरा बाजार के जमुई मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है।

प्रभारी कोतवाल योगेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को विधिक कार्यवाही के लिए न्यायालय भेज दिया गया हैं।

## अधूरा काम छोड़ने पर डीएम से शिकायत

महराजगंज। परतावल विकास खंड के बड़हरा बरईपार के कुछ ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अनुसूचित जाति के बस्ती में नाली और आरसीसी का काम अधूरा छोड़ने की शिकायत किया हैं।

शिकायती पत्र में ग्रामीण आरएन भारती ने लिखा है कि परतावल विकास खंड के बड़हरा बरईपार के बस्ती टोला में नाली और आरसीसी निर्माण का कार्य कराया गया हैं। लेकिन जिम्मेदार द्वारा कार्य को आधा अधूरा छोड़ दिया गया हैं जिससे ग्रामीणों को काफी समस्या हो रही हैं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि बस्ती के विकास कार्यों की अनदेखी की जा रही है जिससे लोगों को काफी समस्या हो रही हैं। मामले की जांच के कार्यवाही किया जाय।

## बाइक से टक्कर मारने की शिकायत

महराजगंज (मिठौरा)। सदर कोतवाली थानाक्षेत्र के परसा राजा निवासी प्रिंस पटेल ने चौक थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर बाइक चालक पर टक्कर मारने का आरोप लगाया हैं।

प्रिंस पटेल ने शिकायती पत्र में उल्ला किया है कि उनके पिता बीते 1 जनवरी को करीब 7 बजे शाम को झंनझनपुर चौराहे पर घरेलू आवश्यक सामान खरीद कर अपने बाये साइड से होकर घर जा रहे थे। घर लौटते वक्त अब हनुमान मंदिर निकट झनझनपुर के पास पहुंचे कि उसी समय एक बाइक ने टक्कर मार दिया जिससे पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी राम सरोज ने बताया कि तहरीर मिली है जांचकर उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में पांच पर केस दर्ज

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** खण्डासा के जय राजपुर गांव में गर्भवती महिला वैशाली मौर्या की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने सास, ससुर, पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या और महिला के साथ क्रूरता का मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई पीड़ित परिवार द्वारा समाज सेविका अधिवक्ता श्वेता राज सिंह के नेतृत्व में एसपी ग्रामीण से मिलने के बाद हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक खण्डासा थाना क्षेत्र की जय राजपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में 29 दिसंबर को गर्भवती महिला वैशाली पत्नी श्रवण कुमार का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला था।

मृतका के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत के मामले में दो दिन पूर्व समाज सेविका अधिवक्ता श्वेता राज सिंह के नेतृत्व में मृतका के परिजन पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी से मिलकर कार्रवाई करने की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक खण्डासा संदीप कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के भाई राजेश कुमार पुत्र राम कलप मौर्य निवासी कुचेरा बाजार थाना कोतवाली इनायत नगर की तहरीर पर मृतका महिला के पति श्रवण कुमार, सास- ससुर समेत पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पासी समाज ने विधायक का प्रकट किया आभार

**रुदौली -अयोध्या।** आदर्श नगर पंचायत में कामाख्या धाम में महाराजा बिजली पासी की प्रतिमा के अनावरण के बाद पासी समाज ने विधायक का आभार प्रकट किया।बीते 24 दिसंबर को आदर्श नगर पंचायत कार्यालय के बगल बिजली पासी की मूर्ति स्थापित की गई थी।विधायक रामचंद्र यादव द्वारा महाराजा बिजली पासी की मूर्ति के अनावरण के बाद विधानसभा ही नही बल्कि आसपास जनपदों के पासी समाज मे खुशी झलक रही है।पासी समाज के लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि महाराजा बिजली पासी की मूर्ति के लिए वहां स्थान का चयन किया गया जहां से बगल के जनपद के निवासी चाहे बाराबंकी में हो सुल्तानपुर हो सभी जनपद के निवासी इसी रास्ते से जब गुजरेंगे तो महाराज बिजली पासी के त्याग व बलिदान को याद करेंगे

मूर्ति अनावरण के बाद से ही पासी समाज में काफी खुशी देखने को मिल रही है।पासी समाज के लोगों ने कहा कि हमारे समाज के लोगो को भी जनता का प्रतिनिधित्व करने मौका मिला वह भी एक बार नही कई बार मौका मिला लेकिन पासी समाज के महापुरुषों व राजाओ के बारे में किसी ने जिक्र तक नही किया।वही रुदौली विधानसभा के विधायक रामचंद्र यादव ने पासी समाज के महापराक्रमी योद्धा महाराजा बिजली पासी की मूर्ति का अनावरण किया।और पासी समाज के सम्मान में चार चांद लगाने का कार्य किया है।यह कार्यक्रम अयोध्या जनपद में ऐतिहासिक कार्यक्रम माना जायेगा।

## मौसम करवट के साथ बढ़ रहे बुखार के मरीज



**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौसम के करवट के चलते लोग बुखार से ग्रसित हो रहे हैं। कारणवश अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं।

बदलते मौसम के साथ बुखार, खांसी और सर्दी से ग्रसित रोगियों की अस्पतालों में कतार लग रही है। सिसवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सामान्य रूप से करीब तीन सौ से चार सौ के बीच ओपीडी होती है। वहीं अब बुखार के मरीजों के बढ़ने पर करीब यह संख्या चार सौ के पार पहुंच रही है। अस्पताल के चिकित्सकों की माने तो 50 प्रतिशत मरीज बुखार से संबंधित आ रहे हैं। चिकित्सक लगातार बदलते मौसम से बचाव करने और ठंडे पानी का सेवन नहीं करने की सलाह दे रहे हैं। मौसम के बदलने पर बुखार के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। बुखार होने पर चिकित्सक के परामर्श के बाद ही दवा लेने की सलाह दी जा रही है।

**डॉक्टर ईश्वर चंद विद्यासागर,**
**प्रभारी चिकित्साधिकारी, सीएचसी सिसवा।**

# कुर्क की जाएगी शातिर तस्कर शारिफ की 5 करोड़ 20 लाख की संपत्ति

*अवधनामा संवाददाता*


**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में तस्करो व संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत उनके द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चल-अचल सम्पत्तियों की जब्तीकरण की कार्यवाही लगातार प्रचलित है। इसी क्रम में शातिर मादक पदार्थ तस्कर शारिफ उर्फ सारिफ द्वारा परिजनों के नाम अर्जित की गयी लगभग 05 करोड़ 20 लाख रुपये की संपत्ति को धारा 14(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया जायेगा। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बाराबंकी के अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि थाना जैदपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 83/2024 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के सक्रिय सदस्य मो0 शारिफ उर्फ सारिफ पुत्र इम्तियाज उर्फ छोट्टन निवासी टिकरा उस्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी द्वारा गिरोह सरगना मो0 हसनैन पुत्र कमरुद्दीन निवासी मरकामऊ थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी व अन्य सक्रिय सदस्यों राशिद पुत्र स्व0 गुलाम रसूल, नूरुल हसन पुत्र अली हसन व यूसुफ पुत्र नन्हा अली के साथ मिलकर संगठित गिरोह बनाकर करीब 15-16 वर्षों से आर्थिक व भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु मादक पदार्थ की तस्करी का कार्य किया जा रहा हैं। गिरोह द्वारा अवैध तरीके से की जा रही मादक पदार्थ की तस्करी जैसे आपराधिक कृत्य से आम जनमानस के जीवन में संकटापन्न की स्थिति उत्पन्न होने के साथ ही साथ युवा वर्ग को नशे की लत में डालकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ,जिससे आम जनमानस अपने बच्चों को असुरक्षित महसूस कर रहा है। एएसपी ने बताया कि गिरोह के सक्रिय सदस्य मो0 शारिफ उर्फ सारिफ उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी से धनोपार्जन करते हुए अपनी पत्नी शबनम के नाम पर ग्राम अमराईगांव तहसील सदर जनपद लखनऊ में भूखण्ड गाटा सं0 09 क्रय कर उस पर 03 मंजिला मकान का निर्माण कराया गया है।

दिनांक 22-11-2023 को अवैध मादक पदार्थ के साथ अभियुक्त शारिफ उर्फ सारिफ उपरोक्त व उसके सहअभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, इसीलिए सक्रिय सदस्य द्वारा जानबूझ कर अपनी सम्पत्तियों को छुपाने की नियत से उपरोक्त भूखण्ड को अपनी बहन शेख शुवेबा रिजवान पत्नी रिजवान निवासी टिकरा उस्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी हालपता 170 फ्लोर वीपी नगर हटमेंट लाला लाजपतराय मार्ग, नेहरु सेन्टर मुम्बई के नाम पर कर दिया गया। जबकि उपरोक्त सम्पत्ति का उपभोग अभियुक्त शारिफ उर्फ सारिफ उपरोक्त द्वारा किया जा रहा था। जैदपुर पुलिस द्वारा उक्त संपत्ति को चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट को आख्या भेजी गई थी। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत कुर्की आदेश के क्रम में पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त संपत्ति को कुर्क किया जाएगा।

## अज्ञात चोरों ने एक घर को बनाया निशाना

**मसौली बाराबंकी।** बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने एक घर को निशाना बनाते हुए घर मे रखी हुई 50 किलो सरसो सहित गैस सिलेंडर व बर्तन उठा ले गये पीड़ित ने थाना सफदरगंज मे चोरी की तहरीर दी है। गुरवार की देर रात्रि थाना व कस्बा सफदरगंज निवासी अनिल कुमार गुप्ता पुत्र बनवारी लाल गुप्ता के घर चोरो ने घर के पीछे की दीवार मे नकब लगाकर घर मे रखी 50 किलो सरसो सहित गैस सिलेंडर व बर्तन उठा ले गये पीड़ित ने थाने मे तहरीर दी है।

## जन चौपाल में सुनी गईं ग्रामीणों की समस्याएं एवं शिकायतें



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने न्याय पंचायत को आवंटित करते हुये प्रत्येक बृहस्पतिवार को एक ग्राम में जन-चौपाल का आयोजन किये जाने के निर्देश दिए हुये हैं। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जन-चौपाल का आयोजन प्रत्येक शुक्रवार को अपरान्ह 01.00 बजे आवंटित ग्रामों आयोजित किया जाए। समस्त 64 नोडल अधिकारियों को दिये निर्देशो के क्रम में रोस्टर के अनुसार ग्रामों में जन चौपाल का आयोजन सुनिश्चित किया गया।

जन चौपाल में नामित नोडल अधिकारियों द्वारा शिकायत एवं समस्याओं को सुना गया तथा विकास कार्यों का सत्यापन भी किया।अधिकारियों द्वारा जन चौपालों में ग्रामीणों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। ग्राम चौपाल में इण्टरलाकिंग, नाली, खडंजा, सीसी रोड, पेयजल एवं शौचालय आदि विकास एवं निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन किया गया। जन चौपाल का आयोजन करने का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का गांवों में समाधान करना है, जिससे लोगों को गांव से बाहर जाना पड़े। जन चौपाल के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है और जन चौपाल में, राजस्व, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, और पशु पालन से जुड़े विषयों पर पर चर्चा की जाती है तथा समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया जाता है।

# कूड़े के ढ़ेर में दब गयी सरकार की स्वच्छ भारत मिशन योजना


- योजना के प्रचार प्रसार के नाम पर हो गया अरबों खरबों का वारा-न्यारा
- गाँव गाँव बनवाए गए कूड़ा निस्तारण केंद्र साबित हुए बेकार
- सरकार की योजना को खुद कुचल देते हैं प्रशासनिक अफसर

*अवधनामा संवाददाता*




**शाहजहाँपुर।** हर दिन अखबारों और टीवी चैनलों पर सरकारी नुमाइंदे स्वच्छता का राग अलापते दिखते हैं। सरकार द्वारा अभियान स्वरुप ढंग से स्वच्छ भारत मिशन नाम की योजना भी चलायी गयी। योजना के नाम पर मोटी रकम का बजट लगभग हर माह जिले से लेकर ग्राम पंचायत के खातों तक प्रेषित होता है। लेकिन जिन लोगों पर उक्त योजना की सफलता का दारोमदार है वही इस योजना को धराशायी करने की कोशिश में लगे रहते हैं। मोटे बजट का सेकंडों में बंदरबांट हो जाता है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों में बनाए गए आरआरसी (कूड़ा निस्तारण केंद्र) खुद कूड़ा हो गए।करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी इन कूड़ा निस्तारण केंद्रों का संचालन नहीं हो पा रहा है। गांवों में पड़े दिखाई दे रहे कचरे के ढेर इन कूड़ा निस्तारण केंद्रों का मुंह चिढ़ा रहे हैं। गांवों में सड़कों के किनारे और घरों से इकट्ठा होने वाले कचरे से निजात दिलाने के लिए सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद के अधिकांश गांवों में कूड़ा निस्तारण केंद्रों का निर्माण कराया गया था, लेकिन करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी इन कूड़ा निस्तारण केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हो पा रही हैं। न तो घरों से कूड़ा कलेक्शन ही हो रहा है, और न इन निस्तारण केंद्रों पर कूड़े से खाद बनाने की प्रक्रिया शुरू हो पाई है। सरकार की मंशा थी, कि कूड़ा निस्तारण केंद्रों के माध्यम से गांव व घरों का कचरा इकट्ठा कर उसका डिस्पोजल कर दिया जाए। बाद में प्रक्रिया द्वारा उसका खाद बनाकर बेचते हुए पंचायतों की आय में भी इजाफा हो। घरों से कूड़ा निस्तारण करने पर शुल्क भी वसूले जाने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन गांवों में सड़कों पर जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेर सिस्टम की बदहाली और अव्यवस्थाओं की पोल खोल रहे हैं। बात अगर नगर की सीमाओं से सटी हुई ग्राम पंचायतों की की जाए तो भावल खेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मिश्रीपुर, ग्राम पंचायत चौढेरा, ग्राम पंचायत बल्लिया, ग्राम पंचायत हथौड़ा, इन ग्राम पंचायत में निधि के अलावा ओडीएफ फेज 2 के अंतर्गत लगभग एक-एक करोड रुपए अतिरिक्त दिए गए थे जिससे नगर क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों की ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के प्रति विशेष कार्य हो पाए लेकिन भ्रष्ट सिस्टम के चलते सरकार द्वारा भेजा गया करोड़ों रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया खाना पुरी के लिए इन ग्राम पंचायतों में स्वच्छता की अलख जगाने के लिए कूड़ेदान या फिर शोकपिटों का निर्माण कराया गया वह धरातल पर अब नजर नहीं आ रहा है, कूड़ेदान टूट कर खुद कूड़ा बन चुके हैं, यहां पर ग्रे वॉटर या व्हाइट वॉटर के नाम पर भी बड़ा भ्रष्टाचार किया गया है।

# बड़ागाँव में ग्राम चौपाल आयोजित, 7 शिकायत का हुआ निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** ग्राम पंचायत बड़ागांव मे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास तिवारी तथा ग्राम पंचायत अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें 7 शिकायतें आई सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। पंचायत भवन बड़ागांव मे आयोजित ग्राम चौपाल मे क्षेत्रीय युवा अधिकारी विकास तिवारी के समक्ष उमा शंकर पुत्र अवधराम, बेला पत्नी मिथुन, गुल मोहम्मद पुत्र गुलाम रसूल ने परिवार रजिस्टर के लिए आवेदन किया मौके पर ही पंचायत सचिव जैसराम ने परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध करायी वही ललाइन पत्नी मोहर सिंह पूनम पत्नी दीपक कुमार ने राशन कार्ड मे नाम बढ़वाने की मांग की मौके पर मौजूद उचित दर विक्रेता सरिता वर्मा ने ऑनलाइन करने के लिए कहा। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सहायक सैय्यदा बानो, सीएचओ सोनम बीडीसी सदस्य शाहिद अली, पप्पू गौतम, पंचायत सदस्य अंगद गौतम, कृष्ण कुमार गुप्ता, मायाराम यादव आदि ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम पंचायत चंदवारा मे अवर अभियंता अरुण कुमार व्यास के समक्ष मनोज कुमार ने जाबकार्ड बनवाने व सत्यनाम ने परिवार रजिस्टर के लिए प्रार्थना पत्र दिया पंचायत सचिव अजय कुमार वर्मा ने मौके पर ही परिवार रजिस्टर नकल देकर निस्तारण किया।

## एएनएम तैयार करें संस्थागत प्रसव की योजना : डॉ शैलेंद्र मणि ओझा

### भनवापुर के भरवठिया में संचार गतिविधि एवं माता जागरूकता बैठक का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक अंतर्गत सीएचसी सिरसिया अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा ने शुक्रवार को भरवठिया पहुंचकर संचार गतिविधि कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। अधीक्षक ने आशा बहु को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण करते हुए फोलिक एसिड टेबलेट देने की बात की तथा कहा कि आशा बहूएं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण सत्र स्थल पर ले जाकर समय-समय पर सभी प्रकार की प्रसव पूर्व जांचें करवाना सुनिश्चित करें। डॉक्टर.शैलेंद्र मणि ओझा ने आशा बहूएं ड्यू लिस्ट बनाकर टीकाकरण के एक दिन पूर्व बुलावा पर्ची का वितरण जरूर करें, साथ ही एएनएम गर्भवती महिलाओं का तृतीय त्रैमास में प्रसव योजना बनाकर संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करें। जिससे जच्चा और बच्चा दोनों को सुरक्षित किया जा सके। इस दौरान राजीव त्रिपाठी, तारामती, मंजू, संगीता, जूही, सोमना आदि उपस्थित रही।

### भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ने किया नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत

## भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी: कन्हैया पासवान



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी के चल रहे संगठनात्मक चुनाव के क्रम में प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय की संतुति के बाद जिले के चुनाव अधिकारी पदम सेन चौधरी ने बीते 30 दिसंबर को 25 मंडलों में से 5 मंडल अध्यक्षों व जिला प्रतिनिधि की घोषणा की है। जिसमें पश्चात सिद्धार्थनगर भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधियो का भव्य स्वागत अभिनंदन किया।

पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के मंडल नौगढ़ देहात में मंडल अध्यक्ष पद पर सोनू गुप्ता व जिला प्रतिनिधि संपूर्णानंद पाण्डेय, मंडल उसका से मंडल अध्यक्ष राकेश आर्य व जिला प्रतिनिधि रामदरश त्रिपाठी नामित किए गए। इसी क्रम में विधानसभा शोहरतगढ़ से मंडल शोहरतगढ़ के अध्यक्ष पद पर शिवशक्ति शर्मा व जिला प्रतिनिधि अरविंद प्रताप चौधरी, मंडल कठेला से अध्यक्ष पद पर श्यामू गुप्ता व जिला प्रतिनिधि शिवपाल सिंह, मंडल पकड़ी से अध्यक्ष पद पर अरविंद चौधरी व जिला प्रतिनिधि लवलुश द्विवेदी नामित किए गए। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने बताया संगठन की दृष्टि से 25 मंडल है जिसमें से 5 मंडल अध्यक्षों की घोषणा हुई है शेष पदों पर जल्द ही शीर्ष नेतृत्व द्वारा घोषणा किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया। जिलाध्यक्ष ने कहा भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है यहां बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पार्टी के कार्यकर्ता ही होते है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बृजबिहारी मिश्रा, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, पूर्व जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, जिला संयोजक सोशल मीडिया आशीष त्रिपाठी, संतोष शुक्ला, गगन श्रीवास्तव व विक्की रस्तोगी आदि लोग उपस्थित रहे।

### बाइक-कार की टक्कर में दो की मौत

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के एनएच 730 सेवरा गांव के पास बृहस्पतिवार की बीती रात घने कोहरे में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में मधुनगरी निवासी प्रदीप कुमार थारू (पुत्र रामनरेश) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजेश चौधरी (पुत्र बिंदेश्वरी) को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक अपनी स्विफ्ट डिजायर (एमएच 05एएक्स 6066) को सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने रात में ही मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया, जिससे उनके घरों में मातम पसर गया। घटना का कारण घना कोहरा और ठंड बताया जा रहा है, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई थी। प्रशासन ने कोहरे में वाहन चलाने वाले लोगों से सतर्कता बरतने और धीमी गति से गाड़ी चलाने की अपील की है ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। उक्त संबंध में ढेबरुआ थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह का कहना है कि बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई है। और कार चालक मौके से फरार हो गया है। मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन का मंडल अध्यक्ष बने अमित त्रिपाठी

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** संघर्ष समिति राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष अमित त्रिपाठी को डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन का मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने बधाई दिया है। बधाई देने वालों में अधीक्षक सी एच सी बसंतपुर डा धर्मेंद्र चौधरी, अधीक्षक सी एच सी मिठवल तिलौली डा राजीव कुमार रंजन, जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के वाई के द्विवेदी, जिला मंत्री शिवकांत पांडेय, लैब टेक्नीशियन संघ के अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी, एक्सरे संघ के शिवपूजन मणि, जितेंद्र त्रिपाठी, मनीष पांडेय, ओपी द्विवेदी, हर्ष यादव, योगेंद्र यादव, गोविंद ओझा, रत्न शकर चौधरी, रविशंकर त्रिपाठी, ओम प्रकाश चौधरी, डीएन त्रिपाठी, राज्य कर्मचारी, राम करन गुप्ता आदि शामिल हैं।



## पंपिग सेट इंजन में फंसकर घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

### त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के रमवापुर जगतराम गांव की घटना

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक अंतर्गत त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के रमवापुर जगतराम गांव के किसान का पंपिग सेट इंजन में फंसकर घायल किसान का इलाज के दौरान शुक्रवार को मेडिकल कालेज गोरखपुर में मौत हो गई। किसान के मौत की सूचना मिलते ही घर वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

जानकारी के अनुसार रमवापुर जगतराम गांव निवासी किसान महिनकू (50) बुधवार को सुबह करीब 11 बजे अपने गेहूं के खेत में पंपिंग सेट इंजन से पानी लगा रहे थे।किसी कारण से इंजन बंद कर फिर से चालू करने लगे।इंजन चालू करते समय किसान के गले में बंधा गमछा फंस गया और इंजन चालू हो गया,जिसमे वह बुरी तरह घायल हो गया।आस पास के लोगो ने मौके पर पंहुच कर इंजन बंद कर इलाज के लिए सीएचसी सिरसिया ले गये जहां डाक्टरों ने बस्ती के लिए रेफर कर दिया।बस्ती से महिनकू की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया जहां शुक्रवार को सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। महिनकू के मौत की सूचना मिलते ही पत्नी,बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में एसडीएम डुमरियागंज डॉ. संजीव दीक्षित ने बताया कि मृतक किसान को जो भी सरकारी योजनाएं उसके पात्रता में आती है उसे दिलाया जाएगा।

## प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा के मृत्यु पर जांच करने पहुंचे एडीशनल सीएमओ

### जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ होगी कार्यवाही : आर के शर्मा



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन में 28 दिसम्बर की रात प्रसव होने के बाद ग्राम पंचायत नेतवर की महिला संगीता व पैदा हुए नवजात शिशु दोनों की स्टाफ नर्स की लापरवाही से मौत के मामले में छपे समाचार के बाद शुक्रवार को अचानक एडीशनल सी एम ओ आर के शर्मा मृतका संगीता के घर अधीक्षक के साथ पहुंच कर उस दिन हुए घटना के बारे में मृतका संगीता के पति के साथ आशा प्रभा पाण्डेय से लिखित बयान लिया।

एडिशनल सीएमओ ने घटना के सम्बन्ध में सुबह से लेकर रात में बच्चा पैदा होने व रेफर करने के बाद जच्चा-बच्चा की मौत होने के बारे में खून जांच, अल्ट्रासाउंड, कौन सी दवा दी गयी और कौन सा इंजेक्शन दिया गया सबके बारे में विधिवत जानकारी ली। मृतका के पति ने स्टांप नर्स संगीता चौधरी द्वारा किये गये लापरवाही के बारे में भी मौखिक रुप से भी बताया।

बातों को सुनकर एडिशनल सीएमओ ने दुख जताया और कहां की जो भी गलती हुई है नहीं होना चाहिए। जांच के दौरान सीएचसी लोटन अधीक्षक अमित कुमार चौधरी, आवेश श्रीवास्तव, सन्नी सिंह सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहें। घटना के सम्बन्ध में एडिशनल सीएमओ आर के शर्मा ने बताया कि आशा व मृतका के पति का ब्यान ले लिया गया है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

### नहर में डूबे युवक की 18 घंटे बाद निकला शव

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** आखिरकार नहर में डूबे युवक की 18 घंटे बाद शव को पाया गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। बताते चलें कि बीते गुरुवार को एक बिजली विभाग के कार्यदायी संस्था के कुछ मजदूर जलालपुर से कासिमपुर कर्बला उपकेंद्र पर कार्य करने के लिए जा रहे थे तभी कासिमपुर कर्बला स्थित शारदा सहायक नहर पर ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर चाय पीने के लिए चले गए जिसमें से दो युवक विकास पुत्र पप्पू व विकास पुत्र बलबीर जनपद मुरादाबाद निवासी ट्रॉली पर ही बैठे रह गये कुछ ही देर बाद ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज तार अचानक टूटकर गिर गया तार के गिरते ही विकास पुत्र पप्पू ट्राली से कूद गया तथा दूसरा विकास पुत्र बलवीर नहर में गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा काफी खोजबीन किया गया परंतु कुछ आता पता नहीं चल सका अंत में पुलिस प्रशासन ने नहर में पानी को कम करने के लिए व्यवस्था किया।

### स्टाम्पवादों के निस्तारण और राजस्व वसूली के लिये समाधान योजना लागू

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शासन द्वारा स्टाम्पवादों के निस्तारण और राजस्व वसूली के लिये समाधान योजना लागू की गई है। यह समाधान योजना 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी रहेगा। इस योजना का लाभ न्यायालय कलेक्टर, सिद्धार्थनगर, न्यायालय अपर कलेक्टर सिद्धार्थनगर एवं न्यायालय सहायक आयुक्त स्टाम्प, सिद्धार्थनगर में लम्बित स्टाम्पवादों में किसी भी पक्षकार द्वारा इस अवधि में योजना के प्रभावी रहने की अन्तिम तिथि से पूर्व पुष्टि की गई स्टाम्प कमी की धनराशि पर नियमानुसार ब्याज एवं टोकन अर्थदण्ड रू0 100/- के साथ नियमानुसार कमी स्टाम्प शुल्क एवं निबन्धन शुल्क की धनराशि जमा कर कमी स्टाम्प के वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। जिससे पक्षकारों को मुकदमे से छुटकारा मिल जायेगा। न्यायालयों में काफी संख्या में भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अर्न्तगत स्टाम्यवाद लम्बित है, जिनमें राज्य सरकार की राजस्व क्षति निहित है। इन वादों के त्वरित गति से निस्तारण से जहाँ राज्य को इंगित स्टाम्प कमी के सापेक्ष धनराशि शीघ्र प्राप्त हो सकेगी, वहीं सम्बन्धित पक्षकारों को भी न्याय में बिलम्ब के कारण बढ़नी वाली ब्याज की देयता से राहत प्राप्त होगी। उक्त आशय की जानकारी सहायक आयुक्त स्टाम्प, राजेश कुमार सिंह द्वारा दिया गया है।

### चौपाल के माध्यम से योजनाओं के बारे में दी जानकारी



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन बाजार के ग्राम पंचायत एकडेगवा व नेतवर मे खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता की मौजूदगी में शुक्रवार को गांव की समस्या गांव में समाधान को लेकर चौपाल का आयोजन एकडेगवा प्रधान सावित्री देवी की अध्यक्षता मे व सचिव देवेंद्र मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया। मौजूद ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया सरकार की तरफ से संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। ग्राम विकास अधिकारी देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा की आप के घर मे कोई बच्चा जन्म लेता है या घर में किसी की मृत्यु हो तो 21 दिन मे सचिव से मिल कर नाम दर्ज कराये जिससे आप लोगो को दौड़ना न पडे। चौपाल में तैनात सफाई कर्मी चन्द्र प्रभा के मौजूद न रहने पर ग्राम विकास देवेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी को उनके खिलाफ लिखित शिकायत करने के साथ उनहे ग्राम पंचायत से हटाने व कार्रवाई करने को पत्र दिया गया।प्रधान प्रतिनिधि पंकज वर्मा ने ग्रामीणों से कहा की आवास के लिए सर्वे होने वाला है आप लोग पात्र व्यक्तियों के नाम दर्ज करा सकते है। जिन घरो मे शौचालय न हो वह लोग सामुदायिक शौचालय जाये खुले में शौच न करे। तमाम योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गई। नेतवर सचिव रविन्द्र कुमार जाटव,एडीओ आई एस बी प्रमोद कुमार, पंचायत सहायक किरन चौरसिया, करुणेश पाण्डेय,छोटू पासवान, अजय चौरसिया, राम किशुन, जितेन्द्र, कुसुम, अमरावती देवी, मीना देवी, चन्द्रमती, आदि लोग मौजूद रहे।

## अभाका महासभा के राष्ट्रीय सचिव बने लाल आनंद प्रकाश व सुदीप श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष





अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** कायस्थ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शंकर श्रीवास्तव की ओर से घोषित पदाधिकारियों की सूची में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष लाल आनंद प्रकाश को राष्ट्रीय सचिव और युवा अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष बनाया है। यह जानकारी कायस्थ पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने दी। बताया कि दो वर्ष पूर्व गोरखपुर की धरती पर नवगठित कायस्थ पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती के लिए पदाधिकारियों की सूची जारी की है, जिसमें सिद्धार्थनगर से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष लाल आनंद प्रकाश को राष्ट्रीय सचिव, युवा अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने द्वय पदाधिकारियों से संगठन को गतिशील बनाते हुए अधिकाधिक लोगों को जोड़कर पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने की अपेक्षा की है। राष्ट्रीय सचिव और जिलाध्यक्ष के मनोनयन पर कायस्थ महासभा के जिला संरक्षक, पूर्व प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला महामंत्री प्रमोद श्रीवास्तव समेत देवानंद श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, केशव श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम लाल श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव आदि ने बधाई दिया है।

### ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाए

**उरई (जालौन)।** रात में सड़कों पर अंधाधुंध भागते वाहनों के कारण आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से अधिकारी लगातार जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में सड़क सुरक्षा के तहत रात एसडीएम और एआरटीओ ने गल्ला मंडी में आने वाले हरी मटर से लदे ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाए और किसानों को सीमित गति से वाहन चलाने के लिए कहा। आजकल हरी मटर का सीजन चल रहा है। दिन भर की टूट के बाद किसान शाम से मटर की लदी ट्रालियां लेकर बेचने के लिए मंडी ला रहे हैं। रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर गल्ला मंडी पहुंच रहे हैं। एसडीएम ज्योति सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार तथा तहसीलदार जितेंद्र सिंह रात गल्ला मंडी पहुंचे। वहां उन्होंने 25 वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर पट्टी लगवाई ताकि रात्रि में पीछे वाले वाहन की हैडलाइट में ये पट्टी चमकती देख ड्राइवर सावधान हो जाएं। एसडीएम ने किसानों से कहा, जीवन अनमोल है, जरा सी लापरवाही किसी का जीवन नष्ट भी कर सकती है।

## हल्लौर में स्टडी सेंटर फाउंडेशन क्लासेस का हुआ शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुझान पैदा करने और उनके अंदर आत्म बल पैदा करने के लिए डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के हल्लौर गावँ स्थित इमामिया मकतब के प्रांगण में स्टडी सेंटर के फाउन्डेशन क्लास को शुरु किया गया। इस संबंध में शुक्रवार को मकतब के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता अल-इल्म समिति के अध्यक्ष मौलाना शाहकार हुसैन जैदी ने किया।

हल्लौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौलाना शाहकार हुसैन जैदी ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस स्टडी सेन्टर में प्राइमरी से जूनियर तक के बच्चों के लिए आधुनिक तकनीकी शिक्षा के युग में बच्चों को सक्षम बनाने के लिए गणित, कंप्यूटर सहित अग्रेजी विषय की शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इन विषयो पर विद्यार्थियों को मजबूत होने की आवश्यकता है। किसी क्रम में मौलाना जमाल हैदर ने कहा कि इस प्रयास से उन बच्चों को विशेष लाभ मिलेगा जिनके अभिभावक आर्थिक रूप से कमजोर होने के चलते ट्यूशन नहीं पढ़ पा रहे हैं जबकि उनके बच्चों में आगे बढ़ाने की प्रतिभा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी नवेद रिजवी ने कहा कि बच्चे हमारे समाज और देश का भविष्य है यदि इनको मजबूती मिलेगी तो हमारा समाज और देश का भविष्य मजबूत होगा। उन्होंने स्टडी फाऊंडेशन क्लासेस की सराहना करते हुए कहा की यह एक अच्छी पहल है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व डिप्टी डायरेक्टर सूचना विभाग उत्तर प्रदेश डॉक्टर वजाहत हुसैन रिजवी ने किया। स्टडी सेंटर फॉर फाऊंडेशन क्लासेस के व्यवस्थापक के रूप में आयात हुसैन रिजवी भूतपूर्व अधिकारी भारतीय सेना उपस्थित रहे। इस मौके पर नायाब रिजवी, राहिब रिजवी, जैकी, नदीम, असगर जमील, महफूज़ आदि उपस्थित रहे।

### बीईओ ने गौवंशियो को चारा खिलाया



**छावनी अवधनामा संवाददाता।** एक तरफ सरकार जहां निराश्रित गोवंश को आश्रय स्थलों में रोकने के लिए तमाम इंतजाम कर रहे हैं। वही विक्रमजोत की खंड शिक्षा अधिकारी ममता सिंह भी प्रत्येक शुक्रवार को श्रमदान कर गौवंशी पशुओं को चारा खिला रही है। शुक्रवार को विक्रमजोत विकासखंड विक्रमजोत के गोशाला मल्लूपुर में पहुंची खंड शिक्षा अधिकारी ममता ने बताया कि वह पिछले कई माह से गो आश्रय स्थल में रह रहे गौवेशी के लिए 25 किलो चूनी चोकर लेकर आती हैं और अपने हाथों से गौवंशी पशुओ को खिलाती हैं। उनका कहना है कि गायों की सेवा करने के लिए वह पहले से ही क्षेत्र में स्थित गौशाला के पशुपालक से बात की रहती हैं वहाँ पहुंचकर गोवंशों की सेवा करती है।

### डॉक्टर की लापरवाही के चलते नवजात शिशु की मौत



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** टांडा तहसील क्षेत्र के फिरोजपुर गांव में मां द्वारा जुड़वा नवजात शिशु को जन्म दिया गया था लेकिन वहां के डॉक्टर के लापरवाही से नवजात शिशु का मौत हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी अविनाश सिंह समेत पूरा प्रशासनिक अमला शोक संवेदना व्यक्त करने और जांच के लिए मौके पर घटनास्थल पर पहुंच गया और अनिल कुमार निवासी महराजपुर पूरवा बिहरोजपुर नवजात बच्चों की तबीयत 27 दिसंबर को खराब हो गई। और डॉक्टरों की लापरवाही से 1 जनवरी की रात मृत्यु हो गई। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया जिससे पूरे प्रशासनिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया। और इसकी सूचना जब उच्चाअधिकारियों को मिली तो जिलाधिकारी अविनाश सिंह सीएमओ डॉक्टर राजकुमार एसडीएम टांडा डॉक्टर शशी शेखर और को टांडा शुभम कुमार पीड़ित परिवार मिलने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। और प्रशासन ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए 50000 रुपए की अधिकृत सहायता और अन्य सामग्री प्रदान की जिलाधिकारी ने बताया कि जुड़वा बच्चों केशव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद मामले की जांच के लिए समिति गठित किया गया है। जिला अधिकारी अविनाश सिंह ने कहा पोस्टमास्टर रिपोर्ट के बाद ही बच्चे की मौत का असली कारण स्पष्ट होगा। वहीं सीएमओ और एसडीएम को मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं। यह घटना के बाद प्रशासन ने यह आश्वासन दिया है की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नगर में चला अतिक्रमण अभियान वसूला गया 31500 का जुर्माना



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश तथा उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ संजीव दीक्षित के मार्गदर्शन में नगर पंचायत डुमरियागंज के अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार महबूब आलम एवं उपनिरीक्षक कोतवाली डुमरियागंज द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध समस्त टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया, जिसमें 31500 जुर्माना वसूल किया गया तथा सड़क की पटरियों के अतिक्रमण को एवं नाले पर हुए अतिक्रमण को खाली कराया गया।

यह अतिक्रमण अभियान बैदौला चौराहे पर तथा मंदिर चौराहा से प्राइवेट बस स्टैंड और रोडवेज बस स्टैंड तक चलाया गया। इसी क्रम में डुमरियागंज मंदिर चौराहा के निजामुद्दीन कॉम्प्लेक्स के सामने गाड़ियां बेतरतीब तरीके से खड़ी थी जिसकी वजह से अतिक्रमण होता था, इस कारण निजामुद्दीन कॉम्प्लेक्स पर 5000 जुर्माना लगाया गया तथा निर्देशित किया गया कि वह अपनी ट्रैफिक की व्यवस्था खुद करें यदि कॉम्प्लेक्स के सामने गाड़ियां पाई गई तो पुनः जुर्माना वसूल किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा बैदौला चौराहा तथा मंदिर चौराहा पर यह निर्देश दिया गया कि कृपया लोग पटरी एवं नालियों को अतिक्रमण मुक्त रहें, अन्यथा यह अभियान निरंतर चलाया जाएगा तथा धनराशि बढ़ाकर चालान किया जाएगा।

इस अभियान में लिपिक हसन ताकीब रिजवी, महंथ मिश्रा, हैदर अली, अर्पित द्विवेदी, राजेश जायसवाल, विवेक, शिवा, मोहम्मद हैदर सबलू रिजवी सहित तमाम नगर पंचायत कर्मचारी और पुलिस प्रशासन उपस्थित रहे।

### स्व. अनवर जलालपुरी को शिद्दत के साथ किया याद

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति लब्ध अदब व साहित्य संगम के मंच संचालन रहे पद्मश्री स्व. अनवर जलालपुरी को उनकी सातवीं पुण्य तिथि पर शिद्दत से याद किया गया। नगर व क्षेत्र के साहित्यिक संगठनों व शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर स्वर्गीय अनवर के वतनपरस्ती से लबरेज़ नगमों को सुनाकर कवियों व शायरों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सामाजिक बुराईयों पर चोट करते शायरों और कवियों की शायरी से कार्यक्रम को यादगार बनाया। श्रोताओं ने तालियां बजाकर शायरों का हौसला बढ़ाया। काजीपुरा मुहल्ला स्थित मास्टर मोहम्मद अहमद के आवास पर आयोजित अदब शाला अनवर जलालपुरी के तत्वावधान में बज़्म-ए-अनवर में शायरों व कवियों ने देश प्रेम के जज्बों से सराबोर गीतों व ग़ज़लों से अनवर जलालपुरी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।शौक अशर्फी ने पढ़ा सुखनवरी के वो मंज़र दिखा गए अनवर - सजी जो बज़्म सुखन याद आ गऐ अनवर फिरोज जलालपुरी ने श्रद्धांजलि देते हुए पढ़ा हुनर से शेअर सुखन को सजा ग ए अनवर - हर एक राह दरख्शां बना गए।

### खुशनुमा माहौल मे मीरा मसूद हमदानी का एक दिवसीय गुस्ल सम्पन्न



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रसिद्ध सूफी संत हजरत सैय्यद मीरा मसूद हमदानी की भियांव स्थित दरगाह का एक दिवसीय सालाना गुस्ल मुबारक बड़े ही खुशनुमा माहौल में सम्पन्न हुआ। सज्जादा नशीन सैयद शमीम अहमद चिश्ती की सरपरस्ती में हुए गुस्ल के कार्यक्रम में मुल्क के कोने कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने शरीक होकर अपनी दिली मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए दुवाएं की। कड़कड़ाती ठंड व कोहरे को दरकिनार कर गुस्ल में शामिल जायरीनों की आस्था ने जमकर हिलोरे लिया। सभी ने मिट्टी के घड़ो में भरे जल, केवड़े व गुलाब जल से मुख्य मजार समेत अन्य मजारों का गुस्ल कराया और मुल्क के अमन चैन के लिए खास दुवा में शामिल हुए। गुस्ल के बाद पूरा दरगाह परिसर भीनी भीनी खुशबुओं से महक उठा। गुस्ल का कार्यक्रम गुरुवार की रात्रि में ही सम्पन्न हुआ जब कि शुक्रवार को पूरे दिन लंगर व विशेष प्रसाद खीचड़े का वितरण होता रहा। गुस्ल में सम्मिलित जायरीनों को रैन बसेरा व शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं से जूझते देखा गया। दरगाह कमेटी की जानिब से अलाव का प्रबंध किया गया मगर कड़ाके की ठंड में यह नाकाफी साबित हुआ। उक्त अवसर पर दरगाह कमेटी के उपाध्यक्ष गौस आलम, सेक्रेटरी मो. आरिफ, नंबरदार जुनेद अहमद, मो. अजीम समेत अन्य मौजूद रहे।

## भाजपा-कांग्रेस बनाम केजरीवाल

कांग्रेस नेता एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को 'देशद्रोही' और 'फर्जीवाल' करार दिया है और उनकी राजनीति से सचेत रहने को आगाह किया है। पलटवार में केजरीवाल ने कांग्रेस को अल्टीमेटम का जो वक्त दिया था, वह समाप्त हो चुका है। केजरीवाल ने अपनी धमकी के मुताबिक न तो 'इंडिया' गठबंधन को कांग्रेस को निकाल बाहर करने का आग्रह किया है और न ही ऐसा आग्रह स्वीकार करना संभव है। कांग्रेस ने अपने नेता के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की है। बल्कि कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने केजरीवाल के खिलाफ जो शिकायतनामा उपराज्यपाल विनय सक्सेना को दिया था, उस पर पुलिसिया जांच के आदेश दे दिए गए हैं। परोक्ष रूप से लगता है कि दिल्ली के चुनाव में भाजपा-कांग्रेस साथ-साथ हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी यही आरोप लगाया था कि चुनावों के मद्देनजर भाजपा-कांग्रेस में सांठगांठ है। यह कुछ सच भी लग रहा है। भाजपा-कांग्रेस की एक साथ राजनीति बेहद चौंकाती है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर वे राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के बजाय 'नफरती दुश्मन' अधिक हैं। आज से छह माह पूर्व, जून-2024 के आम चुनाव तक, कांग्रेस और 'आप' सहोदरी गठबंधन में थे और मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ा था।

यह दीगर है कि दिल्ली में भाजपा ने इस गठबंधन को सातों संसदीय सीटों पर चित कर दिया था। उसके बाद कांग्रेस-आप का गठबंधन जिस तरह दोफाड़ हुआ है, उससे सवाल उठते हैं कि क्या 'इंडिया' का अस्तित्व अब भी जिंदा है? क्या 'इंडिया' एकजुट, लामबंद होकर प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा को चुनौती देने की स्थिति में है? क्या 'इंडिया' धीरे-धीरे अलग-थलग होकर बिखरने के कगार तक पहुंच गया है? कांग्रेस के अन्य घटक दलों के साथ भी संबंध सामान्य नहीं हैं। कांग्रेस-भाजपा बनाम केजरीवाल की राजनीति का विश्लेषण करना अनिवार्य है, क्योंकि कई संवैधानिक सवाल पैदा होते जा रहे हैं। उपराज्यपाल की जांच भी संदिग्ध है। पंजाब से पैसा दिल्ली भेजा जा रहा है, इसका बुनियादी साक्ष्य क्या है? दूसरी तरफ 'आप' के कार्यकर्ताओं ने तीन दिन में ही 'महिला सम्मान योजना' के तहत करीब 22 लाख महिलाओं का पंजीकरण कर लिया है। 'संजीवनी योजना' के तहत 2 लाख से अधिक बुजुर्गों का पंजीकरण कर लिया गया है। इन लाखों लोगों का निजी डाटा जुटाया गया है। क्या यह कानूनन अपराध है? यदि यह अपराध जांच के काबिल है, तो चुनाव से पहले ऐसी तमाम घोषणाओं के लिए लोगों के पंजीकरण भी अपराध हैं। ऐसी कवायद केंद्र सरकार के स्तर पर भी की जाती रही है। कांग्रेस और भाजपा के स्तर पर नकदी ही नहीं, 'रेवड़ियां' भी बांटी जा रही हैं, यह आर्थिक अपराध की जांच का आधार क्यों नहीं है? चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई, किसानी, भ्रष्टाचार, विकास आदि की चर्चा दूर-दूर तक नहीं है। 'मुफ्तखोरी' का शोर बहुत गूंज रहा है।

## भारतीय महिलाओं की प्रेरणा स्तम्भ सावित्री बाई फूल

**हरी राम यादव**

18 वीं शताब्दी, जब पर्दा प्रथा जोरों पर थी, ऊँच नीच , छुआ छूत, सती प्रथा, बाल विवाह और जाति प्रथा का बोलबाला था। पुरुषवादी सोच महिलाओं की स्वंतंत्रता पर पूर्णरूप से हावी थी, महिलाएं केवल घरों तक सीमित थीं, उनका बाहर निकलना मुश्किल था। उस समय महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित नायगांव गांव में एक बालिका का जन्म हुआ, इस बालिका का नाम सावित्रीबाई था और इस बालिका ने आगे चलकर शिक्षा की ऐसी अलख जगाई कि उस अलख के आगे सामाजिक कुरीतियों की दुकान चलाकर अपना भरण-पोषण करने वाले ठेकेदार ताश के पत्तों की तरह धराशाई हो गए ।



सावित्रीबाई फुले का जन्म 03 जनवरी 1831 को श्रीमती लक्ष्मीबाई और खांडोजी नेवेशे पाटिल के यहाँ हुआ था। महज 09 साल की उम्र में उनका विवाह ज्योतिबा फुले के साथ कर दिया गया, इस समय ज्योतिबा फुले की उम्र महज 13 साल थी । विवाह के समय सावित्री बाई शिक्षा के नाम पर शून्य थीं, और उनके पति तीसरी कक्षा तक पढ़े थे । उस वक्त केवल ऊंची जाति के पुरुषों को ही शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार था , महिलाओं के लिए तो शिक्षा दूर की कौड़ी थी। उपजी सामाजिक परिस्थितियों ने उन दोनों को शिक्षा की लौ जलाने के लिए उत्प्रेरित किया। 05 सितंबर 1848 को इन्होंने पुणे में अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की नौ छात्राओं के साथ महिलाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की। महिलाओं की शिक्षा का चलन न होने और पर्दा प्रथा के कारण इन्हें लड़कियों को पढ़ाने के लिए कोई अध्यापिका नहीं मिल रही थी । उन्होंने पहले स्वयं इस विद्यालय में पढ़ाना शुरू किया और धीरे धीरे इस काम के लिए उन्होंने सावित्री बाई को पढ़ाकर इस योग्य बना दिया कि वह उनके कंधे से कंधा मिलाकर इस दिशा में चल सकें। लाख बाधाओं के बावजूद सावित्री बाई फुले और ज्योतिबा फुले अपने उद्देश्य में लगे रहे और एक वर्ष में पाँच नये विद्यालय खोलने में सफल हुए। उस समय की सरकार ने इनके इस कार्य से प्रभावित होकर इन्हें सम्मानित किया। सन् 1848 में एक महिला के लिये बालिका विद्यालय चलाना कितना मुश्किल रहा होगा, इसकी कल्पना करना मुश्किल है । उस समय उनका समाज में भारी विरोध होता था । जब वह स्कूल जाती थीं, तो विरोधी लोग उन पर पत्थर मारते थे। उन पर गंदगी फेंकते थे। सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जिया और अपने उद्देश्य - विधवा विवाह करवाना, बाल विवाह से मुक्ति , छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाने में सफल रहीं । इस काम में जिन्होंने इनका सबसे ज्यादा साथ दिया वह थीं फातिमा शेख।

सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 24 सितंबर 1873 को सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी । उन्होंने विधवा विवाह की परंपरा शुरू की और इस संस्था के द्वारा पहला विधवा पुनर्विवाह 25 दिसम्बर, 1873 को कराया गया। जब 28 नवंबर 1890 को बीमारी के चलते ज्योतिबा फुले का निधन हो गया तब सत्यशोधक समाज की जिम्मेदारी सावित्रीबाई फुले पर आ गई। उन्होंने पूरी जिम्मेदारी से इसका संचालन किया। उन्होंने आत्महत्या करने जाती हुई एक विधवा महिला काशीबाई का अपने घर में प्रसव करवा कर उसके बच्चे यशवंत को अपने दत्तक पुत्र के रूप में गोद लिया, यशवंत राव को पाल पोसकर उन्होंने उसे डॉक्टर बनाया और उसका अंतर्जातीय विवाह करवाकर जाति वर्ग से परे अपने महान विचारों को प्रत्यक्ष रूप में समाज के समक्ष रखा। समाज सुधारक, शिक्षा की देवी के अलावा सावित्रीबाई फुले एक कवयित्री भी थीं। उन्हें मराठी की आदि कवयित्री के रूप में भी जाना जाता था। उनकी लेखनी काफी प्रखर थी। सन् 1854 में उनकी पहली पुस्तक काव्य फुले प्रकाशित हुई । उनकी अधिकतर कविताओं के विषय शिक्षा, जाति प्रथा और नारी की परतंत्रता होते थे। उनका एक काव्य संग्रह भी प्रकाशित हो चुका है। इनके अलावा सावित्री बाई फुले ने ज्योतिबा फुले के भारतीय इतिहास पर व्याख्यान और स्वयं के भाषणों का भी सम्पादन किया। सच्चे अर्थों में सावित्रीबाई फुले पूरे देश की महानायिका हैं। हर जाति, धर्म और संप्रदाय के लिये उन्होंने काम किया। शिक्षा के क्षेत्र के साथ साथ मानवता के क्षेत्र में भी सावित्रीबाई फुले ने बहुत बड़ा योगदान दिया । उस समय किए गए उनके प्रयासों की बदौलत महिलाएं आज सम्मान से जीवन व्यतीत कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1991 में भारत का डॉक्टर-रोगी अनुपात प्रति 1,000 रोगियों पर 1.2 डॉक्टरों के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ी 2020 में अनुपात घटकर लगभग 0.7 रह गया। डब्ल्यूएचओ द्वारा सिफारिश स्तर एक है और चीन में यह अनुपात 2.4 है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मार्च में संसद को बताया कि वास्तव में भारत में प्रति 834 रोगियों पर एक डॉक्टर का अनुपात है, जो डब्ल्यूएचओ स्तर से काफी ऊपर है, लेकिन संख्या में आयुर्वेद, होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सक शामिल थे।**

# डॉक्टरों की कमी पूरी करने के लिए अदालत की पहल

सर्वविदित है कि देश की विशाल आबादी पर चिकित्सकों की उपलब्धता वैश्विक मानकों के अनुरूप नहीं है। यूनेस्को कई बार बता चुका है कि भारत के कई स्थानों पर एक हजार व्यक्तियों पर एक चिकित्सक भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यदि देश के कई मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह जाएं तो इसे देश के लिये विडंबना ही कहा जाएगा। इस ज्वलंत मुद्दे पर देश की शीर्ष अदालत ने संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक देश के सभी मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी सीटों को तुरंत भरा जाए। जाहिर है जब देश में पहले से ही डॉक्टरों के कमी है तो ये सीटें क्यों खराब की जा रही हैं? निश्चित रूप से समाज के अंतिम व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में शीर्ष अदालत की यह पहल बदलावकारी साबित हो सकती है।



डॉ. ओपी त्रिपाठी

फरवरी 2024 को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में मंत्रालय की ओर से नेशनल मेडिकल कमीशन की रिपोर्ट पेश की गई, इस रिपोर्ट के हिसाब से भारत में जून 2022 तक स्टेट मेडिकल काउंसिल और नेशनल मेडिकल कमीशन में 13,08,009 एलोपैथिक डॉक्टर रजिस्टर्ड हैं। इस रिपोर्ट के हिसाब से भारत में जून 2022 तक स्टेट मेडिकल काउंसिल और नेशनल मेडिकल कमीशन में 13,08,009 एलोपैथिक डॉक्टर रजिस्टर्ड हैं। देश में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए पिछले दिनों बड़ी संख्या में नये मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं, लेकिन इनमें सीटों की संख्या दुगनी हो जाने के बाद भी डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2014 में कार्यभार संभालने के बाद से विशेष उपचार के लिए एक दर्जन से अधिक एम्स जैसे चिकित्सा संस्थानों का निर्माण किया है। सरकार की देश के 761 जिलों में से हरेक में कम से कम एक बड़ा अस्पताल बनाने की योजना है। समस्या डॉक्टरों की कमी की है। यह कमी तब और गंभीर हो जाती है जब भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1991 में भारत का डॉक्टर-रोगी अनुपात प्रति 1,000 रोगियों पर 1.2 डॉक्टरों के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ी 2020 में अनुपात घटकर लगभग 0.7 रह गया। डब्ल्यूएचओ द्वारा सिफारिश स्तर एक है और चीन में यह अनुपात 2.4 है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मार्च में संसद को बताया कि वास्तव में भारत में प्रति 834 रोगियों पर एक डॉक्टर का अनुपात है, जो डब्ल्यूएचओ स्तर से काफी ऊपर है, लेकिन संख्या में आयुर्वेद, होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सक शामिल थे। डब्ल्यूएचओ और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जैसे डॉक्टर समूह अपनी गणना में पारंपरिक चिकित्सा के चिकित्सकों को शामिल नहीं करते हैं।



इस दिशा में उत्तर प्रदेश में काफी अच्छा काम हुआ है। एक समय में यूपी में सिर्फ 18 मेडिकल कॉलेज थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश और सूबे के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के चलते आज राज्य में 64 जिलों में कम से कम एक संस्थान स्थापित हो चुके हैं। जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। बाकी के बचे हुए जिलों में भी मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी योगी सरकार कर रही है। असल में यूपी में योगी सरकार %एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज% के प्रण को पूरा करने की दिशा में बड़ी तेजी से काम कर रही है।

सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि मोदी के कार्यकाल में विशेष संस्थानों को छोड़कर, सार्वजनिक अस्पतालों की संख्या में लगभग नौ फीसदी की वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक सरकार ने निजी और सार्वजनिक कॉलेजों में स्नातक मेडिकल सीटों की जो संख्या मार्च 2014 से पहले 51,348 थी उसे लगभग दोगुनी कर 1,01,043 कर दी है।

फरवरी 2023 में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संसद में दिए गए एक जवाब के मुताबिक 31 बड़े केंद्र सरकार के अस्पतालों में 3,000 से अधिक डॉक्टरों की वैकंसी थी, जिनमें एक दर्जन से अधिक विशिष्ट संस्थान शामिल हैं। वहीं नर्सों और सहायक कर्मचारियों की रिक्तियां 21,000 से अधिक थीं। बड़े शहरों के बाहर विशेष देखभाल की कमी खास तौर से गंभीर है। सरकार का कहना है कि मार्च 2022 तक ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सर्जन, चिकित्सकों, स्त्री रोग विशेषज्ञों और बाल रोग विशेषज्ञों की लगभग 80 फीसदी कमी थी।वैसे देश में निजी अस्पतालों में तो डॉक्टरों की कमी नहीं है, लेकिन सार्वजनिक अस्पतालों व डिस्पेंसरियों में डॉक्टरों की कमी बराबर बनी रहती है। खासकर ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति बहुत खराब है। यही वजह है कि देश के बड़े चिकित्सा संस्थानों मसलन एम्स व पीजीआईएमईआर जैसे संस्थान मरीजों के दबाव से चरमरा रहे हैं। साथ ही चिकित्सक बेहद दबाव में काम कर रहे हैं।

यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत ने इस संकट की गंभीरता को महसूस करते हुए निर्देश दिए हैं कि इस महीने के अंत तक काउंसलिंग करा कर उन सीटों को तुरंत भरा जाए। निश्चित रूप से इस पहल से देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को संबल मिल सकेगा। निस्संदेह, यह तार्किक है कि चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले को लेकर देश में भारी मारामारी है। इसकी वजह यह है कि मेडिकल की पढ़ाई के बाद कमोबेश रोजगार पाना गारंटी जैसी होता है। उनके लिये विदेशों में भो रोजगार के आकर्षक अवसर होते हैं। अन्यथा निजी अस्पताल खोलकर भी वे अपना शानदार करियर बना सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल हमारे गांवों में चिकित्सा सुविधाओं के नितांत अभाव का होना है। ऐसा नहीं है कि इस चुनौतीपूर्ण स्थिति का सरकार को भान नहीं है।

सरकार भी मानती है कि देश के ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता तो दूर सामान्य डॉक्टरों की मौजूदगी भी कम ही है। इस संकट का समाधान तभी संभव है जब देश में अधिक मेडिकल कॉलेज खुलें और उनकी सभी सीटों को भरा जाए। वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों को ग्रामीण इलाकों में काम करने के लिये प्रेरित किया जाए। उन्हें वेतन तथा प्रोन्नति के विशेष अवसर दिए जाएं। अनिवार्य रूप से तय किया जाए कि मेडिकल कालेजों से निकलने वाले चिकित्सक कुछ प्रारंभिक वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों मेंअपनी सेवाएं दें।

इस बात पर मंथन किया जाना चाहिए कि विगत में हुए ऐसे प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ पाए। इसके अलावा दुनिया के अनेक देशों से मेडिकल की पढ़ाई करके आने वाले डॉक्टरों को आवश्यक अर्हताएं पूरी करने पर डॉक्टरी करने की सुविधा प्रदान की जाए। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार का दायित्व बनता है कि गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले तथा कमजोर वर्गों के लोगों को सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाएं। ये लोग महंगे निजी अस्पतालों की चौखट तक पहुंचने की क्षमता नहीं रखते।

# स्कूलों में छात्रों की संख्या का घटना चिन्ताजनक

**शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है।**

शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है?



ललित गर्ग

भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लेटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है।

शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है। छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है।



भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है। भारत में एक सभ्य शिक्षा प्रणाली के महत्व की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। देश की शिक्षा प्रणाली को नया आकार दिया जा रहा है और शिक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। प्रणाली को आधुनिक बनाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं। बहरहाल, यह खुशी की बात है कि अब भारत के 91.7 प्रतिशत स्कूलों तक बिजली पहुंच चुकी है। अभियान चलाकर देश के बाकी बचे स्कूलों तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। देश में 98 प्रतिशत से ज्यादा स्कूलों तक पेयजल सुविधा के साथ ही टॉयलेट की सुविधा पहुंच चुकी है। स्कूलों को संसाधन संपन्न बनाने के साथ ही शिक्षकों और पुस्तकों की गुणवत्ता एवं स्कूलों को संसाधन के स्तर पर भी बहुत मजबूत करने की जरूरत है। भारत के 60 प्रतिशत स्कूलों में भी कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं और इंटरनेट की सुविधा वाले स्कूलों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम है। आज के समय में जब हमें बड़े पैमाने पर कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी, तब किसी का कंप्यूटर शिक्षा से वंचित होना बहुत महंगा पड़ेगा। आज के समय में हर छात्र या हर नागरिक को कंप्यूटर और इंटरनेट का सामान्य ज्ञान होना ही चाहिए। कंप्यूटर आज के समय में विलासिता नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य जरूरत है।

नया भारत बनाने के लिए शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के ज़रिए ही देश का विकास होता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। हालांकि, कई स्कूल अभिभावकों और छात्रों को बनाए रखने और आकर्षित करने के लिए संघर्ष करते हैं। इन संघर्ष की स्थितियां का नियंत्रित होना जरूरी है। इसी से भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था एवं विश्व गुरु होने का दर्जा पा सकेगा। क्योंकि शिक्षा दृष्टि और दृष्टिकोण को बढ़ाती है, जिससे समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है।

# बोरवेल हादसा: आखिर चेतना चली गई

**2006 में अंबाला के प्रिंस के बोरवेल में गिरने की घटना शायद लोगों को याद होगी। उस समय भी देश भर में यह मुद्दा गर्माया था। प्रिंस को बचा लिया गया था, लेकिन यह घटना एक चेतावनी थी कि ऐसे हादसे दोबारा न हों। फिर भी, इसके बाद ऐसी घटनाओं की संख्या निरंतर बढ़ती चली गई। महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश–हर राज्य में ऐसी घटनाओं ने कितने ही बच्चों की जान ली। भारत में हर साल हजारों बोरवेल खुदते हैं। इनमें से कई या तो अधूरे रह जाते हैं या पानी न मिलने पर उन्हें खुला छोड़ दिया जाता है।**

चेतना चली गई। बच्ची भी औरज्ज हम सब की भी। हम इतने अचेतन कैसे हो सकते हैं? यह पहला बोरवेल हादसा नहीं था कि अचानक हुआ और लोगों को इसकी संभावना नहीं थी। उन्हें इसका कोई ज्ञान नहीं था कि ऐसा भी हो सकता है। न ही चेतना पहली बच्ची थी जो बोरवेल में गिरी और न ही प्रशासन अनभिज्ञ था और न लोग। ऐसी घटनाएं अब अक्सर समाचारों की सुर्खियां बनने लगी हैं। बोरवेल की अंधेरी सुरंग में बच्चे की तड़प और उसके मानसपटल पर चल रहे द्वंद्व की कल्पना मात्र से हृदय में सिहरन पैदा हो जाती है। सोचिए उन माता पिता या परिवारजनों पर क्या बीत रही होगी जिनके कलेजे का टुकड़ा बोरवेल में जीवन और मृत्यु की लड़ाई लड़ रहा हो। क्या इन दस दिनों में उनके हलक से कोई निवाला नीचे उतरा होगा? अंततः प्रश्न उठता है कि आखिर बोरवेल खुले ही क्यों छोड़े जाते हैं? उन्हें तुरंत प्रभाव से बंद क्यों नहीं किया जाता?



बलदेव राज भारतीय

23 दिसंबर की वह दुर्भाग्यपूर्ण दोपहर कोटपुतली के लोग कैसे भूल पाएंगे? जब उनके बीच अपनी मासूमियत से हंसती खिलखिलाती एक 3 वर्षीय बच्ची चेतना खेलते खेलते घर के पास खुदे 700 फीट गहरे एक खुले बोरवेल में गिर गई। बच्ची की मासूमियत और उसका दर्दनाक संघर्ष उस अंधेरे कुएं में कैद हो गया। आखिरी बार उसका एक वीडियो उसी शाम लगभग 7 बजे आया जिसमें वह हाथ हिलाते हुए नजर आई। प्रशासन, स्थानीय लोग, और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) ने उसे बचाने की हर संभव कोशिश की। मशीनों की गड़गड़ाहट, रोबोटिक कैमरों की झलक और ऊपर जमा भीड़ की बेचैनी ने इस मामले को पूरे देश का मुद्दा बना दिया। लोग बच्ची के जीवन के लिए निरंतर प्रार्थनाएं कर रहे थे। यह एक विडंबना ही है कि मनुष्य अपनी गलतियों के लिए भी भगवान को दोष देने लगता है। किसी बोरवेल को खुला छोड़ देना कोई छोटी मोटी गलती नहीं, यह एक बहुत बड़ा अपराध है। एक ऐसा अपराध जिससे किसी मासूम के जीवन से खेला जा सकता है। बच्चे नादान होते हैं। उन्हें अपने भले बुरे का ज्ञान नहीं होता। परन्तु घर के बड़े सदस्य इतने लापरवाह कैसे हो सकते हैं। जिस घर के पास इस प्रकार का बोरवेल हो और उस घर में छोटे बच्चे हों तो उस घर के लोगों को नींद कैसे आ सकती है, वे अचेतन अवस्था में कैसे हो सकते हैं? यह बोरवेल एक दिन में तो वहां खुदा नहीं होगा। इसको बंद करवाने की कोशिश उन लोगों ने क्यों नहीं की?



दस दिन की अथक मेहनत के बाद बोरवेल के समानांतर सुरंग खोदकर जब मासूम चेतना को बाहर निकाला गया तो वह अपने प्राण त्याग चुकी थी। एक छोटी सी बच्ची भूखी प्यासी और ऑक्सीजन की कमी में आखिर दस दिन तक मौत से कैसे लड़ सकती थी? उसके माता-पिता की चीखें उस गांव में गूंज उठीं। चेतना जा चुकी थी। यह घटना न केवल चेतना के माता-पिता के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक झटका थी। चेतना के जाने के बाद भी समाज और सरकार को चेतना आ जाए तो समझ लेना चाहिए कि चेतना का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। 2006 में अंबाला के प्रिंस के बोरवेल में गिरने की घटना शायद लोगों को याद होगी। उस समय भी देश भर में यह मुद्दा गर्माया था। प्रिंस को बचा लिया गया था, लेकिन यह घटना एक चेतावनी थी कि ऐसे हादसे दोबारा न हों। फिर भी, इसके बाद ऐसी घटनाओं की संख्या निरंतर बढ़ती चली गई। महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश–हर राज्य में ऐसी घटनाओं ने कितने ही बच्चों की जान ली। भारत में हर साल हजारों बोरवेल खुदते हैं। इनमें से कई या तो अधूरे रह जाते हैं या पानी न मिलने पर उन्हें खुला छोड़ दिया जाता है। यह न केवल गैर-जिम्मेदारी और बड़ी लापरवाही है, बल्कि एक बहुत बड़ा अपराध है। इन गड्ढों को बंद करने के नियम और कानून तो हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी हैं। लेकिन उनकी अनुपालना की जिम्मेदारी कौन लेता है? प्रशासन की लापरवाही और स्थानीय लोगों की उदासीनता इन हादसों के लिए समान रूप से जिम्मेदार है। ज़रूरत है नियमों और कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए। ऐसे मामलों में दोषियों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए, चाहे वे सरकारी अधिकारी हों या निजी व्यक्ति। सोचिए उन माता-पिता पर क्या गुजरती होगी, जिनका बच्चा ऐसे हादसे का शिकार होता है। दस दिन तक चेतना के माता-पिता ने सांस रोके अपनी बच्ची के लौटने का इंतजार किया। मशीन की हर आवाज पर उनकी उम्मीदें बंधती और हर गुजरते घंटे के साथ उनका दिल टूटता। एक एक क्षण उनके लिए कितना भारी होगा, इसका अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता। लेकिन यह केवल उन माता-पिता का दर्द नहीं है। यह हमारे पूरे समाज की संवेदनहीनता को उजागर करता है। हर बार जब ऐसी कोई घटना होती है, हम कुछ दिन दुख प्रकट करते हैं और फिर भूल जाते हैं। भूल जाते हैं कि खुले पड़े बोरवेल के प्रति हमारा कुछ कर्त्तव्य है? आखिर हम कब तक ऐसे हादसों को सामान्य समझकर चलते रहेंगे?

गांव और शहरों में लोगों को इन खतरों के प्रति जागरूक करना जरूरी है। हर परिवार और समुदाय को यह समझना होगा कि यह उनकी जिम्मेदारी है कि उनके आसपास कोई ऐसा खतरा न हो। आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करके बोरवेल की संरचना को सुरक्षित बनाया जा सकता है। इसके अलावा, पुराने और निष्क्रिय बोरवेल को बंद करने के लिए विशेष टीमें गठित की जानी चाहिए। बच्चों को उनके आस-पास के खतरों के बारे में शिक्षित करना चाहिए। स्कूलों और घरों में यह सिखाना जरूरी है कि वे खुले गड्ढों या बोरवेल के पास न जाएं।

# बिजली चोरी पकड़े जाने पर हंगामा कर्मियों को घेरने का प्रयास

अवधनामा संवाददाता



■ किसी तरह बचकर निकले कर्मी, चोरी के लिए काट रहे सर्विस केबल

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार तड़के बिजली चोरी के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान नादान महल रोड उपकेंद्र के तहत बिल्लौचपुरा क्षेत्र में बिजली चोरी पकड़े जाने पर लोगों ने हंगामा करके घेराव का प्रयास किया। यह हंगामा तब हुआ, जब बिजली चोरी करने वालों के नाम की तहकीकात की जा रही थी। कर्मियों द्वारा नाम पूछने पर मोहल्ले के लोग उनका घेराव करने लगे। हाथापाई शुरू होती, इससे पहले ही कर्मी लौट गए।

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार तड़के बिजली चोरी के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान नादान महल रोड उपकेंद्र के तहत बिल्लौचपुरा क्षेत्र में बिजली चोरी पकड़े जाने पर लोगों ने हंगामा करके घेराव का प्रयास किया। यह हंगामा तब हुआ, जब बिजली चोरी करने वालों के नाम की तहकीकात की जा रही थी। कर्मियों द्वारा नाम पूछने पर मोहल्ले के लोग उनका घेराव करने लगे। हाथापाई शुरू होती, इससे पहले ही कर्मी लौट गए।

लखनऊ मध्य जोन के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि सभी खंड चौक, ठाकुरगंज, रेजीडेंसी, ऐशबाग, राजाजीपुरम, अपट्रान, हुसैनगंज, अमीनाबाद, राजभवन में यह सुबह सात बजे से कार्रवाई का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कुल 257 उपभोक्ताओं के घरों की चेकिंग की गई, जिसमें 68 लोग चोरी की बिजली से हीटर एवं ब्लोअर का इस्तेमाल करते चिन्हित किए गए, जिनके घरों में हो रही बिजली चोरी के वीडियो बना साक्ष्य को जुटाया गया। हजरतगंज में चेकिंग के दौरान खुद मुख्य अभियंता ने टीम संग घरों को जांचा।

सर्किल छह के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद पांडेय ने बताया कि चौक, ठाकुरगंज, अमीनाबाद में जो बिजली चोरी शुक्रवार को पकड़ी गई उनमें सर्वाधिक उपभोक्ता के द्वारा मीटर से पहले केबल को काटा गया था। जिन घरों में यह बिजली चोरी हो रही थी, उनके वीडियो बनाने के बाद सुबह 10 बजे कर्मियों को भेजकर घरों के उपभोक्ताओं के नाम का पता कराया गया। इसके बाद पुलिस को तहरीर देकर बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई।

## सपा कार्यकर्ता हत्याकांड : गली में फैला खून

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में सपा कार्यकर्ता प्रियांशु ओझा की हत्या के बाद से ही परिवार में चीख- पुकार मची है। वहीं आसपास के घरों में भी सन्नाटा पसरा है। वहीं लोगों में हमलावरों की बर्बरता को लेकर आक्रोश है। घटना के बाद गली में फैला खून और दीवारों पर पड़े खून के छींटे देखने के बाद हर किसी का कलेजा कांप उठा। हमलावरों के सिर पर ऐसा खून सवार था कि प्रियांशु पर तब तर कुल्हाड़ी और लाठी- डंडे से वार करते रहे जब तक उसके चीथड़े नहीं उड़ गए। घटना के बाद शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो पूरी गली में खून और मांस के लोथड़े दिख रहे थे। यह दृश्य देख लोगों का कलेजा फटा जा रहा था। सपा कार्यकर्ता प्रियांशु ओझा (22) स्वामी दयानंद मार्ग स्थित एक आइसक्रीम फैक्टरी में काम करते थे। वे बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे अपने घर हरना की गली जा रहे थे। गली में विरोधी निलेश कुमार कसेरा का मकान पहले पड़ता है।

# पांच जनवरी से महाकुंभ के लिए चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

अवधनामा संवाददाता



■ जगह-जगह बनाए जा रहे चार्जिंग स्टेशन, 44 सीट वाली होंगी इलेक्ट्रिक बसें

**लखनऊ।** नए साल में बस यात्रियों को बड़ा उपहार मिलने जा रहा है। पहली बार इलेक्ट्रिक बसें परिवहन निगम के बेड़े में शामिल होने जा रही हैं। पांच जनवरी से महाकुंभ प्रयागराज में इलेक्ट्रिक बसें पहुंचनी शुरू हो जाएंगी। महाकुंभ क्षेत्र में ही 40 बसें भ्रमण करेंगी। मेले के बाद बसों का संचालन प्रयागराज से लखनऊ के बीच होगा।

मेला क्षेत्र में बसों की चार्जिंग सहित अन्य प्रबंध पूरे किए जा चुके हैं। परिवहन निगम में इस समय 12500 बसों का बेड़ा है, इनमें अधिकांश निगम की और करीब 3000 बसें अनुबंधित हैं। अब बड़ा बदलाव होने जा रहा है, इलेक्ट्रिक बसों को बेड़े में शामिल किया जा रहा है। स्विच मोबिलिटी कंपनी की पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस लखनऊ में कमता से एयरपोर्ट तक चल रही है, यही कंपनी निगम के लिए इलेक्ट्रिक बसें मुहैया करा रही है।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 44 सीट वाली इलेक्ट्रिक बसें एक बार चार्ज होने पर 280 किलोमीटर तक चल सकेंगी। निगम इन्हें एक बार में 250 किलोमीटर तक चलाएगा। ताकि मार्ग में रुकने पर भी बसें गंतव्य तक आसानी से पहुंच जाएं। अत्याधुनिक एक बस की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये है। निगम के जनसंपर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पांच जनवरी को पांच इलेक्ट्रिक बसें प्रयागराज महाकुंभ पहुंच जाएंगी, जबकि 26 जनवरी से लगभग 40 इलेक्ट्रिक बसों का महाकुंभ क्षेत्र में ही आवागमन शुरू होगा। इसके लिए मेला क्षेत्र व प्रयागराज में चार्जिंग स्टेशन आदि तैयार किए गए हैं।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि पहले चरण में निगम को 100 इलेक्ट्रिक बसें मिल रही हैं। इनमें लखनऊ को 24 और गाजियाबाद व आगरा को 38-38 बसें आवंटित की गई हैं। महाकुंभ के बाद इन बसों का संचालन लखनऊ से प्रयागराज के बीच होगा, जबकि अन्य क्षेत्रों को आवंटित बसें संबंधित स्वीकृत मार्गों पर चलेंगी। लखनऊ व प्रयागराज के बीच चार्जिंग स्टेशन तैयार करने के प्रयास जारी हैं।

# जनहित में पीपीपी मॉडल नहीं : उपभोक्ता परिषद

अवधनामा संवाददाता

■ इस फैसले को तत्काल वापस लिया जाए

**लखनऊ।** ऊर्जा क्षेत्र में माननीय अखिलेश जी की सरकार में वर्ष 2013-14 में गाजियाबाद बनारस मेरठ व कानपुर शहरो के विद्युत वितरण क्षेत्र को पीपीपी मॉडल के तहत उनका निजीकरण किए जाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने कंसलटेंट यानी ट्रांजैक्शन एडवाइजर चयन करने की अनुमति दी थी और जिसके तहत पावर कारपोरेशन ने मै0 मेकान लिमिटेड को पीपीपी मॉडल लागू हेतु आर0एफ0पी प्रपत्र तैयार करने व फिजिबिलिटी स्टडी के लिए रखा गया था जिसकी भनक लगते ही बाद उपभोक्ता परिषद ने उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में एक अवमानना याचिका दाखिल करते हुए पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 142 के तहत कार्यवाही की मांग उठा दी थी अंततः विद्युत नियामक आयोग ने नोटिस जारी किया और उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने उस समय के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी को भी बताया कि यह पीपीपी मॉडल उपभोक्ताओं के हित में नहीं है इसलिए जो कंसलटेंट रखा गया है वह गलत है।

अंततः पावर कॉरपोरेशन की तरफ से विद्युत नियामक आयोग में जवाब दाखिल किया गया की में0 मेकान लिमटेड जो कंसलटेंट रखे गए हैं उनसे जो फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है उसमें उपभोक्ता परिषद की मांग को शामिल किया गया है जिसमें उनके द्वारा कहा गया है की सबसे पहले अध्ययन कराया जाए कि पीपीपी मॉडल से उपभोक्ताओं को क्या फायदा होगा और क्या नुकसान होगा। पावर कारपोरेशन ने आगे कहा कि केवल फीजिबिलिटी रिपोर्ट बनवाई जा रही है पीपीपी मॉडल लागू नहीं किया जा रहा है अभी स्टडी है।

# पन्ने... 60 फोटो के साथ बंद लिफाफे में रिपोर्ट दाखिल

## 24 नवंबर को वह दोबारा सर्वे करने पहुंचे तो बवाल हो गया था

अवधनामा संवाददाता



■ 29 नवंबर को कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश की जानी थी

**चंदौसी।** संभल जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट कोर्ट कमिश्नर ने अदालत में दाखिल की है। इस रिपोर्ट को सील बंद लिफाफे में पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वे के दौरान शाही जामा मस्जिद में पाए गए साक्ष्यों के संबंध में 43 पन्नों की सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत की है। साथ ही पाए गए तथ्यों के समर्थन में लगभग 60 फोटो भी सर्वे रिपोर्ट के साथ न्यायालय में पेश किए गए हैं।

बृहस्पतिवार को न्यायालय में बंद लिफाफे में सर्वे की रिपोर्ट के साथ एक प्रार्थनापत्र भी दिया गया है। इसमें उन्होंने सर्वे की तारीखों का हवाला दिया और समय पर रिपोर्ट न दाखिल करने का कारण तबीयत खराब होना बताया। साथ ही रिपोर्ट को पत्रावली पर लिए जाने की अनुमति मांगी।

19 नवंबर को न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल स्थित चंदौसी की अदालत में जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर कैला देवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरी और हरिशंकर जैन समेत आठ वादकारियों ने वाद दायर किया था। न्यायालय ने उसी दिन अधिवक्ता रमेश सिंह राघव को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था और सर्वे करने के आदेश दिए थे।

कोर्ट कमिश्नर ने भी उसी दिन कड़ी सुरक्षा में सर्वे किया। 24 नवंबर को वह दोबारा सर्वे करने पहुंचे तो बवाल हो गया था, जिसमें पांच लोगों की जान चली गई। इसके बाद 29 नवंबर को कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश की जानी थी। जिसमें न्यायालय ने कोर्ट कमिश्नर को सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दस दिन का समय दे दिया था।

इसके बाद नौ दिसंबर को सील बंद लिफाफे में सर्वे रिपोर्ट दाखिल की जानी थी। कोर्ट कमिश्नर ने तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए सर्वे रिपोर्ट तैयार न होने की बात कहते हुए समय की मांग की थी। वहीं, जामा मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता शकील अहमद वारसी ने समय मांगने को लेकर आपत्ति दाखिल की थी।

बृहस्पतिवार को शाम 4:30 बजे कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य कुमार सिंह की अदालत में पहुंचे और सर्वे रिपोर्ट दाखिल की। न्यायालय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए लिफाफे को मोहर से सील बंद करा दिया।

# लखनऊ चारबाग से चलेंगी महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें

अवधनामा संवाददाता

■ रेलवेकर्मियों की जैकेट पर होगा क्यूआर, टिकट बनाने में होगी आसानी

**लखनऊ।** सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि ट्रेन 04292 लखनऊ-प्रयाग जंक्शन चारबाग स्टेशन से दोपहर दो बजे चलकर उतरेटिया, मोहनलालगंज, बछरावां, रायबरेली, ऊंचाहार होते हुए प्रयाग शाम 7:55 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन 12, 13, 27, 28 जनवरी, एक, दो, 10, 11, 24 व 25 फरवरी को चलाई जाएगी।

04294 ट्रेन 28 जनवरी को चारबाग से शाम साढ़े सात बजे उतरेटिया, मोहनलालगंज, बछरावां, रायबरेली, दरियापुर, लक्ष्मणपुर, ऊंचाहार होते हुए फाफामऊ रात 12:45 बजे पहुंचेगी। ट्रेन 06071/72 एमजी रामचंद्रन सेंट्रल (चेन्नई सेंट्रल)-गोमतीनगर स्पेशल छह फेरों में चलाई जाएगी। 06071 स्पेशल 18 जनवरी, 15 फरवरी और पहली मार्च को चेन्नई सेंट्रल से दोपहर 2¬20 बजे चलकर प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या धाम होकर तीसरे दिन गोमतीनगर स्टेशन दोपहर सवा दो बजे पहुंचेगी। ट्रेन 06072 स्पेशल 21 जनवरी, 18 फरवरी और चार मार्च को गोमतीनगर से सुबह पौने चार बजे चलकर अगली रात 11:55 बजे चेन्नई पहुंचेगी। ट्रेन में थर्ड एसी के दस, स्लीपर के सात कोच होंगे।

महाकुंभ में यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे के स्टेशनों पर रेलकर्मियों के जैकेट पर क्यूआर कोड अंकित होगा। इसे स्कैन करते ही अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) मोबाइल एप डाउनलोड होगा। इससे यात्री खुद ही अनारक्षित श्रेणी के टिकट बना सकेंगे। इसके लिए प्रयागराज जंक्शन पर कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई जाएगी।

# सीएमएस छात्रों ने जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल

■ कड़ाके की ठंड में बैठे गरीब वृद्धजनों की आँखे कंबल पाकर खुशी से छलक आई

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी पॉकेटमनी के रूपयों से जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर एक सामाजिक-मानवीय कार्य की मिसाल पेश की है एवं इस पुनीत कार्य के द्वारा सिद्ध कर दिया कि सी.एम.एस. छात्र न केवल पढ़ाई में अपितु सामाजिक व मानवीय कार्यों में भी अग्रणी है।

जहाँ एक ओर, सी.एम.एस. चौक कैम्पस के छात्रों ने हनुमान सेतु, बड़ा इमामबाड़ा व आसपास के क्षेत्रों कंबल वितरण किया तो वहीं दूसरी ओर सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस के छात्रों ने बालाजी मंदिर, दुड़ियागंज आदि क्षेत्रों में जबकि सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस के छात्रों ने सामाजिक संस्था 'प्रयास एक संकल्प' एवं शम्भुका फाउण्डेशन के साथ मिलकर कंबल वितरण किया। इसी प्रकार, सी.एम.एस. के अन्य सभी कैम्पसों के छात्रों द्वारा द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में जरूरतमंदों को कंबल वितरण का पुनीत कार्य किया जा रहा है।

यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सर्द रात में खुले आसमान के नीचे सो रहे लोगों ने कम्बल पाकर राहत की सांस ली और इस पुनीत कार्य हेतु खुले दिल से छात्रों को आशीर्वाद दिया। जहाँ एक ओर, कड़ाके की ठंड में बैठे गरीब वृद्धजनों की आँखे कंबल पाकर खुशी से छलक आई तो वहीं दूसरी ओर छोटे-छोटे बच्चों को गोद में लिए बैठी महिलाओं को भी कम्बल पाकर बहुत राहत मिली।

## महाकुंभ में क्लब की ओर से लंगर, दो हजार लोगों की आंखों के होंगे ऑपरेशन

**वाराणसी।** महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए भी संस्थाएं व संगठन आगे आ रहे हैं। रोटरी और लायंस क्लब की 120 शाखाओं ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। महाकुंभ में एक महीने तक चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए लंगर चलाएंगे। शिविर में 2000 श्रद्धालुओं की आंखों का ऑपरेशन होगा। 5000 चश्मे दिए जाएंगे। रोटरी क्लब के पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश के सतना व रीवा सहित कुल 32 जिलों की 90 शाखाएं कुंभ मेला में सहयोग करेंगी। मंडलाध्यक्ष परितोष बजाज ने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा के लिए हर क्लब की ओर से लंगर भी चलाया जाएगा। ठहरने के लिए आश्रय केंद्र भी बनाए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए जूट के झोले भी बांटे जाएंगे। लायंस क्लब के मंडलाध्यक्ष बलबीर सिंह बग्घा ने बताया कि लायंस की करीब 30 शाखाएं एक माह तक चिकित्सा शिविर और लंगर

# सीएमएस के कोषाध्यक्ष का निधन

अवधनामा संवाददाता

■ सीएमएस परिवार ने दी भावभीनी श्रद्धान्जलि



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के कोषाध्यक्ष रहे श्री पवन कुमार अग्रवाल का लगभग 80 वर्ष की उम्र में बीती शाम दिनाँक 2 जनवरी को दिल का दौरा पड़ जाने से निधन हो गया। श्री अग्रवाल आजीवन सी.एम.एस. से जुड़े रहे और उनके अचानक निधन से सी.एम.एस. परिवार में शोक की लहर व्याप्त हो गई। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में सी.एम.एस. कार्यकर्ताओं ने आज प्रातः श्री अग्रवाल को भावभीनी श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की। इस अवसर पर डा. भारती गाँधी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में हम सभी श्री पवन कुमार अग्रवाल के परिजनों के साथ है और ईश्वर से कामना करते हैं कि इस दुख को सहन करने की शक्ति दें।

डा. गाँधी ने बताया कि पवन कुमार अग्रवाल के पिताजी सोहन लाल अग्रवाल जी ने ही वर्ष 1959 में मात्र पाँच बच्चों की उपस्थिति में फीता काटकर सिटी मोन्टेसरी स्कूल का उद्घाटन किया था और खास बात ये थी ये पाँचों बच्चे भी श्री सोहनलाल जी के परिवार के ही थे। बाद में, श्री सोहन लाल अग्रवाल जी आजीवन सी.एम.एस. के कोषाध्यक्ष रहे और उनके उपरान्त उनके पुत्र श्री पवन कुमार अग्रवाल भी आजीवन सी.एम.एस. के कोषाध्यक्ष रहे। श्री अग्रवाल जी का निधन सी.एम.एस. परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है।

## देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती मनी

**राजापुर।** प्रगतिशील समाज पार्टी के तत्वावधान में राजापुर स्थित पार्टी कार्यालय सविता सदन में देश की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सेविका एवं महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली महँ नारी विभूति माता सावित्री बाई फुले का जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रगतिशील समाज पार्टी महिला मोर्चा की संयोजक एडवोकेट मनीषा मिश्रा ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले ने महिलाओं को शिक्षित करने का महँ कार्य अपने कंधों पर उठाया। इस नेक कार्य में उन्हें अनेकों मुसीबतें झेलनी पड़ी।

## सात दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का पथ संचलन निकाला

**आजमगढ़।** राष्ट्र सेविका समिति गोरक्षप्रांत की ओर से सात दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का पथ संचलन निकाला गया। इस मौके पर नगर जगह जगह राष्ट्र सेविका समिति की बहनों का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। राष्ट्र सेविका समिति गोरक्षप्रांत के आर्यमगढ़ की विभाग कार्यवाहिका और जिला कार्यवाहिका के नेतृत्व में पथ संचलन गुरुवार को डीएवी इंटर कॉलेज से निकलकर अग्रसेन चौक होते हुए मातबरगंज, पुरानी कोतवाली दलाल घाट शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस डीएवी इंटर कॉलेज पहुंचकर सम्पन्न हुआ। राष्ट्र सेविका समिति गोरक्षप्रांत द्वारा 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक सात दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का आयोजन शेखर सोशल महिला महाविद्यालय सम्मोपुर आर्यमगढ में चलेगा। प्रशिक्षण वर्ग में प्रांत की कुल 150 बहनें प्रशिक्षण ले रही हैं। इसमें 25 शिक्षिका एवं 28 व्यवस्था प्रमुख बहनें शामिल हैं। वर्ग में सेविकाओं को दंड संचालन, नियुद्ध, गणसमता के प्रशिक्षण के साथ योगासन, आत्मरक्षा व बौद्धिक कार्यक्रम भी हो रहा है। प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम का उद्देश्य नारी को अपनी शक्ति की अनुभूति कराना है। खेल, व्यायाम, योगासन और प्रेरक कहानियों का प्रभाव स्वयंसेविकाओं के मन पर पड़ता है।

# मुक्त विश्वविद्यालय महाकुंभ में श्रद्धालुओं की हर संभव सेवा एवं सहायता को तत्पर

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में शुक्रवार को कुंभ गाइड प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय महाकुंभ क्षेत्र में आने वाले स्नानार्थियों की मदद के लिए गाइड तैयार करवा रहा है। जो कुंभ क्षेत्र में रहकर लोगों को सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने इसके लिए विद्यार्थियों को सामाजिक कर्तव्य में अपनी पूर्ण भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रयागराज के लोगों और विश्वविद्यालय के छात्रों, कर्मचारी एवं शिक्षकों को भाग्यशाली बताया। कहां कि हमें विश्वविख्यात कुंभ मेले की मेजबानी करने का सुअवसर मिल रहा है । ऐसे सुअवसर में हमारा विश्वविद्यालय परिवार महाकुंभ में आए हुए श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता एवं सेवा कर अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर सकता है। प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि यहां प्राप्त होने वाला प्रशिक्षण कुंभ में आने वाले लोगों की सहायता के साथ-साथ सभी प्रशिक्षुओं के लिए आजीवन उपयोगी होगा। प्रयागराज महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रमुख सहायता शिविरों तक पहुंचाने में गाइड की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होगी। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक उषा कुशवाहा, भारत स्काउट एंड गाइड ने कहा कि महाकुम्भ का महत्व आध्यात्मिक व धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। देश विदेश के श्रद्धालु आस्तिक बुद्धि के साथ कुम्भ में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जन के लिए आते हैं। वे स्नान के साथ-साथ प्रयागराज के आस पास के तीर्थ स्थलों का भ्रमण एवं उसकी जानकारी भी प्राप्त करना चाहते हैं। इस बारे में प्रशिक्षक सुश्री उषा कुशवाहा ने द्वादश माधव, समुद्र गुप्त, उल्टा किला, मनकामेश्वर मंदिर, हार्टकेश्वरनाथ, नागवासुकी, कोटेश्वर महादेव, अलोपशंकरी आदि के विषय में प्रशिक्षुओं को जानकारी उपलब्ध करायी। गाइड जिसका मकसद युवाओं में आत्मनियंत्रण, समाज सेवा और देशभक्ति जैसे मूल्यों को विकसित करना होता है जो युवाओं को अच्छे नागरिक बनाने के लिए तैयार करता है। कुंभ गाइड का उद्देश्य चरित्र का गठन, स्वस्थ आदतों का निर्माण, हस्तकला में प्रशिक्षण और उपयोगी कौशल हासिल करना तथा सेवा की एक उचित भावना विकसित करना है। कुंभ गाइड हनुमान मंदिर बंधवा, कंट्रोल रूम, ट्रैफिक कंट्रोल, झूंसी पुल, चुंगी बस स्टैंड, सिविल लाइन,रेलवे स्टेशन, संगम, वीआईपी घाट,संगम नोज, प्राथमिक सहायता केंद्र, पूछताछ केंद्र,आपदा राहत आदि प्रमुख स्थानों पर सहायता करने के लिए लगाये जाएं। कार्यशाला के प्रारंभ में वाचिक स्वागत एवं विषय प्रवर्तन कार्यक्रम समन्वयक आचार्य विनोद कुमार गुप्त ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर छत्रसाल सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ दिनेश सिंह ने किया।

# नाराज हलवाई ने कराई थी वकील की हत्या

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** 15 दिन पूर्व जिला मुख्यालय के निकट दिनदहाड़े गोलियों से भूनकर की गई वकील की हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। मामले में दो शूटर और एक साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि सुपारी लेने वाला मुख्य सरगना अभी भी फरार है। इस प्रकरण में मृतक वकील की बहन की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में नामजद पांच में से चार को पुलिस ने क्लीन चिट दे दी है।

बहजोई के ही फाटक पार रहने वाले वकील सत्यपाल सिंह पर बाइक सवार दो युवकों ने फायरिंग कर हमला किया था, जब वकील अपने पैतृक गांव कनेटा से दूध लेकर स्कूटी से सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। इसके बाद घायल वकील की मौत हो गई थी। इस प्रकरण में कुल पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। हत्याकांड के पर्दाफाश करने के लिए एसओजी और सर्विलांस के अलावा पांच टीमों को लगाया गया था। इस पूरे अभियान को एएसपी अनुकृति शर्मा लीड कर रही थी। सीसीटीवी और कुछ मोबाइल नंबर की डिटेल पर अध्ययन करते हुए पुलिस ने दोनों शूटर को चिन्हित कर लिया। अलीगढ़ के रहने वाले दोनों शूटर सुशील कुमार और प्रकाश को दो जनवरी को गिरफ्तार किया गया था, जब वे लाखन सिंह के मिठाई वाले गोदाम पर उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वे सुपारी की शेष रकम लेने आए थे। उनको वारदात से पहले एक लाख रुपये मिले गए थे। शूटरों ने बताया कि उन्हें चार लाख रुपये की सुपारी अलीगढ़ के ही शंकर दादा ने दी थी, जिसने हलवाई लाखन सिंह से वकील को मरवाने का सौदा किया था। पुलिस ने शूटर सुशील और प्रकाश के अलावा षड्यंत्रकर्ता हलवाई को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया है, जबकि सुपारी लेने वाला शंकर दादा अभी फरार है।पुलिस पूछताछ में लाखन सिंह ने बताया कि उसने अपनी छोटी बेटी तुलसा का विवाह वकील सत्यपाल सिंह के कहने पर उसके साले गेंदनलाल के बेटे मोहित के साथ कराया था। बाद में दोनों के बीच रिश्ता नहीं चला। मालूम हुआ कि मोहित शादी ही नहीं करना चाहता था। इस रिश्ते को जबरन कराया गया था। तत्पश्चात भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह के कार्यालय पर सभी रिश्तेदारों को बुलाकर एक फैसला कराया गया। दो साल पहले हुए इस फैसले में 17 लाख रुपये लाखन सिंह को मिलने थे, जिसमें नौ लाख रुपये कनेटा गांव के प्रधान गिरिराज के पास जमा कर दिए थे और आठ लाख रुपये बाद में दिए जाने थे।

# अनियोजित रिहायस को रोकने में एमवीडीए के फूले हाथ पांव

अवधनामा संवाददाता

- खेतों में बाउंड्री खींच बसाई जा रहीं कॉलोनियां, नोटिस नोटिस खेल रहा एमवीडीए
- सड़कों के किनारे खेत दिखाई देना बंद हो गये हैं, खेतों में खडी बाउंड्री दिखती हैं

**मथुरा।** ब्रज रज उड मस्तक लगे मुक्ति मुक्त है जाए। ब्रज रज की महिमा का बखान सूर से रसखान तक ने किया है। अब यह बखान प्लाट और मकान की मार्केटिंग के लिए मुफीद साबित हो रहा है। हर कोई यहां बसने को आतुर है, या अपने लिए जमीन का एक टुकड़ा जरूर चाहता है जिससे वह खुद के ब्रजवासी होने का अहसास कर सके और प्रभु के करीब होने का भी। एक तरफ सरकार हेरिटेज सिटी बसाने जा रही है तो वहीं हरे भरे खेतों में बाउंड्री खींच कर दो चार बीघा जमीन को घरने के बाद उसमें कॉलोनी बसाने की बात कह कर बिना किसी बुनियादी सुविधा का ध्यान रखे और मानकों का की परवाह किये बिना धुआंधार प्लॉटिंग की जा रही है। इसका असर यह है हुआ है कि सडकों के किनारे अब खेत दिखना बंद हो गया है। खेतों में बाउंड्री खिंची दिखती हैं और किसी तरह से कृषि भूमि की घेराबंदी की जुगत भिडाते लोग आपको यहां वहां नजर आएंगे। हालांकि एमवीडीए और दूसरे जिम्मेदार विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है लेकिन यह कार्यवाही न केवल अपर्याप्त है बल्कि प्रभावी भी साबित नहीं हो रही है। यहां तक कि जिन अविकसित कॉलोनियों को एमवीडीए मानक विहीन बता कर बुल्डोजर कार्यवाही करता है, वहां कुछ सप्ताह या एक दो महीने बाद फिर काम शुरू हो जाता है। एमवीडीए के लिए यह कहावत चल निकली है कि प्रभावशाली लोग तो इस कार्यवाही को कार्यवाही ही नहीं मानते हैं। वीके अग्रवाल, शिव कुमार शर्मा, अनूप मिश्रा, सत्यपाल अरोड़ा मौजा रजवारी छाता गोवर्धन रोड पर दाईं ओर (कृष्णा वाटिका कॉलोनी) छाता थाना छाता मथुरा पर लगभग पांच एकड़ भूमि पर बाउंड्रीवाल व रोड पर दुकानों का निर्माण करते हुए प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा था एमवीडीए ने इसे अवैध बताते हुए जेसीबी से तोड दिया है। वहीं संजीव झा आदि द्वारा दिल्ली आगरा हाइवे अकबरपुर से मथुरा की तरफ एचपी पेट्रोल पंप के पास मौजा अकबरपुर छाता थाना छाता मथुरा पर लगभग तीन बीघा भूमि पर प्लॉटिंग गई। अवैध कॉलोनियों के अन्तर्गत सड़क व बाउंड्रीवाल आदि का विकास कार्य करते हुए भूखंडों का विक्रय किए जाने पर प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए निर्माणकर्ता को विकास कार्य बंद करते हुए अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किए गए। निर्धारित अवधि में निर्माणकर्ता के उपस्थित न होने पर दोनों वादों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा ध्वस्तीकरण आदेश पारित किए गए। सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित ध्वस्तीकरण आदेश के अनुपालन में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को अवर अभियंता अनिल सिंघल, अवर अभियंता सुनील राजौरिया, प्रवर्तन दल एवं थाना छाता पुलिस बल की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। अवैध कॉलोनियों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सचिव, उपाध्यक्ष द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार निरंतर जारी रहेगी।

# पशु चिकित्सा वि.वि. के पशु चिकित्स कों को दिलाई गई शपथ

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के 60 स्नातक पशु चिकित्सकों को पशु चिकित्सा व्यवसाय के प्रति समर्पण हेतु शपथ दिलाई गई । स्नातक पशु चिकित्सकों के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव ने स्नातक पशु चिकित्सकों को व्यवसाय के प्रति समर्पण तथा मेहनत से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है और पशु पालन, उसका एक महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए पशु चिकित्सा व्यवसाय एक अहम व्यवसाय है । जिसके द्वारा, पशु चिकित्सक, पशुओं के स्वास्थ्य, रखरखाव, पोषण तथा उनके उन्नयन में योगदान दे सकते हैं। जिससे स्वस्थ पशु अपनी पूर्ण उत्पादकता दे सके । पशुधन हमारे देश के किसानों के आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। जिससे अच्छी उत्पादकता प्राप्त कर, पशुपालक किसान अपनी आर्थिक स्थिति में उन्नयन कर सकता है। शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता, प्रोफेसर विकास पाठक, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय द्वारा पशु चिकित्सा व्यवसाय की शपथ दिलाकर गई । अपने अध्यक्ष से उद्बोधन में प्रोफेसर पाठक ने स्नातक पशु चिकित्सकों को शुभकामना देते हुए, मेहनत से अपने क्षेत्र में कार्य करने की सलाह दी । उन्होंने कहा की अब से जीवन पर्यंत आपका नाम पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं पशु चिकित्सा व्यवसाय से जुड़ा रहेगा । जिसकी मर्यादा अब हमेशा सभी स्नातक पशु चिकित्सकों को बनाए रखनी है । विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी, प्रोफेसर देश दीपक सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन, प्रभारी इंटर्नशिप, डॉ. चेतना गंगवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता परास्नातक, प्रोफेसर अर्चना पाठक, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अरुण कुमार मदान, प्रोफेसर राम सागर, प्रोफेसर विजय पांडे, प्रोफेसर अतुल प्रकाश, प्रोफेसर अमित सिंह, प्रोफेसर अरविंद कुमार त्रिपाठी, प्रोफेसर संजय पुरोहित सहित सहित विश्वविद्यालय के समस्त विभाग अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## डग्गामार से डग्गेमारी, इनकी जरूरत उनकी हुकूमत

**मथुरा।** दिल्ली आगरा हाईवे पर मथुरा की सीमा में डग्गामार सवारी वाहनों की भरमार है। इसे लेकर गई बार रोडवेज कर्मचारियों ने भी आवाज उठाई है लेकिन कार्यवाही हो नहीं पाती। इसकी बड़ी वजह इन डग्गामार से होने वाली अवैध वसूली है। हालांकि यह सब मिल कर यात्रियों की सुरक्षा पर भारी पड रहा है। मथुरा कोसीकला से हरियाणा की सीमा तक ऐसे वाहन तोडते हैं वहीं गोवर्धन चौराहा, मंडी चौराहा, टाउनशिप से आगरा और कोसीकला तक वाहन दौड़ रहे हैं। इनके न खडे होने की कोई समुचित व्यवस्था है और नहीं किराया वसूलने की कोई तय सीमा, सस्ती यात्रा का लालच गई बार यात्रियों को भारी भी पड़ रहा है। ये वाहन हाइवे पर हादसों का कारण भी बन रहे हैं और यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा भी। हालांकि इन्हें संचालित कराने के लिए भी एक पूरा रैकेट काम कर रहा है जो इनके खिलाफ कार्यवाही को रोता है या कार्यवाही के बाद फिर से उन्हें सड़क पर उतरने का हौसला देता है। इसकी ऐवज में इन डग्गामार वाहनों से मोटी रकम प्रति दिन व महीने के हिसाब से वसूली जाती है। यह रकम इन डग्गामार वाहन स्वामियों की कुल कमाई का 30 से 40 प्रतिशत तक होती है। वसूली करने वाले लोग प्रभावशाली किसी नेता या जनप्रतिनिधि के बेहद करीबी और खास होने का दावा करते हैं और डग्गामार वाहन चलाकों को किसी भी परेशानी से बचाने की गारंटी देते हैं।

# साप्ताहिक परेड की एसपी ने ली सलामी, किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

- दंगा नियंत्रण उपकरणों से पुलिस किया अभ्यास
- आकस्मिक स्थिति के लिए बलवा ड्रिल का प्रशिक्षण तथा अभ्यास कराया

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने पुलिस लाइन के क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ-सफाई व उचित व्यवस्थापन तथा संबंधित अभिलेखों को अपडेटेड रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। वहीं यूपी 112 के वाहनों को चेक कर सम्बंधितों को निर्देशित किया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र-अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद करें और पीड़ित के साथ शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना सुनिश्चित करें। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, पुलिस स्नानागार, बारबर शॉप, बैरकों, पुलिस कैटीन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर उचित साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान प्रशिक्षु पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण रजिस्टर, रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तदोपरान्त जनपद में शान्ति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड में दंगा नियंत्रण ड्रिल का अभ्यास कराया गया। एसपी ने विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया गया। फोर्स को ब्रीफ करते हुये बताया कि ड्यूटी के दौरान यदि कोई असामाजिक तत्व द्वारा सौहार्द, शान्ति व कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है, तो पुलिस की तैयारी के मद्देनजर उसका प्रयास विफल करने के लिए अमल में लायी जाने वाली कार्य योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। दंगा नियंत्रण के दौरान प्रयोग की जाने वाली अंजनी किट को एक मिनट के अन्दर पहनना व खोलने का जनपद के समस्त थाना प्रभारी/कर्मचारीगणों को अभ्यास कराया। अभ्यास के दौरान पुलिस कर्मियों में से ही बलवाई बने लोगों (भीड़) को तितर-बितर करने हेतु बलवा ड्रिल के अंतर्गत कार्यवाही कराते हुये पुलिसकर्मियों को दंगा-नियंत्रण उपकरण अश्रु गैस के गोले, टीयर स्मोक सेल, हैंड ग्रेनेड, ड्राई मार्कर, रबर बुलेट गन, एंटी राइट गन व टीयर गैस गन आदि शस्त्रों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। बलवा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन कराया गया, प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया। बलवा ड्रिल के रिहर्सल के दौरान 09 पार्टियों में एलआईयू, सिविल पुलिस, फायर सर्विस, अश्रु गैस, लाठी पार्टी, फायर पार्टी, फर्स्ट एड, फोटो एवं वीडियोग्राफी, रिजर्व पार्टी का गठन कर रिहर्सल कराया गया। दंगा-नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों एवं टैक्टिस का क्रमवार प्रशिक्षण एवं अभ्यास किया गया। ड्रिल के दौरान ड्रोन कैमरे से मार्गो के निरीक्षण व निगरानी का भी प्रशिक्षण एवं अभ्यास किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी पाली कृष्णकान्त मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सुनील भारद्वाज, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## संस्कृति विश्व विद्यालय से होगी एक करोड़ की वसूली

**मथुरा।** संस्कृति विश्व विद्यालय में बिना यूपी स्टेट मेडीकल काउंसिल से मान्यता लिए पैरा मेडिकल कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इसकी आड़ में कालेज संचालकों ने सरकार से छात्रों की छात्रवृत्ति हड़पी गई। इसका खुलासा जिलाधिकारी द्वारा कराई गई जांच में हुआ। अब समाज कल्याण निदेशालय द्वारा संस्कृति विश्व विद्यालय के कुलपति व अन्य पदाधिकारियों को कारण नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल ने बताया कि15 करोड की सारे कोर्स की धनराशि सभी कोर्स की विगत तीन वर्ष से गई है। जबकि पैरामेडिकल कोर्स के लिए लगभग एक करोड़ रुपये की छात्र वृत्ति की धनराशि वसूलने की कार्यवाही विभाग कर रहा है।

# श्रीमद् भागवत कथा कलयुग के प्रभाव से मुक्त करने में सहायक

अवधनामा संवाददाता

- आज की कथा में श्रीकृष्ण जन्म की कथा हुई



**ललितपुर।** स्थानीय प्रशांति विद्या मंदिर गोविंद नगर में सिद्धपीठ श्रीचंडी मंदिर धाम के पीठाधीश्वर स्वामी चन्द्रेश्वरगिरीजी महाराज के मुखरबिंद से श्रीमद् भागवत कथा चौथे दिन जारी रही। कथा व्यासजी स्वामी चंद्रेश्वरगिरी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का महत्व समझाते हुए कहा कि कथा का श्रद्धा युक्त चित्त से श्रवण पान करना चाहिए। उन्होंने कहा जो मनुष्य भागवत पुराण का पाठ करता है, उसे हजार गोदान और अठारह पुराणों के श्रवण का फल प्राप्त होता है और वहां विष्णु पार्षद प्रह्लाद आदि विद्यमान रहते हैं। उन्होंने कहा जो श्रीमद्भागवत की पूजा करते हैं नियमित पाठन व श्रवण करते हैं वे कलयुग के प्रभाव से सदैव मुक्त रहते हैं। वह सभी पापों से मुक्त होकर देवताओं द्वारा वंदित होते हैं। कथा व्यास ने कहा श्रीमद् भागवत कथा घर में रखने से नियमित पूजा अर्चन करने पाठन करने से उसके पितृ, दूध, घृत, मधु व मीठा जलपान ग्रहण करते हैं व मनुष्य को पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि जो लोग विष्णु भक्त पुरुष को भागवत शास्त्र समर्पित करते हैं उन्हें करोड़ों कल्पों तक बैकुण्ठ धाम में वास प्राप्त होता है एवं सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। स्वामी चंद्रेश्वरगिरी ने कहा जिन्हें अपने माता-पिता में देवता दिखाई नहीं देते उन्हें कहीं और देवता नहीं मिलते। उन्होंने कहा यह हमारे चलते फिरते देवता है इनके लिए अपने मन में कभी भी कुविचार न आने दें। इस अवसर पर मुख्य यजमान संजय श्रीवास्तव, अजय बरया, डी.एस.विवेक, कपिल अग्रवाल, गोविन्द व्यास, श्रीमती शांति मालवीय, राजकुमार जैन, सुरेश यादव, पूजा कश्यप, राजीव खरे, विजय श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव, उत्कर्ष श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, सोम कांत श्रीवास्तव, शिवांशु श्रीवास्तव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, शशिभूषण श्रीवास्तव, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, रमन शर्मा, बिहारी लाल सविता, विशाल भटनागर, मनीष भटनागर, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# यूरिया उर्वरक लदी ट्रॉली ट्रैक्टर समेत पकड़ी

- कूटरचित दस्तावेज के जरिए मध्य प्रदेश जा रहा था ट्रैक्टर
- कृषि अधिकारी की टीम ने नाराहट थाने के सुपुर्द किया

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** थाना नाराहट पुलिस ने जिला कृषि अधिकारी को दूरभाष पर सूचना दी कि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में यूरिया उर्वरक व मसूर लदी पकड़ी है। सूचना के आधार पर कृषि अधिकारी ने अपने साथ वरिष्ठ प्रा.सहायक ग्रुप-ए श्रीपादाय कुमार, वरिष्ठ सहायक मदन राठौर व लेखकार प्रदीप ने संयुक्त रूप से कार्यवाही कर मध्य प्रदेश के सागर अंतर्गत मालथौन के राजवांस जा रही यूरिया उर्वरक व मसूर थाना नाराहट पहुंच कर जांच की। उन्होंने पाया कि एक ट्रैक्टर महिन्द्रा 575 डी.आई. पर 60 बोरी कमतरतांना उर्वरक एवं मसूर लदी हुई है। जांच में पाया कि 60 बोरी (साठ बोरी) कृभको यूरिया लदी पायी गई। ट्रैक्टर पर मौजूद ट्रैक्टर चालक राजवांस निवासी छत्रपाल सिंह घोषी पुत्र मजबूत सिंह घोषी एवं अशोक साहू पुत्र नन्दकिशोर द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा उक्त यूरिया अपने परिचित सेठ अमित कुमार जैन ने ललितपुर से अज्ञात दुकानदार जिसके बारे में इनके द्वारा जानकारी नहीं दी गई के यहां से उक्त 60 बोरी कृभको यूरिया उर्वरक जिससे सम्बन्धित अभिलेख, क्रय की पी.ओ.एस. मशीन की रसीद एवं बिल प्रस्तुत नहीं किये गये। जिससे स्पष्ट होता है कि इनके द्वारा उक्त यूरिया खाद कूटरचित तरीके से क्रय करके अन्तर्राज्यीय सीमा मार्ग से म.प्र. ले जाई जा रही थी। उक्त 60 बोरी यूरिया उर्वरक से लदे ट्रैक्टर एवं ट्रैक्टर पर मौजूद ट्रैक्टर चालक छत्रपाल सिंह घोषी एवं अशोक साहू को ट्रैक्टर सहित थानाध्यक्ष नाराहट के सपुर्दगी में दे दिया गया। बताया गया कि बिना नम्बर के ट्रैक्टर के जरिए उर्वरक को कालाबाजारी करने के लिए ले जाया जा रहा था। छत्रपाल सिंह घोषी एवं अशोक साहू द्वारा उर्वरक की कालाबाजारी सीमावर्ती क्षेत्र से बाहर ले जाना उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का उल्लंघन है एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत आच्छादित है। कृषि अधिकारी ने दोनों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के सेक्शन 3/7 के अधीन तथा उर्वरक (परिसंचलन) आदेश 1973 में 3 क के निहत प्राविधानान्तर्गत अवैध रूप से उर्वरक परिसंचलन के क्रम में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ पत्रकार मोमिनीन कुरैशी की बड़ी बहन फूल बेगम का मुम्बई में इंतकाल

**अमरोहा/मुम्बई।** जाने माने वरिष्ठ पत्रकार मोमिनीन कुरैशी की बड़ी बहन हुमा उर्फ श्रीमति फूल बेगम (60वर्ष) का मुम्बई के मलाड (मालोनी) में ह्रदय गति रुकने से इंतकाल हो गया। हुमा उर्फ फूल बेगम के पति एवं इकलौते पुत्र की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। श्रीमति फूल बेगम ने अपने पीछे दो अविवाहित एवं तीन विवाहित पुत्रियों का परिवार छोड़ा है। श्रीमति फूल बेगम को मुम्बई में ही सुपर्द ए खाक किया जायेगा अमरोहा के पत्रकारो ने मोमिनीन कुरैशी के आवास पहुँचा कर शोक संवेदना पेश की

### लखनऊ मे सामूहिक हत्या कांड मे पांच लोगों को सुपुर्दखाक किया गया

**संभल।** लखनऊ मे सामूहिक हत्या कांड मे पांच मृतको को संभल के सरायतरीन मे सुपुर्दखाक किया गया हत्या कांड मे मृतक महिला का मायक है। पांच जनाजे एक साथ उठने से माहौल गमगीन हो गया था जानकारी के अनुसार लखनऊ के एक होटल मे हत्याओ को अंजाम दिया गया था मृतक परिवार आगरा में रहता था और लखनऊ घुमने गये हुआ था हत्यारे के मामा ने हत्यारे को फाँसी देने की मांग की है।

## गोवर्धन के मुख्य बाजार के रास्ते में बिना बैनामा कब्जा

**गोवर्धन (मथुरा)।** गोवर्धन कस्बे में यूं तो 12 महीने श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते जाम की स्थिति बनी रहती है लेकिन परिक्रमा का कुछ हिस्सा कस्बे के मुख्य बाजार से होकर जाता है। इसी बाजार में आसपास के क्षेत्र से सामान खरीदने आने वाले खरीदारों की वजह से भी भीड़भाड़ की स्थिति बनी रहती है। जिससे राहगीरों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों के अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पंचायत के अधिकारी, पुलिस व तहसील प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्रवाई नहीं की जाती है। जिससे कस्बे वासियों में रोष व्याप्त है। कस्बे के मुख्य बाजार में कुछ दुकानदारों ने जबरन रोड पर सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। जिसकी वजह से कस्बे के मुख्य बाजार में सुबह से शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। कस्बे की त्रिपोलिया बड़ा बाजार, सब्जी मंडी तिराहा पर कुछ अतिक्रमणकारियों की वजह से हर 10 मिनट में जाम लग जाता है। लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। अगर कोई दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए कहता भी है तो यह दुकानदार लड़ने को उतारू हो जाते हैं। स्थानीय प्रशासन ना ही व्यापार मंडल के पदाधिकारी और ना ही पुलिस प्रशासन इनको रोकने के लिए कोई कोशिश करता हुआ नजर आता है। जबकि नियमानुसार नाली के अंदर तक ही दुकान लगा सकते हैं नाली के बाहर अतिक्रमण करने पर स्थानीय प्रशासन जुर्माना लगा सकता है। लेकिन अतिक्रमण की ओर सभी ने आंख मूंद रखी हैं।

# केएम अस्पताल में हुआ वृद्ध का सफल कूल्हा प्रत्यारोपण

अवधनामा संवाददाता

- कूल्ह की हड्डी, कटोरी में गलाव और जोड़ में अतिरिक्त हड्डियां बनने से जटिल होगी थी सर्जरी : डा. हर्षित जैन
- केएम अस्पताल में 100 से 150 तक हुए सफल कूल्हा प्रत्यारोपण



**मथुरा।** केएम अस्पताल में कूल्हा प्रत्यारोपण कर हड्डी विभाग के चिकित्सको ने एक वृद्ध मरीज को नई जिंदगी दी। उक्त वृद्ध का एक हादसे में कूल्हा टूट गया था जिससे वह कई माह से चल फिर एवं दैनिक क्रिया भी नहीं पा रहा था। मरीज के सफल आपरेशन के बाद मरीजों के परिजनों ने चिकित्सकों का आभार जताया है।तहसील मांट राजागढ़ी खावल गांव में रहने वाले 62 वर्षीय भिक्की सिंह का 2005 में एक्सीडेंट हो गया था, जिससे उनका कूल्हे में गंभीर चोट आई थी, दो-तीन साल से परेशानी झेल रहे भिक्की सिंह ने दिल्ली, फरीदाबाद, भरतपुर, आगरा कई अस्पतालों में दिखाया लेकिन फायदा नहीं हुआ। छः माह से वह कूल्हा टूटने के कारण वह चल फिर नहीं पा रहे थे। उनके भाई रामपाल उन्हें लेकर केएम अस्पताल पहुंचा जहां आर्थोपेडिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डा. हर्षित जैन एवं असिटेंट प्रोफेसर डा. पंकज त्यागी ने आपेरशन करने की बात कही। परिजनों की स्वीकृति के बाद मरीज के कूल्हे का आर्थोपेडिक के वरिष्ठ चिकित्सक हर्षित जैन, असिटेंट प्रोफेसर डा. पंकज त्यागी, डा. राहुल वर्मा, डा. अभिषेक किशोर एनेस्थिया से डा. अरूणा, डा. आशीष, डा. रूधिरा ने सफल प्रत्यारोपण किया। आज वह चल फिर रहे है। आर्थोपेडिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डा. हर्षित जैन ने बताया कि मरीज के कूल्हे की हड्डी में ही नहीं अपितु कटोरी में भी गलाव था। यही नहीं जोड़ में अतिरिक्त हड्डियां भी बन गई थी। जिससे ऑपरेशन काफी जटिल हो गया था। जिसके चलते अधिकतर अस्पतालों ने सर्जरी करने से मना कर दिया था। किन्तु केएम अस्पताल के हड्डी विभाग ने जटिल सर्जरी को सफलता पूर्वक करके मरीज को नया जीवन दिया है। असिटेंट प्रोफेसर डा. पंकज त्यागी ने बताया इस तरह के आपरेशन में उम्र का सबसे अधिक ध्यान रखना होता है। कई मरीज तो आपरेशन के बाद अधिक आयु होने के कारण परेशान हो जाते हैं। मरीज का आपरेशन पूरी तरह सफल रहा। अब मरीज अपने पैर से चल फिर रहा है। अब तक केएम में 100 से 150 कूल्हा प्रत्यारोपण सफल हुए है, जिनके रिजल्ट 100 प्रतिशत सही रहे है। इस सफलता के लिए केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी, विवि के वाइस चांसलर डा. एनसी प्रजापति, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल प्रचार्य डा. पीएन भिसे, एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता ने हड्डी विभाग की टीम को बधाई दी है।

## लघु सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता व बाबू पर किसानों के उत्पीड़न का आरोप

**ललितपुर।** लघु सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता और कार्यालय के बाबू पर मनमाने तरीके से स्टोर रूम ग्राम रोंडा में स्थानान्तरित कर किसानों को परेशान किये जाने का आरोप लगाते हुये असंगठित कर्मचारी यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव व महासचिव विनोद मिश्रा ने संयुक्त रूप से एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को सौंपा है। शिकायती पत्र में बताया कि उसके पिता ग्राम बम्हौरीकलां निवासी महेश प्रसाद मिश्र पुत्र देवकीनन्दन ने नलकूप के लिए कार्यालय लघु सिंचाई विभाग में अधिशाषी अभियंता के समक्ष आवेदन कर 50 हजार रुपये जमा किये थे। बताया कि चार माह पहले बोर कराया गया था, जिसमें पानी नहीं निकलने के कारण उनकी जमा धनराशि शासन की मंशा अनुरूप डीजल का खर्च काटकर वापस किया जाना है। बताया कि इसके लिए वह अपने वृद्ध पिता को लेकर उक्त रुपयों की वापिसी के लिए अनेकों बार विभाग के चक्कर लगाये, परन्तु न तो एक्स-ई एन और न ही बाबूजी कोई संतोषजनक उत्तर दे रहे हैं। बताया कि विभाग में तैनात बाबू का स्थानान्तरण करीब 5-6 वर्ष पहले मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में हो गया था, परन्तु पहुंच-पकड़ का इस्तेमाल करते हुये फिर से उसी पद पर कार्यरत हैं। आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी व बाबू किसानों का उत्पीडन् कर रहे हैं और शासकीय कार्य में शिथिलता बरतते हुये कार्य कर रहे हैं।

# बुन्देलखण्ड की धरती पर बुन्देलखण्ड के लोगों की हो भर्ती: डा. बाबूलाल तिवारी

- बुन्देलखण्ड के दूरस्थ ब्लॉक क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में सम्मिलित हुए शिक्षक विधायक



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी ने जनपद के दूरस्थ ब्लॉक मड़ावरा ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में सम्मिलित होकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों को क्षेत्र के पिछडेपन को दूर करने के लिए बुंदेलखंड के हक की आवाज को बुलंद करने का आह्वान किया। अवगत हो कि शिक्षक विधायक के क्षेत्र में 40 से अधिक विधानसभाएं 9 से अधिक संसदीय क्षेत्र हैं। ऐसे में नव वर्ष के अवसर पर जनपद की दूरस्थ ब्लॉक क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में सम्मिलित होना न केवल शिक्षक विधायक की बुंदेलखंड में सक्रियता को बताता है बल्कि एक कीर्ति मनी स्तर का कार्य भी है। शिक्षक विधायक ने कहा कि बुंदेलखंड को अपने योगदान के अनुरूप प्रतिफल शासन और प्रशासन की ओर से नहीं मिला है। वर्तमान में केन्द्र व प्रदेश सरकार में बहुत कुछ प्रयास किए गए हैं, लेकिन बहुत कुछ किया जाना भी बाकी है। यहां के नौजवान की बात हो या किसानों की बात हो उनको उनके हक का प्रतिफल पिछली सरकारों के द्वारा नहीं दिया गया, यहां की गिट्टी मिट्टी और बालू का दोहन कर यहां के युवाओं को बेरोजगारी का दंश झेलने के लिए छोड़ दिया गया। रोजगार परक शिक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई जिसका कारण है कि आज यहां के बेरोजगार पलायन करने को विवश हैं। बुंदेलखंड में बेरोजगारों की दशा को देखते हुए ही उन्होंने पिछले दिनों विधान परिषद मैं बुंदेलखंड क्षेत्र में आउटसोर्सिंग से भर्ती किया जा रहे कर्मचारियों की भर्ती में बुंदेलखंड के युवाओं को प्राथमिकता देने की बात रखी थी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जहां आबादी बढ़ रही है। वहीं बुंदेलखंड में पलायन के कारण आबादी घटनने से दो विधानसभाएं कम हो गई हैं। बुंदेलखंड के युवाओं की बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में युवाओं की भर्ती को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने अपने नारे हरी-भरी सब धरती हो बंजर भूमि ना परती हो बुंदेलखंड की धरती पर बुंदेलखंड की भर्ती हो को बुलंद किया, जिससे पूरे सदन तालियों से गूंज गया और लोगों ने जय बुंदेलखंड के नारे लगाये। इस अवसर पर बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महामंत्री डा.दिनेश भार्गव, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओमशंकर श्रीवास्तव, कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी, प्रवक्ता मजीद पठान, हरिओम बुंदेला, देवेंद्र रावत, अमित श्रीवास्तव, प्रदेश गोस्वामी, अमित दुबे, धर्मेंद्र तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शिक्षक विधायक ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान इंटर कॉलेज महरौनी के शिक्षकों से मुलाकात की। इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महरौनी के स्टाफ से मुलाकात कर उनसे बुंदेलखंड के हक की आवाज को बुलंद करने और गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने का आहवन किया। सरस्वती विद्या मंदिर महरौनी में शिक्षक विधायक ने शिक्षक आचार्य एवं भगनी आचार्य से मिलकर उनका आभार जताया तथा देश के संस्कारवान युवाओं के निर्माण में संलग्न राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत आचार्य को शुभकामनाएं दी। शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी ने सरस्वती मंदिर महाविद्यालय मड़ावरा के शैक्षिक स्टाफ से भी जाकर मुलाकात की।

# सर्दियों में शकरकंद खाने से मिलते हैं ढेरों फायदे, जानिए कैसी होती है इसकी तासीर

सर्दियों का मौसम शुरू होते ही कुछ चीजों की डिमांड तेजी से बढ़ती है। इन्हीं में से एक शकरकंद है। कुछ लोग इसको भूनकर खाते हैं, तो कुछ लोग उबालकर खाते हैं। इसकी गिनती फल और सब्जियों दोनों में की जाती है और यह ठंड में खूब बिकता है। शकरकंद न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होता है बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। शकरकंद में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर के लिए अच्छे माने जाते हैं।

बता दें कि शकरकंद में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसकी वजह से लोग आलू की जगह शकरकंद खाने की सलाह देते हैं। शकरकंद में विटामिन ए की अच्छी मात्रा पाई जाती है। वहीं इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसके अलावा शकरकंद में जिंक, कार्बोहाइड्रेट और मैग्नीशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसकी तासीर गर्म होती है या ठंडी। तो इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि शकरकंद की तासीर ठंडी होती है या गर्म।



***ठंडा या गर्म होता है शकरकंद***

बहुत से लोगों को शकरकंद खाना पसंद होता है। लेकिन लोग कंफ्यूज होते हैं कि इसकी तासीर ठंडी होती है या गर्म। तो बता दें कि शकरकंद की तासीर गर्म होती है, इसलिए सर्दियों में इसका अधिक सेवन किया जाता है। क्योंकि इसमें विटामिन सी की अच्छी मात्रा पाई जाती है। जो आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है और फ्लू जैसी समस्याओं से बचाता है। साथ ही यह शरीर को सर्दी भी प्रदान करता है।

***इन समस्याओं में है फायदेमंद***

सर्दियों में शकरकंद का सेवन स्वास्थ्य के लिहाज से काफी फायदेमंद माना जाता है। इसको खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। शकरकंद में विटामिन सी की अच्छा मात्रा पाई जाती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। शकरकंद में फाइबर पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है और इसको खाने से पाचन में सुधार होता है। अगर आप खाना पचा नहीं पा रहे हैं, तो आपको इसको अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। सर्दियों के मौसम में लोग एक्सरसाइज करने में आलस करते हैं। जिसकी वजह से वजन तेजी से बढ़ता है। ऐसे में अगर आप अपनी डाइट में शकरकंद को शामिल करते हैं, तो फाइबर से भरपूर होने की वजह से आपको जल्दी भूख नहीं लगेगी और आप ज्यादा खाने से बच जाएंगे।

***कब न खाएं शकरकंद***

हम में से बहुत से लोग कभी भी शकरकंद का सेवन कर लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए रात के समय शकरकंद खाने से बचना चाहिए और यदि आप मधुमेह या फिर मोटापे से पीड़ित हैं, तो आपको दोपहर 12 से 3 बजे के बीच शकरकंद खाना चाहिए। हालांकि आप शकरकंद को कई तरह से खा सकते हैं। आप इसको उबालकर, भाप में पकाकर या फिर बेक करके खा सकते हैं। आप सर्दियों में इसका सूप बनाकर भी सेवन कर सकते हैं।

# सर्दियों में चाहिए गुलाब जैसा निखार! घर पर बनाएं टमाटर-चुकंदर का सूप, नोट करे रेसिपी

सर्दियों में स्किन देखभाल मांगती है। इस मौसम त्वचा की देखभाल करना भी काफी मुश्किल होता है। नमी की कमी के कारण त्वचा रुखी हो जाती है। ठंडी हवाओं के कारण त्वचा भी फटने लगती है। जिस कारण से रुखी त्वचा और भी बेजान हो जाती है। अगर आप अपनी टमाटर-चुकंदर का सूप को एड करते हैं, तो आपकी त्वचा काफी चमकेगी और आपका चेहरा भी गुलाबी दिखेगा। इस लेख में हम आपके लिए न्यूट्रिएंट से भरपूर ग्लो-एन्हांसिंग सूप की रेसिपी लेकर आए, इसे आप अपने दैनिक आहार में जरुर शामिल करें। आइए आपको बताते हैं इसे कैसे बनाएं।



***टमाटर-चुकंदर का सूप कैसे बनाएं***

***सामग्री***

- 2 टमाटर
- 1 छोटा चुकंदर
- 2-3 लहसुन की कलियां
- 1 चुटकी काली मिर्च
- स्वादानुसार नमक
- 1 कप पानी

***टमाटर-चुकंदर का सूप बनाने का तरीका***

- टमाटर और चुकंदर को छोटे टुकड़ों में काट लें।
- अब एक पैन में थोड़ा पानी डालें और उसमें कटे हुए टमाटर, चुकंदर और लहसुन डालकर उबालें।
- इस मिश्रण को धीमी आंच पर 10 मिनट तक पकने दें, फिर ठंडा होने दें।
- फिर आप इस मिश्रण को मिक्सर में डालकर चिकना पेस्ट बना लें, फिर छान लें।
- अब आप सूप को दोबारा गर्म करें, नमक और काली मिर्च डालें और अच्छी तरह मिला लें।
- आपका गरमागरम सूप तैयार है। आप चाहें तो इसे छानने की जरूरत नहीं है और स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें एक चम्मच सफ़ेद मक्खन भी मिला सकते हैं।

बता दें कि, यह सूप टेस्टी तो है साथ ही सर्दियों के दौरान आपकी त्वचा को अंदर से चमकने भी मदद करता है। गौरतलब है कि टमाटर और चुकंदर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को डिटॉक्सीफाई करते हैं। इतना ही नहीं, लहसुन रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

# ठंड में खुद को गर्म रखने के लिए हॉट चॉकलेट की इन रेसिपीज को घर में बनाएं, नोट करें विधि

ठंड के मौसम में कंबल में सोते रहना सभी को अच्छा लगता है इसके साथ ही हॉट चॉकलेट का मग मिल जाए तो और भी आनंद आ जाता है। हॉट चॉकलेट गाढ़ा और मीठा डेजर्ट बेवरेज है जो गर्माहट प्रदान करने के साथ-साथ चॉकलेटी स्वाद से मन को खुश कर सकते हैं। आप हॉट चॉकलेट के कई फ्लेवर ट्राई कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको ऐसी रेसिपीज बताएंगे जिनका आप आसानी से बना सकते हैं और स्वाद भी लाजवाब हो।



***क्लासिक क्रीमी हॉट चॉकलेट***

***सामग्री***

-2 कप मिल्क
-2 चम्मच बिना चीनी वाला कोको पाउडर
-2 चम्मच चीनी
-1/4 चम्मच वनिला एक्सट्रैक्ट
-टॉपिंग के लिए व्हीप्ड क्रीम या मार्शमैलो

***इसे बनाने का तरीका***

- सबसे पहले आप सॉस पैन में मीडियम आंच पर दूध गर्म करें। ध्यान रहे कि दूध को उबालना नहीं है।
- इसमें कोको पाउडर और चीनी डालें। इसके साथ ही चीजों को अच्छे से मिक्स कर सकते हैं।
- सभी चीजें अच्छे से घुल जानी चाहिए।
- वनिला एक्सट्रैक्ट डालकर मिक्स करें। दूध को अच्छे से पकने दें।
- फिर आप मग में गर्मागर्म डेजर्ट बेवरेज डालें और ऊपर से व्हिप्ड क्रीम या मार्शमैलो डालकर सर्व करें।

***पेपरमिंट हॉट चॉकलेट***

***सामग्री***

-2 कप दूध
-2 बड़ा चम्मच कोको पाउडर
-2 बड़ा चम्मच चीनी
-1/2 छोटा चम्मच पेपरमिंट एक्सट्रैक्ट
-गार्निश के लिए क्रश की हुई कैंडी केन

***बनाने का तरीका***

- दूध को गर्म कर लें, ध्यान रहे उबालना नहीं है।
- दूध पकने पर उसमें कोको पाउडर और चीनी मिला लें।
- फिर आप पेपरमिंट एक्सट्रैक्ट डालें। ध्यान रखें कि इसे पहले कम मात्रा में डालें। नहीं तो आपकी हॉट चॉकलेट कड़वी हो जाएगी।

***मैक्सिकन हॉट चॉकलेट***

***सामग्री***

-2 कप दूध
-2 बड़ा चम्मच कोको पाउडर
-2 बड़ा चम्मच चीनी
-1/2 छोटा चम्मच दालचीनी
-एक चुटकी लाल मिर्च

***बनाने का तरीका***

- जैसे ऊपर बताया कि दूध को गर्म कर लें।
- अब इसमें कोको पाउडर, दालचीनी और लाल मिर्च डालकर फेंटें।

# सरसों ही नहीं, सर्दियों मे भारत के कोने-कोने में खाए जाते हैं ये साग

सर्दियों के दिनों में लोग हरी पत्तेदार सब्जियां प्रमुखता से खाते हैं। इनमें भी सरसों का साग काफी खाया जाता है। सरसों का साग पंजाब की सिग्नेचर डिश है और ठंड के दिनों में हर घर में बनती है। हालांकि, अगर आप यह सोचते हैं कि सर्दियों में सिर्फ सरसों का साग ही खाया जाता है तो आप गलत है। इस मौसम में भारत के अलग-अलग राज्यों में कई तरह के अलग-अलग पारंपरिक साग बनाए जाते हैं। इनका ना केवल स्वाद और टेक्सचर अलग होता है, बल्कि ये क्षेत्रीय रीति-रिवाजों और संस्कृति के बारे में भी काफी कुछ बताते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको भारत के अलग-अलग राज्यों में बनने वाले साग के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अक्सर लोग ठंड के दिनों में बनाते हैं-



***सरसों का साग (पंजाब)***

शायद ही कोई पंजाबी हो, जिसे सरसों का साग पसंद ना हो। इस डिश को सरसों के साग और कुछ मसालों का उपयोग करके बनाया जाता है। इसे बनाते समय पालक और बथुआ भी डाला जाता है। सरसों के साग का क्रीमी टेक्सचर होता है और अमूमन लोग इसे मक्की के आटे से बनी रोटी के साथ खाना काफी पसंद करते हैं। साथ ही, बहुत सारा सफेद मक्खन टेस्ट को कई गुना बेहतर बना देता है।

***गुंडी साग (ओडिशा)***

ओडिशा में लोग गुंडी साग बड़े चाव से खाते हैं। इस साग को गुंडी के पत्तों की मदद से बनाया जाता है। यह एक नई हरी किस्म है, जिसका उपयोग इसके विशेष स्वाद और औषधीय गुणों के लिए किया जाता है। गुंडी के पत्तों को पारंपरिक ओडिशा के मसालों के साथ पकाया जाता है। इसे सूखी लाल मिर्च, जीरा और लहसुन से बनाया जाता है। साथ ही, इसमें ओडिशा के पांच मसालों का तड़का लगाया जाता है।

***साई भाजी (सिंधी)***

यह सिंधियों की स्पेशलिटी है। साई भाजी दाल, सब्जियों और पालक और अन्य साग का एक बैलेंस है। इसे बनाते समय मौसमी साग जैसे मेथी के पत्ते, डिल और ताजा पालक आदि का इस्तेमाल किया जाता है। उबालने पर, चने की दाल प्रोटीन और क्रीमी टेक्सचर देती है। टमाटर, गाजर और आलू जैसी सब्जियां इस डिश के पोषक तत्वों को बढ़ाती है।

***लाल साग भाजा (पश्चिम बंगाल)***

लाल साग भाजा विशेष रूप में पश्चिम बंगाल में खाया जात है। इसे अमरनाथ के पत्ते यानी लाल साग की मदद से तैयार किया जाता है। ताज़े लाल अमरनाथ के पत्तों को हरी मिर्च, पंचफोरन (पांच मसालों का मिश्रण) और साग की हल्की कड़वाहट को दूर करने के लिए थोड़ी चीनी के साथ स्टर फ्राई किया जाता है। सरसों के तेल के साथ अंतिम तड़का इस डिश के टेस्ट को बढ़ाता है।

# इस तरह से बनाएं आंवले की स्वादिष्ट चटनी, बच्चों से लेकर बड़ों सबको आएगी पसंद, नोट करें रेसिपी

आंवला सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है, डॉक्टर भी आंवला खाने की सलाह देते हैं। क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। सर्दियों में आंवला खाना काफी फायदेमंद माना जाता है। इसके सेवन से कई समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। आंवले का स्वाद खट्टा होते है, जिस वजह से बच्चों को इसे खाना पसंद नहीं करते हैं। अगर आप घर पर आंवले की चटपटी चटनी बनाएंगे तो इसे सभी लोग खाना पसंद करेंगे। आइए आपको बताते हैं इसे बनाने का तरीका।



***आंवले की चटनी बनाने के लिए सामग्री***

- 1/2 किलो आंवला
- 1 बड़ा चम्मच तेल
- 1 बड़ा चम्मच पंचफोरन ( मेथी दाना, कलौंजी, जीरा, काली सरसों और सौंफ बीज का मिक्स)
- 1 चम्मच साबुत धनिया के बीज
- आधा चम्मच से भी कम हिंग पाउडर
- 1/2 कप गुड़
- 1 चम्मच मिर्च पाउडर
- 1 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1 चम्मच धनिया पाउडर
- 1 चम्मच काला नमक
- 1 चम्मच अदरक कटा हुआ

***कैसे बनाएं आंवला की चटनी***

- सबसे पहले आंवला को मीडियम आंच पर 10-15 मिनट भाप में पकाएं। जब आंवले नरम हो जाएं तो इसके बीज निकालकर आंवले का गूदा को अलग कर लें। अब एक पैन में 1 बड़ा चम्मच तेल लें, उसमें 1 चम्मच मेथी दाना, कलौंजी, जीरा, काली सरसों और सौंफ बीज डालें। इसके बाद 1 चम्मच साबुत धनिया के बीज और थोड़ा सा हींग पाउडर डालें। फिर आप इसमें उबले हुए आंवले डालें और 5 मिनट तक अच्छे से भून लें। अब आप इसमें आधा कप गुड़ डाल दें। इसको आप मध्यम आंच पर तब तक पकाएं जब तक गुड़ पिघल न जाए और मिक्स थोड़ा गाढ़ा न हो जाए। जब यह गाढ़ा हो जाएगा तो इसे धीमी आंच पर रखें। फिर आप इसमें मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और काला नमक डालें। फिर बारीक कटा हुआ अदरक भी इसमें मिला दें। अच्छे से मिक्स के बाद आपकी आंवले की चटनी तैयार है। इसे रोटी, पराठा, चावल के साथ सर्व करें।

# बच्चों के टिफिन में रखें चुकंदर से बनी ये 2 टेस्टी और हेल्दी रेसिपी, तुरंत होगा फिनिश

हर घर में मम्मियों की चिंता रहती है रोजाना सुबह उठकर बच्चों के लांच बॉक्स में क्या रखें। इसको लेकर वह काफी कंफ्यूज रहती है कि आखिर टिफिन बच्चों क्या बनाकर रखें, जो हेल्दी और टेस्टी हो। अब चिंता को छोड़िए, आप अपने बच्चे के टिफिन में चुकंदर से बनी ये दो रेसिपी जरुर रख सकते हैं। ये डिश हेल्दी होने के साथ ही काफी टेस्टी है आपके बच्चें इससे खाकर टिफिन को साफ कर देंगे। इसे बनाना भी काफी आसान है। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते है।


***चुकंदर के अप्पे***

***सामग्री***

-चुकंदर- 2 कद्दूकस किए हुए
-सूजी- 2 कप
-छाछ या खट्टा दही- आधा कप
-ईनो/बेकिंग सोडा-एक चुटकी
-नमक-स्वादानुसार
-तेल

***इसे बनाने का तरीका***

- इसके लिए आप पहले एक बाउल में सूजी, चुकंदर, नमक और खट्टा दही और छाछ लेना है।
- इन चीजों को अच्छे से मिला लें।
- अब इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर स्मूद बेटर तैयार कर सकते हैं।
- इस मिश्रण को अब करीब 10-15 मिनट के लिए फर्मेंट होने के लिए रख दें।



- फिर आप इसमें ईनो या बेकिंग सोडा और हल्का पानी डालकर दुबारा मिक्स करें।
- अब आप इडली स्टैंड को गैस पर रखकर उसमें तेल लगाकर बेटर डालें और करीब 10 मिनट के लिए पका लें।
- और आपकी गरमा-गरम अप्पे तैयार है। इसे आप चटनी या सॉस के साथ सर्व कर सकते हैं।

***बीटरुट चाट***

***सामग्री***

-काबुली चना- 1 कटोरी (उबले हुए)
-लोबिया- 1 कटोरी (उबले हुए)
-चुकंदर- 2 (उबले छोटे टुकड़ों में कटे हुए)
-तेल- 1 टेबलस्पून
-राई- 1 टेबल स्पून
-नमक- स्वादानुसार
-चाट मसाला- आधा टेबल स्पून
-हल्दी- आधा टीस्पून
-प्याज- बारीक कटा हुआ
-अनार के दाने- आधा कटोरी
-हरा धनिया- बारीक कटा हुआ
-नींबू का रस- 1 टेबलस्पून

***इसे बनाने का तरीका***

- बीटरुट चाट बनाने के लिए आपको एक रात पहले काबुली चना और लोबिया को रात भर पानी में डालकर भिगो दें।
- फिर पानी को हटाकर कुकर में पानी और नमक डालकर इसे उबाल लें।
- इसके बाद एक बर्तन में चुकंदर को छीलकर उसको छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें।
- अब आप गैस पर एक पैन चढ़ाएं फिर इसमें तेल डालें। जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें राई को डाल दें।
- फिर उबले हुए छोले और लोबिया डालें साथ ही ऊपर से नमक, चाट मसाला और हल्दी डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।
- अब इसमें चुकंदर डालकर दो-तीन मिनट के लिए भून लें।
- गैस बंद कर दें अब ऊपर से हरा धनिया, नींबू का रस, कटा हुआ प्याज और अनार दाने डालकर फिर मिक्स करें।
- यह आपकी चुकंदर चाट तैयार है। इसे आप टिफिन बॉक्स में सर्व करके रख दें।

# जड़ी-बूटियों से बना ये घोल लगाने से 6 महीने तक काले रहेंगे बाल, असर देख आप भी रह जाएंगे हैरान

हम में से कई लोग सफेद बालों की समस्या से परेशान रहते हैं। सफेद बालों की समस्या से निजात पाने के लिए डाई या फिर केमिकल वाली मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। आजकल बालों का सफेद होना आम समस्या है। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि आप सफेद बालों पर केमिकल घिस-घिसकर इन्हें बेजान कर दें। बालों की हेल्थ को बनाए रखने के लिए आप घरेलू नुस्खे भी आजमा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको अपनाने से आपके सफेद बाल नेचुरली काले हो जाएंगे और इसका असर 6 महीने तक बना रहेगा।



***एक्सपर्ट से जानिए कमाल का नुस्खा***

एक्सपर्ट के मुताबिक इस नुस्खे को अपनाने से 6 महीने तक आपके बाल नेचुरल काले रहेंगे। वहीं ये मेहंदी आपके बालों पर 6 महीने तक टिकी रहेगी। तो आइए जानते हैं कि बालों को काला करने वाले इस घोल को तैयार करने के लिए क्या-क्या सामग्री चाहिए होगी।

***इन चीजों की होगी जरूरत***

चाय पत्ती- 2 चम्मच
मेहंदी पाउडर- 100 ग्राम
खाने वाला चूना- 1/4 चम्मच
मुर्दा सिंगी- 1/4 चम्मच
सरसों का तेल- जरूरत अनुसार?
नोट- मुर्दा सिंगी आपको पंसारी की दुकान में आसानी से मिल जाएगा।

***ऐसे तैयार करें लेप***

एक बाउल में 2 चम्मच पिसी हुई चायपत्ती लें और इसमें खाने वाला चूना, मुर्दा सिंगी और 100 ग्राम मेहंदी पाउडर मिलाएं।

अब इसे अच्छे से मिक्स कर लें और घोल बनाने लायक जरूरत के मुताबिक सरसों का तेल मिलाएं।

यह घोल ज्यादा गाढ़ा या ज्यादा गीला नहीं होना चाहिए। वरना यह बालों पर अधिक देर तक टिक नहीं पाएगा या फिर बालों में चिपक जाएगा।

***इसको लगाने के 20 मिनट बाद बाल धो लें।***

इस नुस्खे का इस्तेमाल करने से आप पाएंगे कि आपका एक-एक बाल काला हो गया है और यह बालों को भी हेल्दी बनाता है।

***डाई भी होगी फेल***

एक्सपर्ट की मानें, तो इस नुस्खे का इस्तेमाल करने के बाद आप मार्केट में मिलने वाली केमिकल वाली मेहंदी को भूल जाएंगे। आप देखेंगे कि इसका इस्तेमाल करने से आपके बालों में नेचुरल शाइन आएगी।

***जानिए क्या होती है मुर्दा सिंगी***

बता दें कि मुर्दा सिंघी पत्थर की तरह दिखने वाली जड़ी-बूटी है। जो ब्यूटी के लिए इस्तेमाल की जाती है और यह बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। मुर्दा सिंघी में मौजूद प्राकृतिक मिनरल्स बालों के पोषण की कमी को दूर कर उन्हें मजबूती देते हैं। साथ ही यह एक्ने, डार्क स्पॉट, पिंपल्स, एक्जिमा और सूजन जैसी कई त्वचा संबंधी समस्या को ठीक करने के लिए भी किया जाता है।

# टॉयलेट की भयंकर बदबू से छुटकारा दिला सकता है ये कमाल का जुगाड़, बिना क्लीन किए दूर होगी स्मेल

टॉयलेट की भयंकर बदबू से कई बार पूरा दिन खराब हो जाता है। तो वहीं कई बार बदबू इतनी ज्यादा बढ़ जाती है कि टॉयलेट इस्तेमाल करने का भी मन नहीं करता है। वहीं अगर कहीं घर में मेहमान आ जाएं, तो आपको शर्मिंदगी का सामना भी करना पड़ता है। अक्सर बिजी शेड्यूल होने की वजह से लोगों के पास टाइम नहीं होता है, जिससे कि वह रोजाना टॉयलेट की सफाई कर सकें। लेकिन अगर हम आपसे कहें कि आप बिना इसको क्लीन किए ही बदबू को दूर कर सकते हैं।

दरअसल, आप नींबू और मास्क की मदद से टॉयलेट से आने वाली भयंकर बदबू को दूर कर सकते हैं। ऐसे में आपको मास्क और नींबू की ट्रिक को जान लेना चाहिए। वहीं आपको एक बार इस ट्रिक को आजमाना है और इससे हफ्ते भर आपको टॉयलेट की सफाई करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सिर्फ फ्लश करने से न सिर्फ टॉयलेट क्लीन होगा, बल्कि बदबू भी दूर हो जाएगी। वहीं सबसे अच्छी बात है कि इसके लिए आपको ज्यादा खर्च भी नहीं करना होगा।



***चाहिए होगा ये सामान***

नींबू
सर्जिकल मास्क
कैंची

ऐसे डालें मास्क में नींबू

कंबोड से बदबू को हटाने के लिए आप नींबू और मास्क वाली ट्रिक आजमा सकते हैं। इसके लिए नींबू को छोटे-छोटे स्लाइस में काट लें और फिर मास्क का ऊपरी हिस्सा स्ट्रिप्स के साथ कट कर दें। इससे आपको मास्क में नींबू के स्लाइस डालने की जगह मिल जाएगी। अब इसमे नींबू की स्लाइस डालने के बाद कटी हुई स्ट्रिप्स से इसको बांध लीजिए।

***जानिए कैसे काम करेगी ये ट्रिक***

बता दें कि जब आप मास्क के अंदर नींबू की स्लाइस बांधेंगे तो यह एक पैकेट की तरह लगेगा। अब इस नींबू वाले पैकेट को वन साइड स्ट्रिप्स की मदद से फ्लश टैंक के अंदर लटकाएं। इससे नींबू का एसिड फ्लश के साथ टैंक के पानी में मिल जाएगा। फिर आप जब भी इसे फ्लश करेंगे, तो नींबू का एसिड कंबोड क्लीन हो जाएगा। ठीक इसी तरह से आप बोतल वाला नुस्खा भी आजमा सकते हो।

# केबल ऑपरेटर से एक लाख की रिश्वत लेने के आरोप में ट्राई अधिकारी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** प्रारंभिक सत्यापन के बाद, सीबीआई ने आरोपी को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया। उन्होंने आरोपी नरेंद्र सिंह रावत को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने हिमाचल प्रदेश में एक केबल ऑपरेटर को लाभ पहुंचाने के बदले एक लाख की रिश्वत लेने के आरोप में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (टीआरएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। टीआरएआई अधिकारी की पहचान नरेंद्र सिंह रावत के तौर पर की गई है। केंद्रीय एजेंसी ने आरोपी नरेंद्र रावत पर मामला दर्ज किया। बता दें कि नरेंद्र ने हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में केबल सेवाएं चलाने के लिए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के एक लाइसेंस धारक से रिश्वत की मांग की थी। आरोपी ने कथित तौर पर तिमाही रिपोर्ट का आकलन करने में मदद के लिए राज्य के अन्य पांच लाइसेंस धारक केबल ऑपरेटरों की ओर से पीड़ित ऑपरेटर को रिश्वत देने के लिए कहा। इस मामले में सीबीआई ने एक बयान जारी कर कहा, ÷ट्राई के दिशानिर्देशों के अनुसार, केबल ऑपरेटरों को अपनी तिमाही रिपोर्ट देना होता है, इसके आधार पर ही यह निर्णय लिया जाता है कि केबल ऑपरेटरों के लाइसेंस को जारी रखना है या रद्द करना है।÷

प्रारंभिक सत्यापन के बाद, सीबीआई ने आरोपी को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया। उन्होंने आरोपी नरेंद्र सिंह रावत को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। जांच एजेंसी आरोपी के आवासीय और आधिकारिक परिसरों पर छापेमारी कर रही है।

# लगातार 15 घंटे पूछताछ ज्यादती, पूर्व कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी अवैध

**हस्तक्षेप**

**पीठ ने कहा कि हम उच्च न्यायालय के इस फैसले में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं कि प्रतिवादी की गिरफ्तारी अवैध थी।**



**नई दिल्ली।** अवैध खनन मामले में कांग्रेस नेता सुरेंद्र पवार को हाईकोर्ट से रिहा किए जाने के फैसले को ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ईडी की याचिका को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईडी की ओर से लगातार 15 घंटे तक कांग्रेस नेता से की गई पूछताछ का आचरण पूरी तरह से अमानवीय था। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने अवैध खनन मामले में पूर्व विधायक की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया। साथ ही कांग्रेस नेता से लगभग 15 घंटे तक की गई पूछताछ को ज्यादती बताया। सुप्रीम कोर्ट ने इसे ईडी का अमानवीय आचरण कहा। अवैध खनन मामले में कांग्रेस नेता सुरेंद्र पवार को हाईकोर्ट से रिहा किए जाने के फैसले को ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ईडी की याचिका को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईडी की ओर से लगातार 15 घंटे तक कांग्रेस नेता से की गई पूछताछ का आचरण पूरी तरह से अमानवीय था। क्योंकि यह किसी आतंकी गतिविधि नहीं बल्कि अवैध रेत खनन से जुड़ा मामला था। ऐसे मामले में लोगों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। ईडी ने व्यक्ति को बयान देने के लिए मजबूर किया। यह ठीक नहीं है। पीठ ने कहा कि हम उच्च न्यायालय के इस फैसले में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं कि प्रतिवादी की गिरफ्तारी अवैध थी। उच्च न्यायालय ने फैसले में केवल यह तय किया था कि पंवार की गिरफ्तारी अवैध थी या नहीं। इससे पहले दो दिसंबर को शीर्ष अदालत ने एक आदेश में कहा कि हाईकोर्ट का फैसला मनी लॉड्रिंग एक्ट की धारा 44 के तहत लंबित शिकायत को प्रभावित नहीं करेगा।

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि उच्च न्यायालय ने फैसले में गलती की है कि पंवार से लगातार 14.40 घंटे तक पूछताछ की गई। ईडी ने 2024 में अपने अधिकारियों को पूछताछ के कुछ मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि लोगों से देर रात और दिन के शुरुआती घंटों में पूछताछ न की जाए।

# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बढ़ रही जागरूकता



**बंगलूरू।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एनआईएमएचएएनएस की स्वर्ण जयती समारोह के दौरान कहा कि नकारात्मक मानसिक शक्तियों का मुकाबला करने में विभिन्न प्रकार के ध्यान भी उपयोगी हैं। उन्हें मानसिक स्वास्थ्य देखभाल मॉडल में एकीकृत किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान की एकीकृत चिकित्सा सेवाओं की सराहना की और इसे सभी के लिए एक आदर्श मॉडल बताया। उन्होंने कहा, एनआईएमएचएएनएस की एकीकृत चिकित्सा सेवाएं मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में योग और आयुर्वेद का उपयोग करके मनोरोग और तंत्रिका संबंधी समस्याओं का इलाज करने के लिए एक आदर्श हैं। उन्होंने यहां संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान मनोचिकित्सा विशेषज्ञ ब्लॉक, केंद्रीय प्रयोगशाला परिसर और भीमा छात्रावास का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाएं- 3ज्ञ एमआरआई स्कैनर और डीएसए सिस्टम भी देश को समर्पित किया। उन्होंने आगे कहा कि नकारात्मक मानसिक शक्तियों का मुकाबला करने में विभिन्न प्रकार के ध्यान भी उपयोगी हैं।

# पांच साल बाद मिला न्याय; 10 को दोहरा आजीवन कारावास



**कोच्चि।** केरल के कासरगोड में पेरिया दोहरे हत्याकांड मामले में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं सरथ लाल और कृपेश की 17 फरवरी 2019 को हत्या कर दी गई थी। इस हत्या को राजनीतिक प्रेरणा से किया गया माना गया।

केरल में कासरगोड के पेरिया में पांच साल पहले दो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने सजा सुना दी है। उसने 10 आरोपियों को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिनमें पहले आठ आरोपी भी शामिल हैं। वहीं, 20 वें आरोपी पूर्व विधायक केवी कुन्हिरमन को पांच साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई।

एर्नाकुलम में सीबीआई विशेष अदालत ने शुक्रवार को दोपहर सवा 12 बजे आसपास पेरिया डबल मर्डर केस में सजा का एलान किया, जिसके लिए कासरगोड के कल्लियोट, पीड़ितों की स्मृति स्थल और अदालत के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। फैसले से पहले आरोपियों ने कहा कि वे आदतन अपराधी नहीं हैं। वह व्यवहार में सुधार लाना चाहते हैं। इसलिए कम से कम सजा दी जाए। वहीं, सीबीआई ने आरोपियों के लिए मृत्युदंड की सजा की मांग की, यह बताते हुए कि अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए यही सही है।

केरल के कासरगोड में पेरिया डबल मर्डर केस में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं 24 वर्षीय सरथ लाल और 19 साल के कृपेश की 17 फरवरी 2019 को हत्या की गई थी। इस हत्या को राजनीतिक प्रेरणा से किया गया माना गया। इस मामले ने भारी विवाद पैदा किया था। आरोप है कि सीपीआई(एम) कार्यकर्ताओं का इस हत्या में हाथ था। इस मामले की शुरुआत में बेकल पुलिस और बाद में क्राइम ब्रांच ने जांच की, लेकिन पीड़ितों के माता-पिता की याचिका पर मामला सीबीआई को सौंपा गया। केरल सरकार ने सीबीआई जांच का विरोध किया था, लेकिन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपील खारिज होने के बाद सीबीआई को जांच सौंप दी गई थी।

पिछले साल 28 दिसंबर को विशेष सीबीआई अदालत ने सरथ लाल और कृपेश की 2019 में हुई हत्याओं में 24 आरोपियों में से 14 को दोषी ठहराया, जबकि 10 अन्य को बरी कर दिया। सीबीआई ने 10 अतिरिक्त आरोपियों की पहचान की थी, जिनका नाम सीबीआई द्वारा जांच में सामने आया था। 10 दिसंबर 2020 को सीबीआई ने इस मामले को अपने हाथ में लिया था और 24 आरोपियों को नामित किया था। सीबीआई ने दिसंबर 2021 में अपनी चार्जशीट दायर की थी। कई आरोपियों को उच्च सुरक्षा वाली जेलों में रखा गया था।

# अन्ना यूनिवर्सिटी मामले में भाजपा महिला सदस्यों ने खोला मोर्चा

**आलोचना**

**भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर तमिलनाडु सरकार और डीएमके की आलोचना की।**



**चेन्नई।** अन्ना विश्वविद्यालय में हुई घटना ने पूरे चेन्नई को हिलाकर रख दिया है। यहां एक 19 साल की छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न किया गया। मामला तब सामने आया, जब छात्रा ने पुलिस से खुद शिकायत की। अब भाजपा लगातार तमिलनाडु सरकार पर हमला बोल रही है।

चेन्नई स्थित अन्ना विश्वविद्यालय कैंपस में एक छात्रा से कथित यौन उत्पीड़न का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को रैली निकालने की कोशिश की। मगर बढ़ते विवाद को देखते हुए पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और कुछ को घर पर नजरबंदी में रखा। दरअसल, ये कार्यकर्ता छात्रा के लिए न्याय दिलाने की मांग करते हुए मदुरै से चेन्नई तक रैली निकालने की कोशिश कर रहे थे।

भाजपा नेता खुशबु सुंदर, तमिलनाडु महिला मोर्चा अध्यक्ष उमरथी राजन, भाजपा विधायक डॉ. सी. सरस्वती और कई महिला कार्यकर्ताओं ने जब विरोध प्रदर्शन में भाग लेने की कोशिश की तो उन्हें चेन्नई में हिरासत में ले लिया गया। खुशबू और उमरथी राजन ने पुलिस कार्रवाई की निंदा की और कहा कि उन्हें शांति से पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए यात्रा निकालने से रोका गया। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर तमिलनाडु सरकार और डीएमके की आलोचना की। उन्होंने कहा, तमिलनाडु में संविधान और लोकतंत्र के तथाकथित रक्षकों यानी डीएमके के शासन में यही स्थिति है। अन्ना विश्वविद्यालय में हुई घटना के विरोध में मदुरै-चेन्नई पदयात्रा को रोकने के लिए भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया गया। मदुरै में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने छात्रा के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया। एक महिला कार्यकर्ता ने कन्नगी, जो तमिल महाकाव्य सिलपथिकराम की केंद्रीय पात्र हैं, के रूप में सजकर छात्रा के लिए न्याय की मांग की। 19 वर्षीय छात्रा के साथ क्रिसमस ईव पर अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में यौन उत्पीड़न किया गया था। वहीं, प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने पारंपरिक लकड़ी के सिलबट्टे का इस्तेमाल करके लाल मिर्च पिसी। इसके अलावा, इस मामले की आग की लपटें सोशल मीडिया पर भी पहुंच चुकी हैं। भाजपा के राज्य अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा, हमारी बहादुर बहनों ने मदुरै में एकत्रित होकर डीएमके सरकार द्वारा हमारी आवाज को दबाने की तमाम कोशिशों के बावजूद न्याय की मांग की। डीएमके सरकार तमिलनाडु में अपनी तानाशाही को लागू करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को दबाने के सभी प्रयास करेगी, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता हमेशा उत्पीड़न से उठकर लोगों के लिए लड़ेंगे।

## नवी मुंबई में डी-मार्ट के बाहर गोलीबारी

**मुंबई।** पुलिस के अनुसार, बाइक सवार दो लोगों ने शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे नवी मुंबई के सानपाड़ा इलाके में स्थित डी-मार्ट के बाहर गोलीबारी की। महाराष्ट्र के नवी मुंबई इलाके में रिटेल स्टोर डी-मार्ट के बाहर गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हुआ है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, बाइक सवार दो लोगों ने शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे नवी मुंबई के सानपाड़ा इलाके में स्थित डी-मार्ट के बाहर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हुआ है। घायल की हालत स्थिर है। पुलिस जांच कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस जगह गोलीबारी हुई, वह एक व्यस्त इलाका है। हमलावरों ने 5-6 राउंड गोलियां चलाईं। जिससे इलाके के दुकानदार और वहां से गुजर रहे लोग घबरा गए। घटना में घायल व्यक्ति की पहचान राजाराम ठोके (48 वर्षीय) के रूप में हुई है, जिसके पेट, कंधे और पैर में गोली लगी है।

# यून सुक योल की फिर नहीं हो सकी गिरफ्तारी



**सियोल।** इससे पहले गुरुवार को जब जांचकर्ता यून सुक योल को गिरफ्तार करने पहुंचे थे तो उनके समर्थकों ने जांचकर्ताओं को आवास में घुसने नहीं दिया था। दक्षिण कोरिया में राजनीतिक संकट लगातार गहरा रहा है और अब महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक योल को गिरफ्तार करना जांचकर्ताओं के लिए टेढ़ी खीर बन गया है। दरअसल शुक्रवार को जब जांचकर्ता यून सुक योल को गिरफ्तार करने पहुंचे तो यून सुक योल के सुरक्षाकर्मी उनसे भिड़ गए और एक बार फिर यून सुक योल की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इससे पहले गुरुवार को जब जांचकर्ता यून सुक योल को गिरफ्तार करने पहुंचे थे तो उनके समर्थकों ने जांचकर्ताओं को आवास में घुसने नहीं दिया था। दक्षिण कोरियाई जांचकर्ता शुक्रवार को यून सुक योल को उनके आवास पर गिरफ्तार करने पहुंचे थे, लेकिन स्थानीय मीडिया ने बताया कि राष्ट्रपति के सुरक्षा बलों ने जांचकर्ताओं को रोक दिया और यून की गिरफ्तारी फिर नहीं हो सकी। यून जिन्हें हटाने के लिए पहले ही सांसद अपना समर्थन दे चुके हैं, अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राष्ट्रपति पद से हट जाएंगे। यून की गिरफ्तारी का वारंट जारी हो चुका है, लेकिन दो बार कोशिश करने के बाद भी जांचकर्ता यून को गिरफ्तार नहीं कर सके हैं। अगर वे गिरफ्तार हो जाते हैं तो यून गिरफ्तार होने वाले दक्षिण कोरिया के पहले राष्ट्रपति बन जाएंगे। यून ने 3 दिसंबर को देश में मार्शल लॉ लगाने का फैसला किया था। हालांकि हंगामे के बाद उन्हें फैसला वापस लेना पड़ा। इसके लिए यून सुक योल को जेल की सजा और मृत्युदंड तक की सजा हो सकती है। दक्षिण कोरिया का भ्रष्टाचार जांच कार्यालय यून सुक योल के खिलाफ जांच कर रहा है। सीआईओ ने कहा कि राष्ट्रपति यून सुक योल की गिरफ्तारी के वारंट को तामील करने की प्रक्रिया चल रही है। दक्षिण कोरिया के मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति आवास के अंदर एक सैन्य इकाई ने जांचकर्ताओं को राष्ट्रपति को गिरफ्तार करने की कोशिश को रोक दिया। यह साफ नहीं है कि राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा, जो अभी भी बतौर राष्ट्रपति यून की सुरक्षा में तैनात है।,

## दक्षिणी कैलिफोर्निया में विमान हादसा, दो की मौत, 100 से ज्यादा घायल


**दक्षिणी कैलिफोर्निया।** विमान हादसा कैलिफोर्निया में फुलर्टन हवाई अड्डे के पास हुआ। इसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। हालांकि, उसकी सत्यता की पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है।

अमेरिका में एक और बड़ा हादसा हुआ है। यहां दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक विमान हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। अब तक 15 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, विमान एक बड़े वेयरहाउस (गोदाम) की छत पर जा गिरा। दुर्घटना में 100 से ज्यादा लोगों को बाहर निकाला गया है। राहत और बचाव कार्य जारी है। विमान हादसा कैलिफोर्निया में फुलर्टन हवाई अड्डे के पास हुआ। इसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

# सिलिकॉन वैली में अब ट्रंप की पकड़ बहुत मजबूत

**निवेशक**

**अमेरिका की शीर्ष निवेशक आशा जडेजा मोटवानी ने कहा कि सिलिकॉन वैली अब ट्रंप से गहराई से जुड़ी हुई है।**



**वॉशिंगटन।** अमेरिका की शीर्ष निवेशक आशा जडेजा मोटवानी ने कहा कि सिलिकॉन वैली अब ट्रंप से गहराई से जुड़ी हुई है। मैं अपने साथी निवेशकों और तकनीकी उद्यमियों डेविड सैक्स और श्रीराम कृष्णन आदि के साथ मिलकर स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल नियामक प्रणाली विकसित करने के लिए काम करने के लिए उत्साहित हूं।

भारतीय अमेरिकी निवेशक आशा जडेजा मोटवानी ने दावा किया है कि नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सिलिकॉन वैली पर मजबूत पकड़ है और अब सिलिकॉन वैली की हर चीज से ट्रंप गहराई से जुड़े हुए हैं। इसकी वजह ये है कि ट्रंप ने सिलिकॉन वैली के कई एंटरप्रेन्योर्स को अपनी सरकार में अहम जिम्मेदारी दी है। अमेरिका की शीर्ष निवेशक आशा जडेजा मोटवानी ने कहा कि सिलिकॉन वैली अब ट्रंप से गहराई से जुड़ी हुई है। मैं अपने साथी निवेशकों और तकनीकी उद्यमियों डेविड सैक्स और श्रीराम कृष्णन आदि के साथ मिलकर स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल नियामक प्रणाली विकसित करने के लिए काम करने के लिए उत्साहित हूं। ट्रंप ने सिलिकॉन वैली के डेविड सैक्स को व्हाइट हाउस एआई और क्रिप्टो ज़ार के रूप में नामित किया है और भारतीय अमेरिकी श्रीराम कृष्णन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए वरिष्ठ नीति सलाहकार नियुक्त किया है। मोटवानी, गूगल के शुरुआती निवेशकों में से एक हैं और गूगल के अलावा उन्होंने सिलिकॉन वैली के 100 से भी ज्यादा स्टार्टअप में निवेश किया हुआ है। आशा जडेजा मोटवानी के दिवंगत पति स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर राजीव मोटवानी ने ही गूगल के कंपनी बनने से पहले उसकी एल्गोरिदम को बनाया था और वे गूगल के संस्थापक लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन के गुरु थे। मोटवानी, डोनाल्ड ट्रंप के शुरुआती समर्थकों में से एक रही हैं। सिलिकॉन वैली से जुड़े एंटरप्रेन्योर्स को ट्रंप सरकार में अहम जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताते हुए आशा जडेजा मोटवानी ने कहा कि तकनीकी इंडस्ट्री को लीना खान जैसे विचारकों द्वारा बहुत लंबे समय तक परेशान किया गया। अगर उनकी जगह कोई ऐसा व्यक्ति आ जाए जो इस मुश्किल समय में अमेरिकी प्रौद्योगिकी नेतृत्व के रणनीतिक महत्व को समझता हो, तो यह ताजी हवा की सांस होगी।

मोटवानी पिछले कुछ वर्षों में भारतीय स्टार्टअप की बड़ी समर्थक बनकर उभरी हैं। मोटवानी जडेजा फाउंडेशन ने ही लास वेगास में 7-11 जनवरी तक होने वाले कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो 2025 में इंडिया पैवेलियन की मेजबानी करने का फैसला किया है। इस साल मंडप में 10 होनहार भारतीय स्टार्टअप शामिल होंगे, जो भारत में तेजी से बढ़ रहे नवाचार और उद्यमशीलता की भावना का उदाहरण पेश करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि पिछले कुछ वर्षों में फाउंडेशन ने इस प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर भारत की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए लगातार काम किया है।

# जब्बार ने अकेले किया हमला, सेना के साथ अफगानिस्तान भी गया

**अंजाम**

**अमेरिका के न्यू ऑर्लियंस के हमलावर को लेकर माना जा रहा था कि उसने किसी के साथ मिलकर इस हमले को अंजाम दिया।**



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि न्यू ऑर्लियंस के हमलावर शम्सुद्दीन जब्बार ने अकेले ही हमला किया, लेकिन इस बात के संकेत हैं कि वह आईएसआईएस का मजबूत समर्थक था। अमेरिका के न्यू ऑर्लियंस के हमलावर को लेकर माना जा रहा था कि उसने किसी के साथ मिलकर इस हमले को अंजाम दिया। हालांकि अब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने साफ कर दिया है कि हमलावर ने अकेले ही इस हमले को अंजाम दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि न्यू ऑर्लियंस के हमलावर शम्सुद्दीन जब्बार ने अकेले ही हमला किया, लेकिन इस बात के संकेत हैं कि वह आईएसआईएस का मजबूत समर्थक था। नए साल के जश्न के दौरान जब्बार ने न्यू ऑर्लियंस में लोगों की भीड़ को गाड़ी से रौंद दिया था। इस हमले में हमलावर समेत 15 लोगों की मौत हुई थी और 30 अन्य घायल हैं।

FBI इस घटना की जांच आतंकवादी हमले के रूप में कर रही है। हमलावर 42 वर्षीय जब्बार था, जो एक पूर्व सैनिक था। हमले के दौरान स्थानीय पुलिस के साथ गोलीबारी में जब्बार मारा गया। जब्बार अमेरिका के ह्यूस्टन का निवासी था और हमले के लिए वह गाड़ी चलाकर न्यू ऑर्लियंस गया था। जब्बार सेना में आईटी विशेषज्ञ के तौर पर काम कर चुका था और सेना में नौकरी के दौरान अफगानिस्तान में भी तैनात रह चुका था। बाइडन ने बताया कि हमलावर ने न्यू ऑर्लियंस में फ्रेंच क्वार्टर इलाके में गाड़ी से भीड़ को रौंदने से पहले वहां आईईडी विस्फोटक भी लगाया था और उसका रिमोट कंट्रोल जब्बार की गाड़ी में ही था।


## चिली में भूकंप की वजह से कांपी धरती; रिक्टर स्केल पर 6.2 दर्ज की गई तीव्रता




**कैलामा।** चिली में कैलामा के पास 6.2 तीव्रता का भूकंप आया है। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इस बारे में जानकारी दी। ईएमएससी ने बताया कि भूकंप का केंद्र कैलामा से 84 किमी उत्तर पश्चिम में था। चिली में कैलामा के पास एंटोफगास्टा क्षेत्र में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया है। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इस बारे में जानकारी दी। ईएमएससी ने बताया कि भूकंप का केंद्र कैलामा से 84 किमी उत्तर पश्चिम में पृथ्वी की सतह से 104 किमी की गहराई में था। हालांकि अभी तक इसकी वजह से किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं आई है।

भूकंप के आने की मुख्य वजह धरती के अंदर प्लेटों का टकराना है। धरती के भीतर सात प्लेट्स होती हैं जो लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेटें किसी जगह पर आपस में टकराती हैं, तो वहां फॉल्ट लाइन जोन बन जाता है और सतह के कोने मुड़ जाते हैं। सतह के कोने मुड़ने की वजह से वहां दबाव बनता है और प्लेट्स टूटने लगती हैं। इन प्लेट्स के टूटने से अंदर की एनर्जी बाहर आने का रास्ता खोजती है, जिसकी वजह से धरती हिलती है और हम इसे भूकंप मानते हैं।

# भारत से रिश्ते पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने फिर रोया पुराना रोना



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि संबंधों को बेहतर करने के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। यह एकतरफा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भारत के साथ संबंधों को बेहतर करने में मदद करने के लिए माहौल बनाया जाए।

भारत के साथ रिश्तों को बेहतर करने को लेकर पाकिस्तान ने फिर पुराना रोना रोया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि संबंधों को बेहतर करने के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। यह एकतरफा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भारत के साथ संबंधों को बेहतर करने में मदद करने के लिए माहौल बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को परमाणु शक्ति से आर्थिक शक्ति बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। आर्थिक स्थिरता और द्विपक्षीय संबंधों को बेहत करने की कोशिश जारी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की दो साल के लिए अस्थायी सदस्यता मिलना इन्हीं प्रयासों का हिस्सा है। 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में भारतीय सेना के काफिले पर हमले के बाद भारत के युद्धक विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर हमला किया था। जिसके बाद संबंधों में और तनाव आया। इसके बाद, भारत ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त किया। जिससे संबंध और बिगड़ गए। भारत का स्पष्ट कहना है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी संबंध चाहते हैं। लेकिन इसके लिए इस्लामाबाद को आतंकवाद और दुश्मनी से मुक्त माहौल बनाने की आवश्यकता है।

15 और 16 अक्तूबर को विदेश मंत्री एस जयशंकर एससीओ सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान गए थे। यह भारत के किसी विदेश मंत्री की तरफ से नौ साल बाद पाकिस्तान का दौरा था। जयशंकर से पहले पाकिस्तान जाने वाली आखिरी विदेश मंत्री सुषमा स्वराज रही थीं। वे दिसंबर 2015 में अफगानिस्तान पर एक कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए इस्लामाबाद पहुंचीं थीं। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने जयशंकर की इस्लामाबाद यात्रा को दोनों देशों के बीच जमी बर्फ को पिघलाने वाला दौरा करार दिया था।

# राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों का दो दिवसीय कॅरियर गाइडेंस प्रशिक्षण संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** समग्र शिक्षा (माध्यमिक) उत्तर प्रदेश के निर्देशनुपालन में जनपद जौनपुर में करियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स के अन्तर्गत राजकीय जिला पुस्तकालय जौनपुर के सभागार में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो और पंख नोडल शिक्षकों के दो दिवसीय गैर आवासीय कैरियर गाइडेंस प्रशिक्षण 02 जनवरी से 03 जनवरी तक आयोजित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश यादव, जिला समन्यवक डॉ0 राजन सिंह तथा मास्टर ट्रेनरों ने शुक्रवार को प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए प्रशिक्षण का समापन किया। जनपदीय संदर्भदाता पंकज कुमार (प्रधानाध्यापक राजकीय हाई स्कूल सवायन) द्वारा संप्रेषण और पारस्परिक कौशल पर प्रकाश डालते हुए गतिविधि के माध्यम से संचार शैलियों को विस्तार से बताया गया। वहीं दूसरे जनपदीय संदर्भदाता पवन कुमार गुप्ता (प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज मवई सोंधी) द्वारा टीम वर्क, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन तथा विभिन्न प्रकार के करियर सम्बन्धी जानकारियां प्रतिभागियों को प्रदान की गई। प्रशिक्षण में खेल के माध्यम से समायोजन तथा करियर योजना पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला समन्वयक डॉ0 राजन सिंह के द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कैरियर के प्रति जागरूक करने संबंधी विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई साथ ही सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश यादव द्वारा कैरियर गाइडेंस के प्रशिक्षण के उपयोगिता के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने सभी प्रधानाध्यापको से विद्यालय मे कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम के संचालन एवं परीक्षा पे चर्चा 2025 में सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का शत प्रतिशत नामांकन करने हेतु सभी को निर्देशित किया। कार्यक्रम में 32 विद्यालयों के प्रधानाचार्य/ प्रधानाध्यापक एवं नोडल शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

## महाकुंभ के पहले 10 जनवरी को आएंगी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ के पहले देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगमन हा रहा है। अफसर तैयारियों में जुट गए हैं। वह यहां करी 3 घंटे रहेंगी। वह यहां गंगा पूजन कर महाकुंभ की औपचारिक शुरूआत करेंगी। इसके अलावा वह प्रयागराज एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का लोकार्पण भी कर सकती हैं जिसका ग्राउंड फ्लोर लगभग बनकर तैयार है लेकिन अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए प्रदेश के मुख्यममंत्री योगी आदित्यनाथ कल शनिवार को प्रयागराज आ रहे हैं। वह राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों को देखेंगे। राष्ट्रपति प्रयागराज आगमन के दौरान गंगा पूजन कर किले में स्थित अक्षयवट का भी दर्शन करेंगी। इसके साथ ही वह संविधान गैलरी समेत कई अन्य निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण कर सकती हैं। उनके आगमन को देखते हुए मुख्यमंत्री खुद प्रयागराज आएंगे। कल शनिवार के बाद फिर उनका 8 जनवरी को भी प्रस्तावित है। वहीं पिछले महीने दिसंबर की बात की जाए तो 30 दिन में मुख्यमंत्री 5 बार प्रयागराज आए थे। 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्रयागराज संगम आए थे।

# दादा मियां का 378 वां उर्स 9 व 10 जनवरी को

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** खानकाह शाह मुहीबउल्लाह इलाहाबादी बहादुरगंज प्रयागराज (दादा मिया के घर पर) एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उर्स के आयोजक अंकुश शर्मा उर्फ मोनू,सज्जादा नशीन शाह मोहम्मद मुकर्रबउल्लाह उर्फ अली मियां,मोहम्मद मियां फारुकी,महमूद मियां फारुकी, एडवोकेट उसैद फारुकी, एडवोकेट मुज्तबा फारुकी, मुबारिज फारुकी और मुस्तकीम सिद्दीकी एवं दरगाह शरीफ शाह मुहीबउल्लाह इलाहाबादी दादा मियां कीडगंज की इंतेजामिया कमेटी के जिम्मेदार अमित निषाद, मनोज निषाद, मोनू निषाद, ननका निषाद,मोहम्मद इस्माइल, इम्तियाज सामानी, मोहम्मद मुस्तफा, आमिर कुरैशी, मंजीत, सैफ पठान, मोहम्मद जावेद, अजहर बाबा, फैय्याज अंसारी, मोहम्मद फैसल अंसारी, मोहम्मद इकराम अंसारी, कादिर सिद्दीकी, मोहम्मद इस्माइल, मोहम्मद लियाकत, अरशद अंसारी, भोला यादव, राहुल केसरवानी, अंकित यादव,मौलाना अशफाक निजामी इमाम मस्जिद दरगाह दादा मियां और सैकड़ों लोग मौजूद रहे। उर्स मे होने वाले कार्यक्रम एवं श्रद्धालुओं (जायरीन) की सुविधा के लिये आपस मे मशविरा हुआ। विजय शंकर पाण्डेय एडवोकेट इलाहाबाद हाईकोर्ट एवं सज्जादा नशीन शाह मोहम्मद मुकर्रबउल्लाह उर्फ अली मियां ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि उर्स में आने वाले श्रद्धालुओं (जायरीन) की सुरक्षा एवं साफ सफाई की सहूलत मुहैया कराई जाए। 9 जनवरी बरोज जुमेरात बाद नमाज़ फजिर गुसुल शरीफ, नमाज़ मगरिब पहला कुल दरगाह शरीफ कीडगंज मे सम्पन्न होगा।10जनवरी बरोज जुमा बाद नमाज़े जुमा कव्वाली दो बजे,पांच बजे आखिरी कुल का फातिहा, बमुकाम खानखाह हज़रत शाह मुहिबउल्लाह इलाहाबादी (दादा मियां के आवास पर) बहादुरगंज मे सम्पन्न होगा। तथा रात नौ बजे पुनः कव्वाली होगी।

# संक्षिप्त समाचार

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**जौनपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के गभिरन मंडल से अध्यक्ष पद पर अजय यादव को चुनें जाने पर क्षेत्र वासियों ने बधाई दी है।अजय यादव मूल रूप से सदर विधानसभा क्षेत्र के तिवारी का पूरा पोस्ट लपरी के मूल निवासी हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष शुक्रवार को गभिरन मंडल के दर्जनों गांवों में जन सम्पर्क किया। और क्षेत्र वासियों ने जगह जगह माल्यार्पण कर जोर दार स्वागत कर मिठाई वितरित किया।इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मदनलाल सोनी, प्रधान संतलाल सोनी,महेंद्र सिंह,विनय मिश्रा, कमला सिंह, डा0 इंद्रसेन मौर्य, संजीव पाठक, रिंकू, श्रवण सिंह, विजय कश्यप, दिनेश गौतम, सुरेश यादव, प्रदीप एयर यादव, श्याम राज,राजभर, वीरेन्द्र यादव, अलोक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## अलाव न जलवाने से सीआरओ ने लगाई फटकार

**जौनपुर। गौराबादशाहपुर।** सीआरओ अजय कुमार अम्बष्ट ने नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में बने अस्थाई रैन बसेरा व अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। कई सामूहिक स्थानों पर अलाव न जलने पर नाराजगी जताई। बीते बुधवार की देर रात सीआरओ अजय कुमार अम्बष्ट नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में बने अस्थाई रैन बसेरा का निरीक्षण करने पहुंच गए। रैन बसेरा की व्यवस्था संतोष जनक न मिलने पर सीआरओ ने नाराजगी जताई। वहीं जब अलाव व्यवस्था की जांच की गई तो गौरा बाजार के कई प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं मिली। यहां व्यापारी व दुकानदार अपने निजी संसाधन से अलाव की व्यवस्था किए थे। जिस पर ईओ पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द व्यवस्थाओं में सुधार करवा लेने का निर्देश दिया।सीआरओ अजय कुमार अम्बष्ट ने बताया कि निरीक्षण किया गया है। जो भी खामियां मिली है उन्हें सुधार का निर्देश दिया गया है।

## इंस्पायरिंग वुमन ऑफ इंडिया पुस्तक का कुलपति ने किया विमोचन



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने शुक्रवार को कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की शिक्षिका डॉ. सोनम झा की पुस्तक ट्रेलब्लेजर्स इन्सपाइरिंग वोमेन ऑफ इंडिया का विमोचन किया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि इस पुस्तक को देखकर गर्व हो रहा है कि इसमें उन महिलाओं के योगदान की चर्चा है जिन्होंने भारतीय इतिहास को आकार दिया है। इन महिलाओं ने बाधाओं को तोड़ा है और प्रतिकूल परिस्थितियों में साहस, करुणा, और दृढ़ता का उदाहरण पेश किया है। शिक्षिका डॉ. सोनम झा ने बताया कि यह पुस्तक ऑरेंज पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित की गई है. इसमें रानी दुर्गावती, मैत्रेयी, गार्गी वाचकनवी, चाँद बीबी, अहिल्याबाई, रजिया सुल्तान, मीराबाई, इंदिरा गांधी, कल्पना चावला, मैरी कॉम, किरण बेदी एवं मदर टेरेसा जैसी महान विभूतियों के जीवन चरित्र एवं संघर्षो को वर्णित किया गया है. इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल, प्रो. नूपुर गोयल, डॉ. विकास चौरसिया,रिचा सिंह, प्रियंका जायसवाल उपस्थित रहे।

## राम दुलार चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया कंबल वितरण

**जौनपुर।** दिसम्बर के महीने में कड़ाके की ठंडी कहर ढा रही है। आम आदमी का जनजीवन त्रस्त है। रामदुलार चेरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से गरीबों में कंबल बितरण किया गया। संस्थापक फते बहादुर यादव की अध्यक्षता में उनके सुपुत्र डा अंकित यादव जो कि कुशीनगर में बच्चों का अस्पताल चलाते हैं। अपने गृहनगर सादी पट्टी गाँव में आकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। डा अंकित यादव ने अपने बक्तब्य में कहा कि गरीबों की सेवा करना सबसे पुनीत कार्य है। इस मौके पर ट्रस्ट के तमाम पदाधिकारी व गाँव के लोग मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने किया केंद्रीय कानून मंत्री का स्वागत



**प्रयागराज।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने बमरौली एयरपोर्ट पर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं का कुशल क्षेम पूछते हुए उनसे महाकुंभ को सफल बनाने की अपील करते हुए सेवा भाव से तीर्थ यात्रियों की सहायता करने को कहा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महाकुंभ 2025, हमारी सनातन संस्कृति का एक अद्भुत उत्सव है, जो न केवल एक धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि भारतीय सभ्यता, संस्कार और परंपराओं का जीवंत उदाहरण भी है। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, यमुनापार अध्यक्ष विनोद प्रजापति, नवीन शुक्ला, राकेश भारती, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, मनोज कुशवाहा, देवेश सिंह, प्रशांत शुक्ला आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। **मुरली मनोहर जोशी के जन्म दिन की पूर्व संध्या पर गोष्ठी का आज-** भाजपा के वरिष्ठ नेता पद्मभूषण पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ मुरली मनोहर जोशी के जन्मदिवस (5जनवरी) की पूर्व संध्या शनिवार 4 जनवरी को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में सायं 3 बजे गोष्ठी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता सम्मिलित होंगे।

## डा. अनुभव वार्ष्णेय दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष बने



**प्रयागराज।** इलाहाबाद के मेधावी व प्रतिभाशाली छात्र डा. अनुभव वार्ष्णेय को राजस्थान विश्व विद्यालय, जयपुर के दर्शनशास्त्र विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रारंभ से ही अति होनहार छात्र रहे वार्ष्णेय देश के विश्वविद्यालयों के इतिहास में सबसे कम आयु के विभागाध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए हैं। उन्हें जेआरएफ, नेट के साथ परास्नातक में सर्वोच्च स्थान प्राप्त होने का भी गौरव हासिल है। उनकी अबतक एक दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। डा. वार्ष्णेय ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# प्रदीप प्रधान सहायक का विदाई समारोह का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** प्रदीप कुमार सिंह प्रधान सहायक चकबन्दी विभाग का विदाई समारोह आजमगढ़ के समस्त चकबन्दी परिवार के सदस्यों द्वारा बड़े धूमधाम से नेहरूहाल के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालता प्रसाद अहिरवार बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी तथा संचालन विवेक श्रीवास्तव सहायक चकबन्दी अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार पाण्डेय उप संचालक चकबन्दी आजमगढ़ तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में रामप्रवेश सिंह ब.अ.च. उपस्थित थे। कार्यक्रम में चकबन्दी विभाग आजमगढ़ के समस्त कर्मचारी व अधिकारी द्वारा प्रदीप कुमार सिंह को अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित करते हुए। भावबिनि विदाई दी गयी (कार्यक्रम में अपने उद्धबोधन में चकबन्दी अधिकारी सघ के महामंत्री राधेश्याम वर्मा द्वारा प्रदीप कुमार सिंह द्वारा सेवाकाल में किये गये कार्यो की सराहना की गयी सत्येन्द्र मिश्रा पूर्व मंत्री प्रा.क्षे.नि.कर्मचारी संघ द्वारा अपने उद्धोधन में प्रदीप कुमार सिंह को एक अनुशासित कर्मचारी बताया उन्होने कहा कि समय से आना व अपने दायित्वों को निर्वहन समय से पूर्ण करना यह इनकी विशेषता रही है। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्धबोधन में कहा गया कि प्रदीप कुमार सिंह एक अनुशासित व कर्मठ कर्मचारी के रूप में रहे उन्होने अपने अधिकारियों का हमेशा सम्मान किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राहुल पाल मंत्री प्रा.सं.नि. कर्मचारी संघ व अभिषेक श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष प्रा.क्षे. मि. कर्मचारी संघ प्रदीप दूबे शेषनाथ राम. रामबहादुर धीरज सिंह देवीदत्त दूबे संजय चौहान मालती, पूजा, सुबाष सत्येन्द्र चौबे शुभम, दुर्गेश आदि सैकड़ों कर्मबारी उपस्थित रहें।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जारी हो रहे छह रंग के ई-पास

अवधनामा संवाददाता

- वीआईपी के लिए सफेद, अखाड़े के लिए केसरिया और संस्थाओं को जारी किया जा रहा पीला पास
- मीडिया के लिए आसमानी, पुलिस के नीला और आपातकाल सेवाओं के लिए लाल रंग का पास निर्धारित

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम व्यवस्था और सुरक्षा के लिए छह रंग के ई-पास जारी किए जा रहे हैं। पुलिस से लेकर अखाड़े और वीआईपी तक के लिए अलग-अलग रंग के ई-पास जारी किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। कैटेगरी के आधार पर कोटा निर्धारित किया जा रहा है। देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए इस लिहाज से विभागीय स्तर पर नोडल अधिकारी भी नामित किए जा रहे हैं। उच्च न्यायालय, वीआईपी, विदेशी राजदूत, विदेशी नागरिक और अप्रवासीय भारतीयों के साथ केंद्र, राज्य के विभाग के लिए सफेद रंग का ई-पास जारी किया जा रहा है। अखाड़ों और संस्थाओं को केसरिया रंग का ई-पास प्रदान किया जा रहा है। वहीं, कार्यदायी संस्थाओं, वेंडर, फूड कोर्ट और मिल्क बूथ के लिए पीले रंग का ई-पास जारी किया जा रहा है। मीडिया को आसमानी, पुलिस बल को नीला और आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं के लिए लाल रंग का ई-पास प्रदान किया जा रहा है। महाकुम्भ के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अफसरों को स्पष्ट निर्देश है कि देश दुनिया के कोने-कोने से आने वाले एक भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसी के मद्देनजर मेला प्राधिकरण की ओर से सभी सेक्टर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निकटतम पार्किंग तक पहुंचाने के लिए सभी विभागों, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के वाहनों के ई-पास जारी किए जाने हैं। वाहनों के पास के लिए कैटेगरी के आधार पर कोटा निर्धारित किया गया है, जिसके अनुरूप वाहन पास के अनुमोदन के लिए प्रत्येक विभाग के स्तर से नोडल अधिकारी नामित किया जा रहा है। उनकी संस्तुति के आधार पर ही वाहन पास के लिए जरूरी सभी विवरण ऑनलाइन भरकर सबमिट किए जा रहे हैं।

### यूपीडेस्को के माध्यम से ई-पास प्रणाली लागू करने की व्यवस्था

**प्रयागराज।** वाहन ई-पास के लिए उत्तर प्रदेश की नोडल आईटी संस्था यूपीडेस्को के माध्यम से ई-पास प्रणाली लागू करने की व्यवस्था की गई है। व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी, मेला पुलिस, सभी संस्थाओं के वाहन पास के आवदेनों का सत्यापन निर्धारित कोटा के आधार पर करेंगे।

### आवेदन करने से पहले जरूरी हैं ये सभी कागजात

**प्रयागराज।** आवेदन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रत्येक वाहन पास के लिए आवेदक का व्यक्तिगत विवरण, कलर्ड पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड अथवा पैन कार्ड और वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं ड्राइविंग लाइसेंस की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति लेनी होगी। यूपीडेस्को की ओर से अनुबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि की ओर से अस्थायी मेला पुलिस स्थल पर अनुमोदित ई-पास को प्रिंट कर मेला पुलिस कार्यालय से ही उपलब्ध कराया जाएगा।

## देश के दूसरे अम्बेडकर थे रामचंद्र पासवान

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी आजमगढ़ उत्तर प्रदेश द्वारा स्वर्गीय रामचंद्र पासवान का 63वा जयंती समारोह पूर्वांचल जन मोर्चा कैंप कार्यालय स्थितरू-कलेक्ट्री कचहरी नगर पालिका रोड आजमगढ़ पूर्व सांसद रामचंद्र पासवान का जन्म उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रा,लो,जो,पा हरेंद्र चौहान एवं संचालन चंद्रमी गौतम जिला प्रभारी ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक शिवमोहन शिल्पकार ने अपने संबोधन में बताया कि देश के दूसरे अम्बेडकर रहें एवं भारत सरकार में कई बार कैबिनेट मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक,राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय रामविलास पासवान जी के छोटे भाई थे। रालोजपा एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री पशुपति कुमार पारस से छोटे भाई थे। बिहार प्रदेश के समस्तीपुर लोकसभा से तीन बार सांसद निर्वाचित हुए साथ ही दलित सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे वह एक सरल स्वभाव के व्यक्ति थें वह सादगी जीवन जिते थे गरिबों, वंचितों, शोषितों के सदा समर्पित रहा करते थे। उन्होंने सदा अपने जीवन काल में सामाजिक गतिविधियों एवं देश के हित के लिए तत्परता के साथ काम किया करते थे आज उनकी विचारधाराओं का प्रभाव पूरे देश में माननीय पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व मेंआम जनमानस में पहुंचाया जाएगा।

## तीन पहिया वाहनों को किया गया नंबर पास वितरण

**प्रयागराज।** आज रेलवे स्टेशन पर टेंपो टैक्सी एवं आरटीओ प्रशासन द्वारा ऑटो ई रिक्शा चालकों को मेला क्षेत्र में चलने के लिए पास दिया गया। यह गाड़ियां मेला परेड ग्राउंड तक ग्राउंड तक शहर के विभिन्न मार्गो से संचालित होगी। रेलवे स्टेशन पर ई रिक्शा पर पास लगाते हुए ए आर टी ओ रणवीर सिंह ने कहा कि पास का मकसद वाहनों पर नियंत्रण एवं चिन्हित करना है ताकि यात्रियों को सुगम यातायात प्राप्त हो। यूनियन के उपाध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी व महामंत्री रमाकांत रावत के अनुसार ऑटो रिक्शा पर कुंभ मेला आरंभ होने से पहले वाहनों पर किराया सूची चशपा कराया जाएगा। जिसमें गंतव्य स्थलों का किराया दर लिखा होगा तथा चालकों का कोड ड्रेस निर्धारित करते हुए वर्दी दी जाएगी। यह सारा कार्य टेंपो टैक्सी यूनियन द्वारा संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए यूनियन में दो किलोमीटर तक का किराया 10 चार किलोमीटर तक का किराया 20, 6 किलोमीटर तक का किराया 30 एवं 10 किलोमीटर तक का किराया 40 प्रति सवारी शहर में संचालित ऑटो ई रिक्शा के लिए निर्धारित किया गया है। जो की आरटीओ द्वारा निर्धारित किराए दार से कम है।

## इंदिरा गांधी ने 42 वां संविधान संशोधन की मान अपनी शहादत दे कर रखी थी- अरशद अली

**प्रयागराज।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अरशद अली ने कहा है कि 1976 में इंदिरा गाँधी सरकार ने 42 वां संविधान संशोधन करके संविधान की प्रस्तावना में भारत को एक समाजवादी और सेकुलर मुल्क घोषित किया था। आज ही के दिन यानी 3 जनवरी 1977 से यह अमल में आया था। अरशद अली ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की सबसे बड़ी संवैधानिक पीठ का फैसला है कि संविधान का प्रस्तावना हमारे देश का मौलिक ढांचा है जिसमें कोई बदलाव संसद भी नहीं कर सकती। भाजपा और उससे पहले जनसंघ हमेशा से संविधान में जोड़े गए इन दोनों शब्दों का विरोध करते रहे हैं। क्योंकि इन दोनों शब्दों के रहते भारत न तो धार्मिक राष्ट्र बन सकता है और ना ही कॉर्पोरेट राष्ट्र बन सकता है। इसीलिए भाजपा हमेशा इन दोनों शब्दों को हटाने की साज़िश रचती रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के दो राज्य सभा सांसदों राकेश सिन्हा और केजे अल्फोंस इन दोनों शब्दों को संविधान की प्रस्तावना से हटाने के लिए दो बार संसद में प्राइवेट मेंबर बिल भी ला चुके हैं। संवैधानिक तौर पर ऐसे बिल संसद में स्वीकार भी नहीं किए जा सकते लेकिन राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने यह बिल स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि इंदिरा जी ने 42 वें संविधान संशोधन की मान अपनी शहादत दे कर रखी। देश को इंदिरा गाँधी की सबसे बड़ी देन संविधान में किया गया 42 वां संशोधन है। इसकी रक्षा करना सभी नागरिकों की ज़िम्मेदारी है।

## ओटीएस का लाभ लेने के लिए अंतिम दिन भारी भीड़ 10 लख रुपए की वसूली

**आजमगढ़।** विद्युत वितरण खंड प्रथम के उपखंड अधिकारी उपेंद्रनाथ चौरसिया के निर्देश पर भंवरनाथ सब स्टेशन के अवर अभियंता अकबर अली व उनके सहयोगी स्टाफ के द्वारा किशन दासपुर नंबर दो पर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें देवखरी ब्रह्मस्थान कोलघाट के बकाया दारो का बड़े पैमाने पर 93 लोगों का विद्युत कनेक्शन काटा गया। प्रथम चरण के 31 दिसंबर तक य ओटीएस द्धएक मुस्त विद्युत भुगतान योजना 204 लोगों को लाभ दिलाया गया। इस अवसर पर काफी भीड़ थी तथा बकायदारों से लगभग 10 लख रुपए की वसूली की गई।


☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☛

कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

आगामी कुम्भ मेला–2025 के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी:–

04526/04525 बठिण्डा जं. – फाफामऊ जं. – बठिण्डा जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 04526 आगमन | गाड़ी सं. 04526 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04525 आगमन | गाड़ी सं. 04525 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | ---- |
| 23:55 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 06:30 |

चलने के दिन: **04526 बठिण्डा जं.** से दिनांक 19.01.2025, 22.01.2025, 25.01.2025, 08.02.2025, 18.02.2025 एवं 22.02.2025 तथा **04525 फाफामऊ जं.** से दिनांक 20.01.2025, 23.01.2025, 26.01.2025, 09.02.2025, 19.02.2025 एवं 23.02.2025 को।

स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

ठहराव: रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, लक्सर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

04528/04527 अम्ब अन्दौरा – फाफामऊ जं. – अम्ब अन्दौरा कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 04528 आगमन | गाड़ी सं. 04528 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04527 आगमन | गाड़ी सं. 04527 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:05 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | ---- |
| 12:45 | 12:55 | लखनऊ | 02:00 | 02:10 |
| 18:00 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 22:30 |

चलने के दिन: **04528 अम्ब अन्दौरा** से दिनांक 17.01.2025, 20.01.2025, 25.01.2025, 09.02.2025, 15.02.2025 एवं 23.02.2025 तथा **04527 फाफामऊ जं.** से दिनांक 18.01.2025, 21.01.2025, 26.01.2025, 10.02.2025, 16.02.2025 एवं 24.02.2025 को।

स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

ठहराव: ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनन्दपुर साहिब, रूप नगर, मोरिंडा, चंडीगढ़, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

04316/04315 देहरादून – फाफामऊ जं. – देहरादून कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 04316 आगमन | गाड़ी सं. 04316 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04315 आगमन | गाड़ी सं. 04315 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:10 | देहरादून | 21:30 | ---- |
| 18:30 | 18:35 | लखनऊ | 10:40 | 10:50 |
| 23:50 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 06:30 |

चलने के दिन: **04316 देहरादून** से दिनांक 18.01.2025, 21.01.2025, 24.01.2025, 09.02.205, 16.02.2025 एवं 23.02.2025 तथा **04315 फाफामऊ जं.** से दिनांक 19.01.2025, 22.01.2025, 25.01.2025, 10.02.2025, 17.02.2025 एवं 24.02.2025 को।

स्थान: 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

ठहराव: हरिद्वार, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

04066/04065 दिल्ली जं. – फाफामऊ जं. – दिल्ली जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 14 फेरे

| गाड़ी सं. 04066 आगमन | गाड़ी सं. 04066 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04065 आगमन | गाड़ी सं. 04065 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:25 | दिल्ली जं. | 13:40 | ---- |
| 14:15 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 23:30 |

चलने के दिन: **04066 दिल्ली जं.** से दिनांक 10.01.2025, 18.01.2025, 22.01.2025, 31.01.2025, 08.02.2025, 16.02.2025 एवं 27.02.2025 तथा **04065 फाफामऊ जं.** से दिनांक 11.01.2025, 19.01.2025, 23.01.2025, 01.02.2025, 09.02.2025, 17.02.2025 एवं 28.02.2025 को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

ठहराव: गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एंव रायबरेली जं. स्टेशन।

04662/04661 अमृतसर – फाफामऊ जं. – अमृतसर कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04662 आगमन | गाड़ी सं. 04662 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04661 आगमन | गाड़ी सं. 04661 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:10 | अमृतसर | 04:15 | ---- |
| 19:00 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 06:30 |

चलने के दिन: **04662 अमृतसर** से दिनांक 09.01.2025, 19.01.2025 एवं 06.02.2025 तथा **04661 फाफामऊ जं.** से दिनांक 11.01.2025, 21.01.2025 एवं 08.02.2025 को।

स्थान: 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

ठहराव: ब्यास, जालंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, देवबंद, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

04664/04663 फिरोजपुर – फाफामऊ जं. – फिरोजपुर कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04664 आगमन | गाड़ी सं. 04664 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04663 आगमन | गाड़ी सं. 04663 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 13:25 | फिरोजपुर | 16:45 | ---- |
| 11:30 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 19:30 |

चलने के दिन: **04664 फिरोजपुर** से दिनांक 25.01.2025 तथा **04663 फाफामऊ जं.** से दिनांक 26.01.2025 को।

स्थान: 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

ठहराव: फरीदकोट, कोट कपूरा, बठिण्डा जं., धूरी जं., पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

उप. मु.सिग. एवं दू. सं. अभि./नि.–II/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन उ.रे, चारबाग लखनऊ–226004, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई–निविदा एकल पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही है:–

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम एवं स्थान:** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बाराबंकी–मल्हौर खंड के बीच 3-4 लाइन के काम के संबंध में बाराबंकी एवं मल्हौर स्टेशनों के मौजूदा एस एंड टी इलैक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (मेधा मेक) में जोड़ और परिवर्तन के साथ–साथ दोनों स्टेशनों पर आउटडोर एस एंड टी कार्य। |
| 2 | **पूरा होने की अवधि:** 180 (एक सौ अस्सी) दिन (स्वीकृती पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.4,30,64,776.35 (रुपये चार करोड़ तीस लाख चौसठ हजार सात सौ छिहत्तर और पैसा पैंतीस केवल) |
| 4 | **निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि:** रु. शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है। |
| 5 | **ऑफर की वैधता:** 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 6 | **निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 30.01.2025 को 11:30 बजे तक आई आर ई पी एस वेब साइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोली दाता ई–टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 30.01.2025 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है:** विस्तृत ई–टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 10.01.2025 से 30.01.2025 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई–टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम-2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

निविदा सूचना संख्या:- 287-सिग/सी.-II/लखनऊ/निविदा/02/24 दिनांक: 10.01.2025 29/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शेयर बाजार में फिर बिकवाली हावी; सेंसेक्स 720 अंक गिरा, निफ्टी 24050 से नीचे आया

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 720.60 (0.90%) अंकों की साथ 79,223.11 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 183.91 (0.76%) अंक टूटकर




गिरावट के साथ 79,223.11 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 183.91 (0.76%) अंक टूटकर 24,004.75 के स्तर पर बंद हुआ।

शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन और 2025 में पहले दिन लाल निशान पर क्लोजिंग हुई। शुक्रवार को सेंसेक्स 720.60 (0.90त्र) अंकों की गिरावट के 24,004.75 के स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान, जोमैटो के शेयर चार प्रतिशत जबकि अदाणी पोर्ट के शेयर दो प्रतिशत तक गिर गए। शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे गिरकर 85.78 (अनंतिम) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

**बैंकिंग और आईटी शेयरों पर दिखा दबाव**

शेयर बाजार में कंपनियों के तिमाही परिणामों (जो अगले हफ्ते से आने शुरू होंगे) से पहले बैंकिंग और आईटी शेयरों पर दबाव दिखा। इससे बेंचमार्क सूचकांक शुक्रवार को लगभग एक-एक प्रतिशत तक फिसल गए। डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से भी बाजार में बिकवाली को बढ़ावा मिला।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सकारात्मक शुरुआत के बावजूद 720.60 अंक या 0.90 प्रतिशत टूटकर 79,223.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 833.98 अंक या 1.04 प्रतिशत गिरकर 79,109.73 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 183.90 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 24,004.75 अंक पर आ गया।

**जोमैटो, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा के शेयरों में गिरावट**

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में जोमैटो, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, लार्सन एंड टूब्रो, एचसीएल टेक और आईटीसी प्रमुख रूप से पिछड़े रहे। दूसरी ओर, टाटा मोटर्स, नेस्ले, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज लाभ में रहीं।

एशियाई बाजारों में सियोल और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि शंघाई में गिरावट दर्ज की गई। जापानी बाजार नए साल की छुट्टी के कारण बंद रहे। यूरोप के बाजारों में गिरावट देखी गई। गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार भी लाल निशान पर बंद हुए।

**रुपया 3 पैसे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर पर**

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले कई दिनों से बिकवाली कर रहे थे, लेकिन गुरुवार को उन्होंने खरीदारी की। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने 1,506.75 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 3 पैसे गिरकर 85.78 (अनंतिम) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.43 प्रतिशत घटकर 75.60 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।


पिछले सत्र में बीएसई का सूचकांक 1,436.30 अंक या 1.83 प्रतिशत उछलकर 79,943.71 अंक पर बंद हुआ था, जो एक महीने से अधिक समय में एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त थी। बीते सत्र में निफ्टी 445.75 अंक या 1.88 प्रतिशत मजबूत होकर 24,188.65 अंक पर बंद हुआ था।

# राम चरण की फिल्म गेम चेंजर का ट्रेलर हुआ लॉन्च

राम चरण की गेम चेंजर का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आखिरकार रिलीज़ हो गया है, जिससे दुनिया भर में उत्साह की लहर दौड़ गई है। महान एस. शंकर द्वारा निर्देशित और चमकदार कियारा आडवाणी की सह-कलाकार, यह फिल्म पहले जैसा सिनेमाई असाधारण होने का वादा करती है।

ट्रेलर दिल को छू लेने वाले ड्रामा, लुभावने एक्शन और हार्दिक भावनाओं का एक उत्कृष्ट मिश्रण है, जो दर्शकों को एक ऐसी कहानी की झलक पेश करता है जो मनोरंजक और गहराई से गूंजने वाली है। अपने आश्चर्यजनक दृश्यों और अत्याधुनिक उत्पादन मूल्यों के साथ, गेम चेंजर भारतीय सिनेमा के स्तर को ऊपर उठाता है, भव्यता का स्तर दिखाता है जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता है।

राम चरण और कियारा आडवाणी के बीच की जबरदस्त केमिस्ट्री उत्साह को बढ़ा रही है, जिसका दमदार प्रदर्शन ट्रेलर में नज़र आ रहा है । शंकर का दूरदर्शी निर्देशन हर फ्रेम में स्पष्ट है, क्योंकि वह रहस्य, तीव्रता और दृश्य भव्यता के तत्वों को एक साथ जोड़कर एक सिनेमाई अनुभव बनाते हैं जो रोमांचकारी और विस्मयकारी दोनों है।




महाकाव्य पैमाने पर फिल्में देने के लिए प्रसिद्ध निर्देशक शंकर ने कहा गेम चेंजर के साथ, मैं एक ऐसी कहानी बताना चाहता था जो मनोरंजक होने के साथ-साथ विचारोत्तेजक भी हो। फिल्म हाई-ऑक्टेन दृश्यों के साथ एक शक्तिशाली कथा को जोड़ती है, और राम ऐसा प्रदर्शन किया है जिसे याद रखा जाएगा।

श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले दिल राजू द्वारा निर्मित, गेम चेंजर टीम के लिए एक ऐतिहासिक सहयोग का प्रतिनिधित्व करता है। अपना उत्साह साझा करते हुए, निर्माता दिल राजू ने कहा यह फिल्म एक ड्रीम प्रोजेक्ट है। शंकर सर के दूरदर्शी निर्देशन से लेकर राम चरण की चुंबकीय स्क्रीन उपस्थिति तक, गेम चेंजर के बारे में सब कुछ अविस्मरणीय बनाया गया है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक बड़ी संख्या में अनुभव करने और जश्न मनाने के लिए आएंगे यह।

जैसे ही ट्रेलर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहा है, प्रशंसक और समीक्षक इसे माइलस्टोन बता रहे हैं। अपने स्टार-स्टडेड कलाकारों, सम्मोहक कथा और अद्वितीय उत्पादन पैमाने के साथ, फिल्म ने पहले ही साल की सबसे उत्सुकता से प्रतीक्षित रिलीज में से एक के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है।

गेम चेंजर जल्द ही दुनिया भर में रिलीज होने के लिए तैयार है, जो एक अविस्मरणीय सिनेमाई यात्रा का वादा करता है जो हर जगह के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। अधिक अपडेट के लिए बने रहें क्योंकि इस गेम-चेंजिंग तमाशे की उलटी गिनती शुरू हो गई है!

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार में आई 4.112 अरब डॉलर की कमी, आरबीआई ने जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर गिरावट दर्ज की गई है। 27 दिसंबर 2024 को समाप्त हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में 4.112 अरब डॉलर की कमी आई और यह 640.279 अरब डॉलर पर पहुंच गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 8.478 अरब डॉलर घटकर 644.391 अरब डॉलर गयो गया था। पिछले कुछ हफ्तों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट दिखी है। जानकारों के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रुपये में उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए उठाए गए कदमों से फॉरेक्स रिजर्व पर दबाव बढ़ा है। सितंबर महीने के अंत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर 704.885 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 27 दिसंबर को समाप्त हुए हफ्ते के दौरान फॉरेक्स रिजर्व के अहम घटक विदेशी मुद्रा अस्तियों (FCA) में 4.641 अरब डॉलर की कमी आई और इसका भंडार कम होकर 551.921 अरब डॉलर पर पहुंच गया। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा अस्तियों के तहत अन्य विदेशी मुद्राओं, जैसे यूरो, पाउंड और येन की कीमतों में डॉलर की तुलना में उतार-चढ़ाव की गणना की जाती है।

आरबीआई के अनुसार, देश का स्वर्ण भंडार समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 54.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 66.268 अरब डॉलर पर पहुंच गया। केंद्रीय बैंक ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) उक्त हफ्ते के दौरान 1.2 करोड़ डॉलर कम होकर 17.873 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार 27 दिसंबर समाप्त हुए हफ्ते के दौरान अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत की रिजर्व स्थिति 4.217 अरब डॉलर पर स्थिर रही।

# पेंशनधारकों को बड़ी राहत, ईपीएफओ देशभर में लागू की केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली, मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ ने कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के तहत नई केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) को देशभर में लागू करने का काम पूरा कर लिया है। इसके तहत दिसंबर 2024 के लिए 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लगभग 1,570 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की गई। सरकार के इस कदम से देशभर के पेंशनधारकों को बड़ा फायदा मिलेगा। अब वे देश में किसी भी शाखा से अपना पेंशन भुगतान हासिल कर सकेंगे। आइए इस बारे में और जानें।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने देशभर के पेंशनधारकों को बड़ा तोहफा दिया है। अब वे देश में किसी भी शाखा से अपनी पेंशन की राशि निकाल सकेंगे। ईपीएफओ ने कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के तहत नई केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) को देशभर में लागू करने का काम पूरा कर लिया है। इसके तहत




दिसंबर 2024 के लिए ईपीएफओ के सभी 122 पेंशन वितरण क्षेत्रीय कार्यालयों से संबंधित 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लगभग 1,570 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की गई। केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) का पहला पायलट प्रोजेक्ट अक्तूबर 2024 में करनाल, जम्मू और श्रीनगर क्षेत्रीय कार्यालयों में 49,000 से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लगभग 11 करोड़ रुपये के पेंशन वितरण के साथ सफलतापूर्वक पूरा हुआ था। दूसरा पायलट प्रोजेक्ट नवंबर 2024 में 24 क्षेत्रीय कार्यालयों में लिया गया, जिसमें 9.3 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लगभग 213 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की गई। इसकी घोषणा करते हुए केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा, ईपीएफओ के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) का पूर्ण कार्यान्वयन एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है।

उन्होंने कहा, यह परिवर्तनकारी पहल के तहत पेंशनभोगी देश में कहीं भी, किसी भी बैंक, किसी भी शाखा से अपनी पेंशन आसानी से हासिल कर सकेंगे। उन्हें भौतिक सत्यापन के लिए किसी शाखा पर जाने की जरूरत नहीं होगी। केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली के लागू हो जाने के बाद अब पूरे देश में किसी भी शाखा पर बिना पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) के स्थानांतरण के भी पेंशन निकासी संभव होगा। इस व्यवस्था से उन पेंशनधारकों को सबसे अधिक मदद मिलेगी जो रिटायरमेंट के बाद अपने गृह शहर चले जाते है। ईपीएफओ ने कहा है कि वह पेंशनधारकों की सुविधा में सुधार के लिए लगातार काम कर रहा है। सीपीपीएस को देशभर में लागू करना, इसी दिशा में उठाया गया प्रमुख सुधारात्मक कदम है।

# गुजरात साइंस सिटी में BIS स्टैंडर्ड कार्निवल का आयोजन किया

**लखनऊ।** स्टैंडर्ड कार्निवल (भारतीय स्टैंडर्ड मेला) का आयोजन 4 जनवरी 2025 को साइंस सिटी, अहमदाबाद में किया गया है। यह कार्यक्रम BIS (भारतीय स्टैंडर्ड ब्यूरो) अहमदाबाद द्वारा साइंस सिटी, अहमदाबाद और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, गुजरात सरकार के सहयोग से BIS स्टैंडर्ड के माध्यम से विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया है।

BIS ने शैक्षणिक संस्थानों में स्टैंडर्ड क्लब बनाकर, शिक्षकों और छात्रों को सदस्यों के रूप में शामिल करके और गुणवत्ता के लिए युवाओं को ब्रांड एंबेसडर बनाकर गुणवत्ता के बारे में जागृत करने की एक सराहनीय पहल की है।

फिर 4 जनवरी 2025 को साइंस सिटी में BIS स्टैंडर्ड कार्निवल का आयोजन किया गया है। यह कार्निवल छात्रों को विज्ञान, टेक्नोलॉजीऔर रोजमर्रा की जिंदगी में स्टैंडर्डस के महत्व का पता लगाने का एक शानदार अवसर देता है। कार्निवल में इंटरैक्टिव प्रदर्शनियां, रोमांचक गतिविधियां, प्रतियोगिताएं और प्रेरणादायक चर्चाएं होंगी। जिससे छात्रों को शैक्षिक अनुभव मिलेगा।

साइंस सिटी में आयोजित इस कार्निवलमें पूरे गुजरात से 500 से अधिक छात्र भाग लेंगे। इस कार्निवल में छात्रों को उद्योग की वास्तविक दुनियाकी प्रक्रियाओं और गुणवत्ता प्रबंधनको समझनेका अवसर मिलेगा। जो छात्रोंके भविष्यके लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक साबित होगा।

# ऑप्टिमस ने भारत में ड्रोन आधारित स्पेक्ट्रम एनालाइजर सॉल्यूशंस लांच करने के लिए जर्मनी की एलएस स्पेक्ट्रम से साझीदारी की

**नई दिल्ली।** भारत में दूरसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के अग्रणी समूह ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (ओयूएस) ने भारतीय बाजार में एलएस स्पेक्ट्रम के अत्याधुनिक ड्रोन आधारित स्पेक्ट्रम एनालिसिस सॉल्यूशंस की मार्केटिंग, असेंबली और वितरण करने के लिए जर्मनी स्थित एलएस टेलीकॉम एजी की अनुषंगी कंपनी एलएस स्पेक्ट्रम सॉल्यूशंस प्रा. लि. के साथ साझीदारी की आज घोषणा की। अपने ड्रोन व्यवसाय और मेक इन इंडिया को और गति देते हुए ऑप्टिमस की एलएस स्पेक्ट्रम के साथ साझीदारी, इसकी रक्षा पेशकश में पासा पलटने वाली साबित होगी और यह इस बाजार में कंपनी को और मजबूती प्रदान करेगी। इस साझीदारी से ड्रोन आधारित सॉल्यूशंस से परे जाने की संभावना है और कंपनी स्पेक्ट्रम सर्विलांस, दिशा खोजने और जियोलोकेशन, इलेक्ट्रॉनिक सपोर्ट उपाय, सिग्नल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रॉनिक काउंटर उपायों जैसी विभिन्न क्षमताओं के जरिए स्पेक्ट्रम के प्रबंधन, अवलोकन के लिए इस बाजार में गहरी पैठ बनाएगी।

इस रणनीतिक साझीदारी के जरिए शुरुआत में ऑप्टिमस एलएस स्पेक्ट्रम के लिए एडवांस्ड स्पेक्ट्रम एनालाइजर ड्रोन की बिक्री करेगी। ये उत्पाद रक्षा में विभिन्न क्षेत्रों में स्पेक्ट्रम निगरानी में बदलाव लाने की स्थिति में हैं। एलएस स्पेक्ट्रम भारतीय बाजार को मूल्य प्रदान करने के लिए स्पेक्ट्रम विश्लेषण टेक्नोलॉजी में अपनी गहरी विशेषज्ञता लाएगी और मेक इन इंडिया का उद्देश्य पूरा करेगी। ये ड्रोन निर्बाध रूप से पता लगाने और स्पेक्ट्रम उपयोग का विश्लेषण करने में सपोर्ट करेंगे जिससे भारत में संचार फ्रिक्वेंसीज के प्रबंधन को सुधारा जा सकेगा।

यह साझीदारी भारतीय बाजार के लिए अत्याधुनिक दूरसंचार और ड्रोन आधारित सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने की दिशा में योगदान करने की दोनों कंपनियों की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। अपनी स्थानीय विशेषज्ञता और ढांचागत सुविधाओं का उपयोग कर ओयूएस दूरसंचार, रक्षा, गृह सुरक्षा और नागर विमानन सहित विभिन्न क्षेत्रों को सेवाएं प्रदान करेगी और भारतीय संगठनों को किफायती, सटीक और अनूठे समाधान से सशक्त करेगी जो स्पेक्ट्रम विश्लेषण और निगरानी के लिए विशेष रूप से होंगे।

ऑप्टिमस इंफ्राकॉम के चेयरमैन अशोक गुप्ता ने कहा, हम हमारे उत्पादों का पोर्टफोलियो बढ़ाते हुए और ओयूएस द्वारा दी जा रही सेवाओं को लेकर उत्साहित हैं। हम इस गठबंधन को भारतीय रक्षा, गृह सुरक्षा और विमानन उद्योग के लिए गुणवत्तापूर्ण सॉल्यूशंस प्रदान करने की दिशा में हमारी वितरण एवं स्थानीयकरण क्षमताओं का उपयोग करने का एक आदर्श अवसर मानते हैं और इस वैश्विक साझीदारी से मेक इन इंडिया की कहानी आगे बढ़ेगी। इस साझीदारी से इस बाजार में बेजोड़ पेशकश की जा सकेगी और हम भविष्य में हमारी स्थिति मजबूत करने के लिए एलएस स्पेक्ट्रम के अन्य उत्पादों में विविधीकरण की भी संभावना तलाशेंगे। एलएस स्पेक्ट्रम सॉल्यूशंस के निदेशक श्री प्रसाद केरकर ने कहा, यह सही मायने में हमारे लिए एक कीर्तिमान है क्योंकि इस एमओयू के जरिए हम इस देश में परिष्कृत और अपनी तरह के अनूठे ड्रोन आधारित स्पेक्ट्रम सॉल्यूशंस की पेशकश कर भारत के बढ़ते टेक्नोलॉजी परिदृश्य में योगदान करने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। हमारा लक्ष्य पूरे भारत में इन अनूठे उत्पादों को लेकर जागरूकता बढ़ाना और इसे अपनाने पर जोर देना है और इसके लिए हम ऑप्टिमस के साथ मिलकर काम करेंगे।

हम भारत में उपलब्ध अवसरों को लेकर उत्साहित हैं और हमारे अनूठे सॉल्यूशंस की क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए स्थानीय भागीदारों के साथ हम सक्रिय रूप से काम करेंगे।

केरकर ने कहा, इस साझीदारी के जरिए हम भारत में जेलों से अवैध संचार जैसे अनाधिकृत सेलुलर गतिविधि के मुद्दे का समाधान करने के लिए भी सॉल्यूशंस विकसित करने की संभावनाएं तलाशेंगे। इस यूएवी से संचार फ्रिक्वेंसीज़ की रीयल टाइम निगरानी सुगम होगी जोकि स्पेक्ट्रम संसाधनों के प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है खासकर दूरसंचार और नागर विमानन जैसे अधिक मांग वाले क्षेत्रों में। इसके अलावा, वे सर्विलांस करने और अनाधिकृत स्पेक्ट्रम गतिविधियों का पता लगाने की सुविधा देकर रक्षा और गृह सुरक्षा को और मजबूत बनाएंगे। स्पेक्ट्रम विश्लेषण के लिए ड्रोन तैनात कर संगठन बदलते वातावरण में दक्षता के साथ परिचालन कर सकते हैं और पारंपरिक स्पेक्ट्रम निगरानी पद्धतियों के मुकाबले समय और खर्च की काफी बचत कर सकते हैं।

# क्विक कॉमर्स कंपनियों को केंद्रीय मंत्री की दो टूक, कहा- भारत में लागू सभी नियम मानने होंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को क्विक कॉमर्स कंपनियों को साफ-साफ संदेश दिया कि उन्हें (कंपनियों को) देश में लागू सभी नियम-कानून मानने ही होंगे। एक क्विक कॉमर्स कंपनी की ओर से एंबुलेंस सेवा शुरू किए जाने के एलान के बाद केंद्रीय मंत्री गोयल ने यह प्रतिक्रिया दी है।

पीयूष गोयल ने कहा कि यदि ऐसी (एंबुलेंस सेवा जैसी) कोई नई चीज शुरू होती है सभी कानूनी जरूरतों को पूरा किया ही जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही।



गोयल ने कहा, किसी कंपनी की ओर से एंबुलेंस या दवाओं की आपूर्ति से जुड़ी सेवाएं शुरू करने से पहले उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे भारत में लागू सभी नियम और कानूनों का सही ढंग से पालन कर रहे हैं या नहीं। देश में लागू किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

दैनिक आवश्यकताओं, ब्यूटी और कॉस्मेटिक्स, पेट केयर, बेबी केयर ओर खाद्य पदार्थों को घर तक उपलब्ध कराने जैसी सेवाओं के बाद एक क्विक कॉमर्स कंपनी (ब्लिंकिट) ने 10 मिनट में दरवाजे पर एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने का एलान किया है। केंद्रीय मंत्री का उक्त बयान उसी के बाद आया है।

ईवी उद्योग पर बोले मंत्री- यह सेक्टर उड़ान के लिए तैयार, आगे सब्सिडी की जरूरत नहीं

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों और भारतीय ईवी पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारकों के साथ बैठक के बाद कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है और इसके लिए किसी नए प्रोत्साहन या सब्सिडी की आवश्यकता नहीं है।

बैठक के दौरान, पीयूष गोयल ने ईवी अपनाने, विस्तार और प्रौद्योगिकी उन्नति के साथ-साथ बैटरी चार्जिंग और स्वैपिंग स्टेशनों से संबंधित चुनौतियों और सुझावों पर विचार-विमर्श किया। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है; इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जर/चार्जिंग स्टेशनों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। ये कदम भारत में ईवी अपनाने को बढ़ावा देने वाले हैं। गोयल ने भारत में ईवी को तेजी से अपनाने को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

## प्रयागराज में आयुष महाकुंभ के वैज्ञानिक सत्र को संबोधित करेंगे डॉ. द्विवेदी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है । इसके पूर्व वहाँ 2 से 6 जनवरी तक आयुष महाकुंभ एवं ग्लोबल आयुष एक्सपो 2025 का आयोजित किया जा रहा है, इसमें देश भर के चुनिंदा विश्वप्रसिद्ध आयुष चिकित्सा विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। इस 5 दिनी आयोजन के तहत, 5 जनवरी को आयोजित वैज्ञानिक सत्र में इंदौर के प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक और सी सी आर एच, आयुष मंत्रालय के वैज्ञानिक सलाहकार मंडल के सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रयागराज में आने वाले लोगों को आयुष चिकित्सा के द्वारा स्वस्थ रखना है। डॉ एके द्विवेदी लोगों को बतायेंगे कि भारतीय खाद्य पदार्थों का सेवन करके लोग कैसे ठंड से बच सकेंगे और कैसे बीमार होने से बचेंगे।

आयुष महाकुंभ में दैनिक योग, ध्यान, प्राणायम एवं आयुर्वेद तथा होम्योपैथी के विशेष सत्रों के साथ-साथ प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ भी स्वस्थ रहने के सरल तरीके सुझाएंगे। सम्पूर्ण देश से पधारे प्रसिद्ध आयुष चिकित्सा विशेषज्ञ निःशुल्क परामर्श एवं उपचार प्रदान करेंगे। इस दौरान आयुष, शिल्पकला, गृह उद्योग, हस्तशिल्प एवं खाद्य समेत 36 वर्गो की प्रदर्शनियाँ भी लगाई जाएंगी।

# मैक्स लाइफ इंश्योरेंस अब बन गया एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस

**नई दिल्ली।** सभी कॉरपोरेट एवं नियामकीय मंजूरियों के बाद मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने कॉरपोरेट नाम में 'एक्सिस' शब्द जोड़ने का एलान किया है। अब कंपनी को एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाएगा। कंपनी ने अपनी ब्रांडिंग को भी रीब्रांड करते हुए एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कर लिया है, जो इसके ब्रांड के विकास में महत्वपूर्ण पड़ाव है। फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर के दो भरोसेमंद नाम एक साथ जुड़ने से मेट्रो एवं टियर 1 शहरों से परे रणनीतिक विस्तार के माध्यम से विकास करने की कंपनी की महत्वाकांक्षाओं को ताकत मिलेगी।

एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा ब्रांड की यह नई पहचान सिर्फ ब्रांड के नाम में बदलाव तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन बीमा के परिदृश्य को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में मजबूत कदम भी है। हमारी नई पहचान में




अपने सभी हितधारकों को अनूठी वैल्यू देने का हमारा वादा नजर आता है। अब एक्सिस हमारी पहचान का हिस्सा है। इसके साथ हम नए अवसरों एवं डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को विस्तार देते हुए, कस्टमर टचपॉइंट्स बढ़ाते हुए और डिजिटल रूप से सशक्त सेवाएं प्रदान करते हुए अपने विकास को गति देने के लिए पूरी तरह के तैयार हैं। साथ मिलकर हमें भरोसा है कि हम भारत की टॉप तीन जीवन बीमा कंपनियों में अपने आप को शुमार का लक्ष्य हासिल करने में सक्षम होंगे।

एक्सिस बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर एवं एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के चेयरमैन राजीव आनंद ने कहा, 'एक्सिस और मैक्स ब्रांड का साथ आना हमारी साझेदारी और साझा लक्ष्यों की दिशा में एक नया अध्याय है। यह बदलाव बस सांकेतिक नहीं है, बल्कि यह भारत की विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा करने की दिशा में हमारी महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। हम देश के लाखों लोगों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहे हैं और ऐसे में इस पड़ाव ने और भी गहरे गठजोड़ की जमीन तैयार की है।

ब्रांड की नई पहचान इसके नए लोगो में भी दिखाई दे रही है। लोगो में एक्सिस के 'ए' और बर्गंडी शेड को शामिल किया गया है। नए कॉरपोरेट नाम और लोगो के साथ ब्रांड की यह नई पहचान प्रमुख भागीदारों की व्यापक मार्केटिंग रिसर्च का परिणाम है। लोगो का नीला रंग भरोसे, जिम्मेदारी, विश्वसनीयता एवं सुकून का प्रतीक है, जबकि इसमें शामिल किया गया बर्गंडी कलर इसे अनूठी पहचान, मॉडर्न अपील और आगे की सोच के साथ बढ़ने की राह दिखाता है। इसके साथ-साथ ब्रांड की नई पहचान में 'एक्सिस' और 'मैक्स' दोनों नाम जुड़ने से ब्रांड में लोगों का भरोसा और भी मजबूत होगा, जिससे डबल भरोसे की झलक दिखती है।

एक्सिस मैक्स लाइफ ने अपने ब्रांड के सफर में इस खास पल के साथ एक इंटीग्रेटेड मार्केट कैंपेन 'डबल भरोसा' लॉन्च किया है। इसमें ब्रांड एंबेसडर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और उनकी पत्नी रितिका सजदे नजर आएंगे। इस कैंपेन में भरोसे एवं विश्वसनीयता के दोहरे वादे पर जोर दिया गया है, जो लाइफ इंश्योरेंस एवं फाइनेंशियल सर्विसेज इंडस्ट्री में मैक्स लाइफ एवं एक्सिस की साझा ताकत को दिखाता है, जिससे ग्राहकों के लिए ज्यादा भरोसा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना संभव होगा।

## खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), लगाएगा दस दिवसीय प्रदर्शनी



**लखनऊ।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय 4 जनवरी शनिवार से गोमतीनगर रिवरफ्रंट निकट चटोरी गली में दस दिवसीय आंचलिक स्तरीय खादी प्रदर्शनी का आयोजन करेगा। 13 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में 8 राज्यों से आए प्रतिनिधियों द्वारा 12 स्टाल लगेंगे। जिस पर खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी। डा. नितेश धवन, राज्य निदेशक खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अगर पूछा जाए इस प्रदर्शनी का उद्देश्य क्या है तो मैं एक लाइन में कहना चाहूंगा कि पिछले एक दशक में खादी की यात्रा आत्म निर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति और इस लक्ष्य की प्राप्ति हमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से मिलेगी। इस प्रदर्शनी में खादी और ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) और खादी निर्माण से जुड़ी संस्थाओं, कारीगरों और लाभार्थियों को विपणन मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस प्रदर्शनी में हम ग्राहकों को 20 से 25 प्रतिशत तक की छूट भी देंगे। इस प्रेस वार्ता में सह निदेशक, जे.सी, ताल्लुकदार एवं प्रशांत मिश्रा भी मौजूद थे। 4 जनवरी से 13 जनवरी तक लगने वाली इस प्रदर्शनी में कुल 75 स्टॉल्स लगेंगे जिसमें पीएमईजीपी के 45 स्टॉल्स और खादी के 30 स्टॉल्स लगेंगे, प्रदर्शनी में 8 अलग अलग राज्य (पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश) से आए प्रतिनिधियों द्वारा इस प्रदर्शनी में स्टॉल्स लगाए जाएंगे। इस प्रदर्शनी में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए सेल्फी प्वाइंट, प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम से लेकर फूड कोर्ट सभी चीजों की व्यवस्था की जाएगी। जबकि एक दिन बायर सेलर मीट भी होगी, जहां क्रेता एवं विक्रेता मौजूद रहेंगे।

# ई फॉर्मर रजिस्ट्री कराने पर योजनाओं का लाभ लेने में होगी आसानी : डीएम

- समस्त उप जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी निभाएं सक्रिय भूमिका : डीएम
- ई फॉर्मर रजिस्ट्री को शत प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु सभी संबंधित को दिए गए निर्देश

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक करते डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में ई फॉर्मर रजिस्ट्रेशन संबंधी आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक दौरान जनपद में चल रहे कृषक ई फॉर्मर रजिस्ट्रेशन की समीक्षा दौरान आयोजित होने वाले कैंपों/ सीएससी/ सहज जनसेवा केंद्रों के प्रगति के संबंध में सभी संबंधित से पुछताछ की गई। जिलाधिकारी ने इस कार्य से जुड़े कृषि विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर असंतोष व्यक्त करते हुए प्रत्येक दिवस में आयोजित होने वाले कैंपों एवं उसके नामित नोडल अधिकारी सहित पूर्ण विवरण प्रत्येक दिन अपर जिलाधिकारी को प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पंचायत सचिवों/ पंचायत सहायक का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर के माध्यम से शीघ्र करा लें, ताकि रजिस्ट्रेशन की प्रगति को बढ़ाया जा सके। जिलाधिकारी ने एआर कोऑपरेटिव से समितियों की जानकारी लेने उपरांत निर्देशित किया कि जो कृषक खाद के लिए आ रहे हैं उन सभी को ई फॉर्मर रजिस्ट्री कराने हेतु जागरूक करें। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने इस अवसर पर ई फॉर्मर रजिस्ट्री के लाभ/हानियों को आम जन में प्रचार प्रसार पर बल दिए जाने की बात कही। बैठक दौरान समस्त उप जिलाधिकारी, उप कृषि निदेशक, डीडीओ, एआर कोऑपरेटिव, डीपीआरओ, डीसीओ सहित सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### सीएससी केंद्रों को प्रतिदिन 30 रजिस्ट्री करने का निर्देश

जनपद में लगभग 3 हजार सीएससी केंद्र हैं जिसमें सभी को प्रत्येक दिन 30 रजिस्ट्री करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति संबंधित सीएससी/सहज जन सेवा की रजिस्ट्रेशन कैंसिल किए जाने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग साढ़े चार लाख कृषक हैं जिसमें ए आर को ऑपरेटिव, चीनी मिलों, कृषि विभाग, आदि के सहयोग से ई फॉर्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। इस अवसर पर ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित सीएससी/सहज जनसेवा केंद्रों को मॉनिटरिंग करने वाले सभी संबंधित को हर संभव प्रयास कर शीघ्र इस कार्य को पूर्ण किए जाने का निर्देश दिए गए।

# बचत धनराशि को मार्च से पहले खर्च करें अधिकारी : डीएम

अवधनामा ब्यूरो


वित्तीय वर्ष में हुए व्यय की समीक्षा करते डीएम

- वित्तीय वर्ष में प्राप्त बजट के सापेक्ष अब तक हुए व्यय पर डीएम ने की समीक्षा

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में समस्त आहरण/वितरण अधिकारियों के साथ कल देर सायंकाल आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक दौरान समस्त विभागों को प्राप्त बजट के सापेक्ष अब तक हुए व्यय एवं अवशेष बचत धनराशि के व्यय किए जाने के संबंध में एक -एक कर विभागवार समीक्षा की गई।

सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग के प्राप्त बजट के सापेक्ष व्यय की धनराशि 65 प्रतिशत एवं बचत 35 प्रतिशत किए जाने की जानकारी सीएमओ द्वारा दिया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा मदवार जानकारी लेने उपरांत अवशेष धनराशि का शीघ्र व्यय किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। ओसी बिल कलेक्ट्रेट की समीक्षा दौरान विभिन्न मदो में बचत धनराशि के संबंध में बताया गया कि 2 करोड़ 46 लाख आपदा निधि का है तथा 2 करोड़ 66 लाख कृषक दुर्घटना बीमा का है जिसे मार्च तक व्यय कर लिए जाने का आश्वासन दिया गया। आयुर्वेद विभाग में प्राप्त बजट के सापेक्ष व्यय नहीं किए जाने पर पुछताछ की गई तथा निर्देशित किया गया कि जो भी कार्य हुए हैं उसका लग कर भुगतान कराएं। समीक्षा दौरान कृषि विभाग, उद्यान विभाग, आईटीआई, समाज कल्याण, स्पोर्ट, रेशम विभाग, प्रांतीय खंड लोक निर्माण, सिंचाई, अर्थ एवं संख्या विभाग, वन विभाग, मत्स्य, पिछड़ा वर्ग, सहित समस्त विभागों में बजट के सापेक्ष व्यय की गई धनराशि तथा अवशेष बचत के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि अधिकारी गण माह मार्च का इंतजार न करें, जो भी बिल लंबित है उसका भुगतान समय से पूर्ण करें। इस अवसर पर ओसी बिल कलेक्ट्रेट अनिल कुमार यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी सुरेश पटरिया, उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन, सहित डीपीआरओ, अधि.अभि लोनि, उप कृषि निदेशक, प्रवेशन अधिकारी सहित समस्त विभागों के आहरण वितरण अधिकारी उपस्थित रहे।

# वीर ओंकार सिंह मेमोरियल ट्रस्ट ने जरुरतमंदो को बांटे कम्बल



**भादर अवधनामा संवाददाता।** वीर ओंकार सिंह मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से जरुरतमंदो को ठण्ड से बचाव के लिए सैकड़ों ग्रामीणों को कम्बल वितरित किया गया। अतिथि के रूप में सीओ अमेठी मनोज कुमार मिश्रा, जेई नीरज प्रजापति, डॉ. आदर्श शिवा दूबे, अधिवक्ता सौरभ सिंह भदौरिया कार्यक्रम में पहुँचकर गरीबों को कम्बल बांटे। श्री मिश्रा ने कहा कि जरुरतमंद लोगों की सेवा करना बहुत ही सराहनीय कार्य हैं। हम सबको अपने अपने स्तर से सेवा भाव से कार्य करना चाहिए। श्री भदौरिया ने कहा ट्रस्ट के द्वारा किया गया कार्य समाज के लिए अनुकरणीय है। समाज के सभी समर्थवान व्यक्तियों द्वारा सदैव समाज के लिए किए जा रहे कार्यों में सहयोग किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक व ट्रस्ट के अध्यक्ष हाईकोर्ट अधिवक्ता अभीष्ट विक्रम सिंह ने कहा कि हमारा ट्रस्ट समाज सेवा के लिए है।समाज के लिए ट्रस्ट सुविधा प्रदान करने का कार्य कर रहा है।यह ट्रस्ट समय-समय ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओ को सम्मान देता रहा है।सामाजिक कार्यों में ट्रस्ट हमेशा अपना योगदान देता रहेगा।पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार,ट्रस्ट संरक्षक लल्लन सिंह,सचिव अनुराग श्रीवास्तव,मान सिंह यादव, प्रदीप वैश्य,रवीन्द्र प्रताप सिंह, सुनील सिंह डब्लू, पवन दूबे, वीरेंद्र सिंह, शशांक सिंह, रामानुज, गुलाब, अंकित, धीरेन्द्र, दीपक आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों में देश प्रेम की भावना को जागृत करता है : डॉ. अरविंद

अवधनामा संवाददाता



**रूद्रपुर देवरिया।** इण्टरमीडिएट कालेज कन्हौली,देवरिया के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाइयों द्वारा सप्तदिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात) का समापन स्व. रामरहस्य महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ अरविंद द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करके किया। सरस्वती वंदना कु. नेहा विश्वकर्मा, साहिना, रोशनी, जानशीं सिंह, स्वागत गीत कु. शिल्पा भारतीव सुमन गुप्ता तथा सिद्धि पाण्डेय ने प्रस्तुत किया। लक्ष्य गीत व संकल्प गीत कु0 शैली जायसवाल व सुमन गुप्ता ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम अधिकारी सम्राट जायसवाल ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथिगण को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अरविन्द द्विवेदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों में देश प्रेम की भावना को जागृत करता है।राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व इस वजह से है कि यह छात्रों को सामुदायिक सेवा के ज़रिए अपने व्यक्तित्व और चरित्र को विकसित करने का मौका देती है ।इसके अलावा, यह योजना छात्रों को सामाजिक और नागरिक ज़िम्मेदारी की भावना विकसित करने में मदद करती है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सरसचंद जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक में समुदाय की ज़रूरतों और समस्याओं को पहचानना और उनका समाधान करनाआपात स्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की क्षमता विकसित करना। नेतृत्व के गुण और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण हासिल करना। सामुदायिक भागीदारी जुटाने में कौशल हासिल करना। राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव का अभ्यास करना सिखाता है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अतिथि समाजसेवी जन्मेजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक स्वैच्छिक सार्वजनिक सेवा कार्यक्रम है। इसकी स्थापना युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सेवा की भावना पैदा करने के उद्देश्य से की गई है। कार्यक्रम में अतिथि परिचय स्वागत व आभार प्रकट करने का कार्य उप प्रधानाचार्य रामप्रसाद जी ने किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सर्वेश कुमार दूबे ने किया। कार्यक्रम अधिकारी सर्वेश द्विवेदी व सम्राट जायसवाल का कार्यक्रम में विशेष योगदान उल्लेखनीय रहा। इस अवसर पर कन्हैया सिंह, अमित यादव, विमलेश कुमार, राजेश शर्मा, राकेश कुमार, राजेश्वर सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, शाह आलम, पूजा सिंह, उदिता दास, नीलममणि आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## सावित्रीबाई फुले व शेख फातिमा ने मिलकर जलाई थी तालीम की शम्मां : मक़सूद

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती के मौके पर जिले के भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के भोपतपुरा गांव निवासी कवि, शायर, पत्रकार व समाजिक चिन्तक मक़सूद अहमद भोपतपुरी ने जारी एक बयान में कहा कि सावित्रीबाई फुले व शेख फातिमा ने एक साथ मिलकर पूरे देश में तालीम की शम्मां जलाई। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र में 3 जनवरी 1831 को व शेख फातिमा का जन्म 9 जनवरी 1831 को हुआ था। दोनों एक दूसरे के अभिन्न सहयोगी थीं।दोनों प्रखर समाज सुधारिका व समाजसेविका थीं। सावित्रीबाई फुले को देश का प्रथम महिला शिक्षक होने का गौरव प्राप्त है। वह मराठा भाषा के एक कवयित्री भी थीं।वहीं शेख फातिमा मुस्लिम समाज की प्रथम महिला शिक्षक थीं।सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 5 सितम्बर 1848 को पुणे में बालिकाओं के लिए प्रथम स्कूल की स्थापना किया था। उस स्कूल के लिए शेख उस्मान व उनकी बहन शेख फातिमा ने अपना जमीन दान दिया था।उस दौर में महिलाओं को शिक्षा देना एक जोखिम भरा काम था। सावित्रीबाई फुले उस स्कूल की प्रधानाचार्या बनी।वह जब पढ़ाने के लिए जाती थीं तो उसके ऊपर पत्थर, गोबर, मिट्टी, कीचड़ सहित तमाम गन्दगियाँ फेंकी जाती थीं।लेकिन उसने कभी भी ऐसा करने वालों को बुरा भला नहीं कहा।बल्कि वह दूने उत्साह के साथ बेटियों को तालीम देने में लगी रही।वह अपने साथ झोला में एक अतिरिक्त साड़ी लेकर स्कूल जाती थी।वहां जाकर वह कीचड़, गोबर व गंदगी फेंके जाने से खराब हुई साड़ी को बदलकर दूसरी साड़ी पहन लेती थीं।एक समय ऐसा आया कि जब महिलाओं को शिक्षित करने व समाजिक कार्यों में बढ़कर हिस्सा लेने के कारण सावित्रीबाई फुले व ज्योतिबा फुले को उनके घर से निकाल दिया गया।ऐसे में शेख उस्मान व उनकी बहन शेख फातिमा ने दोनों को अपने घर में शरण दी थी।इससे यह साबित होता है कि देश व समाज के लिए कुछ करने की जुनून रखने वालों के सामने जाति व धर्म कोई बाधा नहीं बनता। अतः जाति व मजहब की राजनीति करने वाले लोगों को सावित्रीबाई फुले व शेख फातिमा के त्याग व समर्पण से सबक लेनी चाहिए।अतः उन दोनों महिला हस्तियों को भुलाया नहीं जा सकता।



# शिक्षा की ज्योति जलाकर माता सावित्री बाई फुले ने नारी मुक्ति के मार्ग प्रशस्त किए

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** भारत में स्त्री शिक्षा की जनक प्रथम महिला शिक्षिका क्रांति ज्योति सावित्री बाई फुले की जयंती कड़ाके की ठंड के बीच मनाई गई। स्थानीय बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में गुलाम भारत में अपवंचितों और महिलाओं की शिक्षा के लिए फुले दम्पति के योगदान और सत्य शोधक समाज के कार्यों पर विस्तार से संवाद हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। आयोजक और वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति के जिला अध्यक्ष संजय कुमार ने सावित्री बाई फुले के जीवन दर्शन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सावित्री बाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के नायगांव में हुआ था। उनका विवाह नौ साल की आयु में महात्मा ज्योतिबा राव फूले के साथ हुआ। महात्मा ज्योतिबा फुले ने सावित्री बाई को विवाह के बाद पढ़ा लिखाकर शिक्षिका बनाया और 1848में पुणे में बालिकाओं के लिए पहला स्कूल खोला। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि सावित्री बाई फुले शिक्षिका के साथ महान कवियत्री भी थी। गुलाम भारत में स्त्री शिक्षा की नींव फुले दम्पति ने डाली। सावित्री बाई फुले के जन्म दिवस को नारी मुक्ति दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। जब वे स्कूल पढ़ाने जाती थीं तो दो साड़ियां लेकर जाती थी। अराजक तत्व रास्ते में उनपर कीचड़ और गोबर फेंक देते थे। स्कूल पहुंचने पर साड़ी बदलकर बालिकाओं को पढ़ातीं थीं,घर वापस आते समय फिर गंदी साड़ी पहनकर रास्ता तय करतीं थीं। फुले दम्पति ने महाराष्ट्र में 50छोटे बड़े स्कूल खोले और शिक्षा और सामाजिक क्रांति की मशाल जलाकर अपवंचितों और महिलाओं को नवजीवन प्रदान किया। बौद्ध परंपरा के अनुरूप त्रिसरण पंचशील के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। छात्रा परी और दिव्यांशी ने गीत प्रस्तुत किए।कवि रामचंद्र सरस ने माता सावित्री फूले की जग में अमिट कहानी है --रचना के माध्यम से माता सावित्री बाई फुले को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में बामसेफ, भीम आर्मी और अम्बेडकर सेवा समिति के प्रमुख कार्यकर्ता भी शामिल हुए। इंटर कालेज के प्रवक्ता राजेश अकेला ने कहा कि युवा पीढ़ी और मातृ-शक्तियों को महापुरुषों का इतिहास पढ़ाना सबसे जरूरी है। युवा केवल नीले गमछे के साथ अपनी फोटो खिंचवाने और सेल्फी लेने में अधिक सक्रिय हैं। रामचन्द्र बौद्ध ने कहा कि गुलाम भारत में फुले दम्पति के शिक्षा के आंदोलन और सत्य शोधक समाज की सेवाओं ने चेतना की जो मशाल जलाई, उसे बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम साहब ने आगे बढ़ाया। शिक्षक श्याम लाल गौतम ने माता सावित्री बाई फुले की जयंती घर घर मनाएं जाने का संदेश दिया।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति और जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट में हुई। बैठक में शासन की ओर से निर्धारित नयी थीम के अनुसार जन-जागरूकता अभियान चलाकर कोहरे के बीच सड़क दुर्घटनाएं रोकने और महाकुंभ -2025 की तैयारी पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में ए आर टी ओ और ए आर एम को संयुक्त चेकिंग अभियान चलाने और स्कूली वाहनों की फिटनेस की जांच कराने के साथ मुख्य मार्गों के आसपास झाड़ियों की सफाई और अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। महाकुंभ -2025की तैयारी के साथ सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को गंभीरता से ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। जनवरी महीने में परवाह और महाकुंभ -2025की तैयारी और स्कूली वाहनों की सुरक्षा -थीम पर सड़क सुरक्षा समितियों की बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं। महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को नयी बसों के संचालन के साथ अस्थाई बस अड्डे बनाने के भी निर्देश दिए गए हैं। सड़क सुरक्षा -जीवन रक्षा अभियान के अन्तर्गत एक महीने के भीतर वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को अपनी सुरक्षा की चिंता खुद करने के लिए सचेत और जागरूक किया जाएगा। बैठक में स्कूलों में भाषण,क्विज, निबंध, चित्रकला प्रतियोगिताओं और सड़क सुरक्षा कार्यशालाएं आयोजित करने, मानव श्रृंखला के निर्माण, स्कूली वाहनों से बच्चों को घर से स्कूल लाने वाले स्कूलों में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समितियों के गठन और कोहरे के दृष्टिगत सभी मुख्य सड़कों पर सफेद पट्टी बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। सुल्तानपुर -प्रयागराज हाइवे पर रामगंज और त्रिशुंडी में सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड व घने कोहरे के दृष्टिगत अपने वाहन की गति धीरे रखें, जिससे कि दुर्घटना बचा जा सके। जिला अधिकारी ने महाकुंभ व कोहरे के दृष्टिगत दृश्यता कम हो जाती है जिसके लिए सभी सड़कों पर सफेद पट्टी, सड़कों के किनारे पेड़ों पर रिफ्लेक्टर निर्माण एजेंसियों को लगाने के निर्देश दिए।

## रिजर्व पुलिस लाईन में परेड की ली गयी सलामी

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक महोदय देवरिया, विक्रान्त वीर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। पुलिस कर्मियों को आपात स्थिति से निपटने व अपराधों की रोकथाम हेतु दंगा निरोधक उपकरणों के साथ ड्रील करवाया गया तथा उनके रख-रखाव व क्रियाशीलता का अभ्यास कराया गया व सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश। परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। तत्पश्चात महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी आदि का निरीक्षण किया गया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए।

# छितौनी-तमकुही रेल परियोजना शुरू होने की जागी उम्मीद, सैकड़ों गांवों की बदलेगी सूरत

## 62 किमी रेल परियोजना पर शुरू हुआ काम, लोगों में खुशी का माहौल


शिलान्यास के बाद छितौनी स्टेशन की फाइल फोटो


रेलवे लाइन को ठीक करते मजदूर

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** करीब 17 साल बाद छितौनी-तमकुही रेल परियोजना शुरू होने की एक बार फिर से उम्मीद जग गई है। उक्त परियोजना को मंत्रालय से स्वीकृति भी मिल चुकी है। इस परियोजना की कुल लागत 265 करोड़ के सापेक्ष 106 करोड़ खर्च हो चुकी है। 20 फरवरी 2007 को तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने इस परियोजना का शिलान्यास किया था। इस परियोजना के अंतर्गत रेल लाइन बनकर तैयार है लाइट इंजन के जरिए ट्रायल की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी। छितौनी में भव्य रेलवे स्टेशन बनकर तैयार है जो अब खंडहर में तब्दील हो रहा है। पनियहवा रेलवे ढाला पर ओवरब्रिज के पाया लगभग बनकर तैयार हो चुका है लेकिन बाद में यह पूरी परियोजना ठंडे बस्ते में चली गई, लेकिन लंबे इंतजार और संघर्षों के बाद छितौनी-तमकुही रेल परियोजना के पूरा होने की उम्मीदें परवान चढ़ीं। यह रेल परियोजना से कुशीनगर और बिहार के करीब 200 गांवों के लिए लाइफ लाइन साबित होगी। इसके पूरा हो जाने पर विकास तथा व्यापार के नए द्वार खुलेंगे। दियारा क्षेत्र के लोगों को भी इससे काफी हद तक सहूलियत मिलेगी। रेलवे लाइन और स्टेशन के आस-पास की खेती वाली कृषि योग्य जमीनों की कीमत भी बढ़ जाएगी। इस साल में रेल परियोजना का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार का गठन हुआ। उस समय के तत्कालीन रेल मंत्री ने घोषणा की थी कि जो भी रेल परियोजनाएं अधूरी हैं उन परियोजनाओं को पहले बजट देकर काम पूरा करने के बाद अन्य नई रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी जाएगी। 2014 में बहुमत से सरकार बनने के बाद इस परियोजना को सरकार की ओर से धन भी आवंटित किया और काम भी शुरू हो गया। बिहार राज्य सरकार ने अपने क्षेत्र की जमीन का अधिग्रहण करके अपने क्षेत्र के काश्तकारों को मुआवजा देकर संपूर्ण राशि का भुगतान कर दिया, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों ने जमीन की पैमाईश कर ली, लेकिन काश्तकारों की जमीन का अधिग्रहण करके मुआवजा का भुगतान नहीं दिया गया। कोरोना काल में अचानक काम बंद होने के बाद से अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। लोकसभा चुनाव से पहले सांसद विजय कुमार दूबे की पहल पर रेलवे बोर्ड ने संज्ञान लिया और फाइलों में बंद पड़ी 62 किलोमीटर रेल परियोजना को चालू करने के लिए हरी झंडी दी।

- 2007 में तत्कालीन रेलमंत्री लालू ने परियोजना का किया था शिलान्यास


रेल परियोजना चालू कराने के लिए पोर्टल कार्ड भेजते संघर्ष समिति के लोग

### सदन में सांसद विजय कुमार दुबे ने भी उठाई थी आवाज

सांसद विजय दूबे पहली बार 2019 में जब सदन चुनकर पहुंचे तभी से छितौनी तमकुही रेल परियोजना को बजट दिलाने की मांग उठाने लगे। सांसद ने सदन में इसकी मांग करने के साथ रेल मंत्री व रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मिलकर इस परियोजना के लिए बजट आवंटित करने की मांग कर चुके हैं। चुनाव में जनता ने भी सांसद से फाइलों में बंद पड़ी परियोजना का चालू कराने की मांग की थी। सांसद ने बताया कि इस परियोजना के चालू हो जाने से कुशीनगर जिले के साथ-साथ पश्चिमी चंपारण का विकास तेजी से होगा। इससे जिले को एक नई पहचान मिलेगी।

### छितौनी में बनकर तैयार है रेलवे स्टेशन, जटहां में है प्रस्तावित

बता दें कि छितौनी में रेलवे स्टेशन बनकर तैयार है। छितौनी के बाद ही बिहार दुर्गम इलाके शुरू हो जाते हैं। इन इलाकों में आवागमन की कोई सुविधा नहीं है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद वर्षों पुराने बाजार जटहां का भी कायाकल्प हो जाएगा। जटहां में रेलवे स्टेशन भी प्रस्तावित है तो मधुबनी, धनहां, खैरा टोला, पिपराही में भी स्टेशन है तीन हाल्ट प्रस्तावित हैं। परियोजना के पूर्ण होने से जिले के छितौनी नगर पंचायत, तमकुहीराज, जटहां बाजार समेत जिले के सैकड़ों गांवों के अलावा सीमावर्ती बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के गंडक पार के पिपरासी, मधुबनी, भितहा और ठकरहा प्रखंड का आपस में जुड़ाव हो जाएगा।

### ट्रेन शुरू होने पर बदल सकती है हजारों लोगों की जिंदगी

बिहार के चार ब्लॉक मुख्यालय भितहा, मधुबनी, ठकरहा और पिपरासी इससे जुड़े हैं। वहीं यूपी के छितौनी, सेवरही और तमकुहीराज नगर पंचायतों का इससे सीधा जुड़ाव है। साथ ही जटहा, धनहा, तमकुहवा, मंझरिया, बरवापट्टी बाजार आदि अनेकों छोटे-बड़े बाजार भी इससे जुड़े हैं। ट्रेन शुरू होने पर यहां के लोगों की जिंदगी बदल जाएगी। इसके साथ ही कृषि योग्य जमीनों की कीमत जहां बढ़ जाएगी। वहीं छितौनी, खड्डा, पनियहवा, तमकुही रोड समेत बिहार के सब्जी की खेती करने वाले या अन्य व्यापारिक गतिविधियों को संजीवनी मिलेगी। इस परियोजना के पूर्ण होने पर्यटकों को भी आने जाने में सुविधा होगी। पश्चिमी चंपारण जो आज भी विकास से कोसों दूर है, यहां रोजगार व विकास के द्वार खुलेंगे। इस इलाके से होकर नारायणी नदी गुजरती हैं जो हर साल तबाही मचाती है। रेल लाइन बनने से दोनों राज्यों के लाखों लोगों को बाढ़ से भी राहत मिलेगी।

अवधनामा



# सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबन्ध रैली का हरी झण्डी दिखाकर किया शुभारम्भ

**प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए खतरा: ब्राण्ड एम्बेस्डर**

अवधनामा संवाददाता




**फिरोजाबाद।** शासन के निर्देश एवं महापौर कामिनी राठौर व नगर आयुक्त ऋषि राज के आदेशों के अनुपालन में सिंगल यूज प्लास्टिक पर अधिरोपित प्रतिबन्ध का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से आरंभ 5.0 अभियान के अंतर्गत 03 जनवरी 2025 को शहर के सुभाष तिराहे से बस स्टैण्ड, बस स्टैण्ड से नगर निगम, नगर निगम से विवेकानन्द चौराहा, विवेकानन्द चौराहा से छिंगामल का बाग, छिंगामल का बाग से मौ गंज, सदर बाजार से बजरिया होते हुये गांधी पार्क तक एक रैली का शुभारंभ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 नरेन्द्र कुमार एवं नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सन्दीप भार्गव द्वारा एसबीएम ब्राण्ड एंबेसडर अनुपम शर्मा एवं हरिओम वर्मा की उपस्थिति में किया गया।

तत्पश्चात् नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 नरेन्द्र कुमार एवं नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सन्दीप भार्गव द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर बैण्ड बाजों के साथ रवाना किया गया। इस दौरान प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन अरविन्द भारती, एसबीएम ब्राण्ड एंबेसडर अनुपम शर्मा, हरिओम वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिनेशपाल सिंह विपन कुमार, मनोज कुमार, शैलेन्द्र कुमार, पवन कुमार, समस्त सफाई नायक सहित लॉयन सर्विस लिमि0 के समस्त सफाई नायक एवं आईईसी टीम उपस्थित रही। रैली समापन के गांधी पार्क में रैली में उपस्थित जनों को फिरोजाबाद को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प दिलाते हुये सिंगल यूज़ प्लास्टिक का भविष्य में उपयोग नहीं करने हेतु शपथ दिलायी गयी। गांधी पार्क में रैली समापन के दौरान रैली में उपस्थित समस्त जनों को इस दौरान नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन द्वारा प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंध करने के लिए हम क्या कर सकते हैं के बारे में जानकारी देतु हेये बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक के अति उपयोग को कम करने हेतु हम कपडे से बने बैग थैलों का ही उपयोग करें। साथ ही दुकानदारों से कागज़ के थैले उपयोग करने का आग्रह करें। खरीददारी के लिए बाज़ार जाते समय हम घर से कपड़े अथवा जूट का थैला अवश्य साथ लेकर जाएं। आगे स्वच्छ भारत मिशन ब्राण्ड एंबेसडर हरिओम वर्मा द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की और बताया कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा है कृपया सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।

स्वच्छ भारत मिशन ब्राण्ड एंबेसडर अनुपम शर्मा ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने हेतु अपील करते हुये सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए अलग-अलग विकल्प हो सकते हैं। जैसे कि प्लास्टिक के स्ट्रा की जगह पेपर स्ट्रा। इसी तरह बांस से बनी ईयर बड्स स्टिक, बांस से बनी आइसक्रीम स्टिक, कागज और कपड़े से बने झंडे, परंपरागत मिट्टी के बर्तन आदि का इस्तेमाल सिंगल यूज प्लास्टिक की जगह पर किया जा सकता है। आगे नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 नरेन्द्र कुमार ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुये कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का जमीन या जल में इकट्ठा होना प्लास्टिक प्रदूषण कहलाता है, जिससे वन्य जन्तुओं, या मानव जीवन पर बुरा प्रभाव पडता है। प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रतिकूल वन्य जीवन, वन्यजीव निवास स्थान को भी प्रभावित करता है। इसलिये हमें सिंगल यूज प्लास्टिठक के उपयोग से बचना चाहिए।

## आय प्रमाण पत्र के संशोधन का अवसर प्रदान किया जायेगा

**मैनपुरी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं ने अपने पिता के स्थान पर स्वयं के नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र प्रयोग करते हुए आनलाईन आवेदन पत्र किये है, जो नियमानुसार नही है, ऐसे सभी आवेदन पत्र निरस्त किये जाने का प्राविधान किया गया है। उन्होने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वयं का आय प्रमाण पत्र का प्रयोग किया गया है, उनका आवेदन पत्र निरस्त किया जायेगा, ऐसे छात्रों को समय-सारिणी के अनुसार छात्रों के स्तर से करेक्शन की अवधि में माता-पिता, अभिभावक अथवा पति जैसा लागू हो, के नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र के संशोधन का अवसर प्रदान किया जायेगा। उन्होने ऐसे सभी छात्र-छात्राओं, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी, प्रधानाचार्य को सूचित किया है कि छात्र-छात्राओ के माता-पिता, अभिभावक अथवा पति जैसा लागू हो, के नाम से आय प्रमाण पत्र जारी करा लें तथा करेक्शन की अवधि में निर्गत आय प्रमाण पत्र का प्रयोग ऑनलाईन आवेदन में करें।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुम्भ को लेकर आरपीएफ ने चलाया चेकिंग अभियान



**टूंडला।** प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुम्भ को लेकर रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग अभियान ट्रेनों एवं प्लेटफार्म पर की गई। इस दौरान रेलयात्रियों के बैग, अटैची, झोला आदि सामानो की सघनता से चेकिंग की गई। रेलवे स्टेशन टूंडला पर आरपीएफकपंनी कमांडर अमित चौधरी के नेतृत्व में जवानों ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान प्लेटफार्म, टिकट घर, सर्कुलेटिंग एरिया, ट्रेनें, वेटिंग रूम आदि स्थानों पर पुलिस स्टॉफने सघनता से चेकिंग की। बाहर से आने जाने वाले पर जवानों ने पैनी नजर रखी तथा बैग, अटैची, झोला आदि समानो को मशीन द्वारा चेक किया गया। इस दौरान सब सकुशल रहा। इस मौके पर एसआई अनेक सिंह, एसआई घनश्याम, गंगाधर, योगेश मीना, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

### घने कोहरे के कारण रेल व बस यातायात रहा प्रभावित

**टूंडला।** घना कोहरा रेल यातायात बस यातायात को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है अधिकतर ट्रेनें 1 घंटे से लेकर 4 घंटे तक विलंब से चल रही है वहीं बस यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है क्षेत्र मेंदो दिन से कोहरा पड़ रहा है जिसके चलते सुबह के समय मार्ग पर बस व अन्य वाहन रेंगते हुए दिखाई देते हैं ट्रेन यातायात की बात करें तो सबसे बुरा हाल रेल यातायात का ही है अधिकतर ट्रेनें अपने निर्धारित समय से एक से चार घंटा देरी से चल रही है जिसके चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है यात्रियों को स्टेशन पर घंटों बैठकर ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है ऐसी भीषण सर्दी में उनको भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिन यात्रियों के पास छोटे बच्चे होते हैं वे ऐसी भीषण सर्दी में बस कपकपाते दिखाई देते हैं रेल प्रशासन की माने तो कोहरे के कारण रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है जिसके चलते अधिक तक ट्रेनें विलंब से चल रही है।

## समस्त प्राथमिक-उच्च प्राथमिक विद्यालय 14 तक रहेंगे बन्द

**फिरोजाबाद।** वर्तमान समय मे जनपद के समस्त प्राथमिक-उच्च प्राथमिक विद्यालय 14.01.2025 तक शीतकालीन अवकाश के कारण बन्द है। अधिकांश आंगनबाडी केन्द्र प्राथमिक-उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संचालित है। आंगनबाडी केन्द्रों पर आने वाले बच्चे प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से भी छोटे होते हैं। वर्तमान में पड़ रही ठण्ड एवं शीतलहर के प्रकोप से आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों के बचाव हेतु जनपद फिरोजाबाद के समस्त आंगनबाडी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों का 14.01.2025 तक (प्राथमिक-उच्च प्राथमिक विद्यालयों बन्द होने तक) अवकाश घोषित किया जाता है।

उक्त घोषित अवकाश की अवधि में सभी आंगनबाडी कार्यकत्रियाँ-मिनी आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाऐं आंगनबाडी केन्द्रों पर उपस्थित रहकर टी0एच0आर0 प्राप्ति-वितरण, वी.एच.एस.एन.डी. सत्र के दौरान लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण ट्रेकर पर फीडिंग, समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन एवं अन्य शासकीय कार्यो का सम्पादन पूर्ववत् करेंगी।

# बन्द कमरे में अंगीठी जलाकर न सोयें: डीएम

**ठंड के मद्देनज़र डीएम ने जारी की एडवाईज़री**

**गौशालाओं में भी किये गये हैं माकूल बन्दोबस्त**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** शीतलहर व ठंड के मौसम में जनसुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपदवासियों से अपील की है कि बंद कमरे में अंगीठी जलाकर न सोयें। अंगीठी जलने से हानिकारक गैस निकलती है जो कि मानव शरीर के लिए हानिकारक है। डीएम ने कहा कि बन्द कमरे में अंगीठी जलाकर सोने से दुर्घटना भी हो सकती है। डीएम ने बताया कि ठंड व शीतलहर को देखते हुए मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 250 से अधिक स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे हैं। अलाव सही समय पर जलें इसके लिए अलावों की जियो टैग फोटो भी मंगायी जा रही है तथा आपदा प्रहरी ऐप के माध्यम से लाईव फोटो भी अपलोड की जा रही है।

डीएम ने बताया कि अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में मा. जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा 06 हज़ार से अधिक कम्बल का वितरण भी किया गया है। डीएम ने बताया कि जिले में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शाम के समय भ्रमणशील रहकर अलाव व रैन बसेरों की व्यवस्था का जायज़ा लेते रहें तथा ज़रूरतमन्द लोगों को कम्बल का वितरण करें। डीएम ने बताया कि जिले में स्थापित गौआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों को शीत लहर व ठंड से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से अलाव व तिरपाल की व्यवस्था की गई है तथा उच्चाधिकारियों द्वारा भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया जा रहा है। डीएम द्वारा आमजन को सुझाव दिया गया है कि शीतदंश (फ्रासबाइट) के लक्षणों पर नजर रखे जैसे शरीर के अंगों का सुन्न पढ़ना, हाथों में पैरों की उंगलियों, कान, नाक आदि पर सफेद या पीले दाग उभर आने पर अपने नजदीकी अस्पताल में सम्पर्क करें। ठंड में सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढकें। ठंड में फर्श तथा हरे घास पर नंगे पैर न चलें। हाइपोथर्मिया के लक्षणों पर नजर रखें जैसे-असामान्य शरीर का तापमान, याददश्त का कमजोर होना, बेहोशी असीमित ठिठुरन, थकान तुतलाना इत्यादि जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर नजदीकी अस्पताल में सम्पर्क करें। अत्यधिक ठंड/कोहरा पड़ने पर वृद्धजनों तथा बच्चों तथा अकेले रहने वाले पड़ोसियों का ख्याल रखने के साथ-साथ किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सम्पर्क करें।

## पैनल लायर्स/नामिका अधिवक्ता के लिए आवेदन आमंत्रित

**बहराइच।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की योजना निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवाएं, 2010 के अंतर्गत विधिक सेवा एवं परामर्श देने हेतु 03 वर्षो के लिये गठित होने वाले पैनल में शामिल होने के लिए इच्छुक अधिवक्ताओं से 01 फरवरी 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवंटित किये गये न्यायालय में लंबित मुकदमों में पैरवी करने हेतु चयनित अधिवक्ताओं को नियमानुसार मानदेय देय होगा। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि 03 वर्षो से कम वकालत की अवधि वाले अधिवक्तागण आवेदन हेतु पात्र नहीं हैं। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि आवदेन पत्र के साथ बार काउन्सिल में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छाया प्रति एवं स्वयं की रंगीन फोटो संलग्न करके जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के कार्यालय में 01 फरवरी 2025 तक आवेदन जमा किये जा सकते हैं। विस्तृत विवरण एवं अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय समय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

# अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा 16 फरवरी को

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** उ0प्र0 भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों (जो पंजीयन के उपरान्त दिनांक 30 नवंबर 2024 तक कम से कम 03 वर्ष तक बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके है) एवं कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों (जो महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीकृत हो) तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने व उनके बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के दृष्टिगत मुख्यमंत्री के निर्देशन में श्रम विभाग के अधीन अटल आवासीय विद्यालय का संचालन मण्डल स्तर पर जनपद अयोध्या के रुदौली तहसील अन्तर्गत अमराई गांव में शैक्षणिक सत्र 2023-24 से कक्षा-06 से संचालित किया जा रहा है। उक्त अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा-06 में 140 छात्रों (70 छात्र एवं 70 छात्राएं, जिनका जन्म 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के मध्य हो) तथा कक्षा-09 में 140 छात्रों को (70 छात्र एवं 70 छात्राएं, जिनका जन्म 01मई 2010 से 31जुलाई 2012 के मध्य हो) प्रवेश दिया जाना है। कक्षा-06 में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों से मानसिक क्षमता परीक्षण, अंकगणित परीक्षण तथा भाषा परीक्षण से सम्बन्धित टेस्ट लिए जायेंगें। इसी प्रकार कक्षा-09 में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों से अंग्रेजी, हिन्दी, गणित तथा विज्ञान से सम्बन्धित टेस्ट लिए जायेंगें। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र दिनांक 20 जनवरी 2025 तक प्राप्त एवं जमा किये जायेंगें। आवेदन-पत्र सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय जनपद सुलतानपुर से प्राप्त एवं जमा किये जा सकतें है। अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा दिनांक 16 फरवरी 2025 (दिन रविवार) को निर्धारित केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।


## कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक :- 493/पी0आर0ओ0/स्वा0वि0/न0नि0शाह0/2024-25 दिनांक-03-01-2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर निगम, शाहजहाँपुर में विभिन्न ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आई0ई0सी0 माध्यमों से लोगो के व्यवहार परिवर्तन हेतु लोगों के मध्य जनजागरुकता के कार्य किये जाने हेतु दिनांक- 18.01.2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है जो तद् दिनांक सायं 04.00 बजे निविदा समिति एवं निविदादाता के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र रिकार्ड कीपर से दिनांक 17.01.2025 सायं 02:00 बजे तक क्रय किये जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कुल लागत (मय जी.एस.टी.) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (मय जी.एस.टी.) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नगर निगम, शाहजहाँपुर में विभिन्न ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आई0ई0सी0 माध्यमों से लोगो के व्यवहार परिवर्तन हेतु लोगो के मध्य जनजागरुकता किये जाने का कार्य। | 7,80,000.00 | 66,150.00 | 780.00 | 03 माह |

निविदा की क्रयदारी हेतु धरोहर धनराशि नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50265293184 आई0एफ0एस0सी0 कोड -IDBI000C632 ब्रांच इन्डियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर व निविदा शुल्क नगर निगम के बैंक के खाता सं0-50200017927485 आई0एफ0एस0सी0 कोड- HDFC0000869 ब्रांच एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करनी होगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, शाहजहाँपुर में निहित होगा।

**नोट :-** कार्य से सम्बन्धित कोई भी जानकारी किसी भी कार्यदिवस में वर्कशॉप रोशनी गोदाम में देखी जा सकती है।

**नगर आयुक्त**


## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह जनवरी के प्रथम शनिवार 04 जनवरी 2025 को तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी तथा तहसील कैसरगंज में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## अत्यधिक ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत 14 जनवरी तक बन्द रहेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**बहराइच।** अत्यधिक ठंड व शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जनपद के अन्तर्गत संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 01 से 14 जनवरी 2025 तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाता है। डीएम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अवकाश अवधि में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को टेक होम राशन का वितरण, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों में टीकाकरण, गृह भ्रमण, बच्चों का वजन एवं अन्य शासकीय कार्यों का सम्पादन पूर्ववत् किया जायेगा।

## एनआईसी की वेबसाईट पर अपलोड की गई अभ्यर्थियों की सूची

बहराइच। प्रभागीय वनाधिकारी/सदस्य संयोजक, जिला गंगा संरक्षण समिति, बहराइच ने बताया है कि जिला गंगा संरक्षण समिति के कार्यों को सुचारू रूप से निष्पादित करने के उद्देश्य से संविदा आधारित जिला परियोजना अधिकारी के 01 पद के सम्बन्ध में प्राप्त कुल 129 आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग का कार्य स्क्रीनिंग समिति द्वारा 23 दिसम्बर 2024 को पूर्ण किया जा चुका हैं। डीएफओ ने बताया कि स्क्रीनिंग के पश्चात पात्र पाये गये 11 अभ्यर्थियों एवं अपात्र पाये गये 118 अभ्यर्थियों की कारण सहित सूची एन.आई.सी. बहराइच की वेबसाईट बहराइच डाट एनआईसी डाट इन पर 02 जनवरी 2025 को अपलोड करा दी गयी है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाईट पर जाकर सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

## 13 जनवरी तक राजकीय पॉलीटेक्निक विद्यालयों में परीक्षाएं होंगी आयोजित

**मैनपुरी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट राम जी मिश्र ने बताया कि जनपद में दि. 13 जनवरी तक राजकीय पॉलीटेक्निक विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं आयोजित होंगी, इसके अतिरिक्त माह जनवरी में दि. 06 जनवरी को गुरू गोविन्द सिंह जयंती, 14 जनवरी को मो. हजरत अली का जन्म दिवस एवं दि. 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। उक्त त्योहार एवं वार्षिक परीक्षाओं के दृष्टिगत असामाजिक एवं अराजक तत्वों के साथ-साथ कतिपय अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति करने के लिए विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों, वर्गों एवं जन सामान्य के मध्य वैमनस्य, द्वेष व दुर्भावना का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास कर लोक परिशान्ति विक्षुब्ध करने में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संलिप्त हो सकते हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये जनशांति, जनसुरक्षा को बनाये रखने हेतु जनपद की सीमान्तर्गत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए धारा-163 भा.ना.सु.सं. लागू की जाती है। उन्होने बताया कि यह आदेश सम्पूर्ण जनपद में दि. 31 जनवरी 2025 की रात्रि तक प्रभावी रहेगा, जब तक कि इसे बीच में वापस न ले लिया जाये।

# 15 वर्षीय दलित युवक को मारपीट कर किया घायल

**पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर लगाई है न्याय के गुहार**

**मोतिगरपुर पुलिस कर रही है किसी आप्रिय घटना का इंतजार**

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ मऊ गांव निवासी नाबालिग दलित युवक को गांव के ही मनवढ़ शुभम तिवारी उर्फ कल्लू सुत ओमप्रकाश तिवारी ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित शिकायत पिता राम सुरेमन पुत्र स्वर्गीय राम रूप ने थाना मोतीगरपुर से की है। उधर मोतिगरपुर पुलिस मुकदमा दर्ज करने से कतरा रही है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार राम सरेमन पुत्र स्वर्गीय राम रूप निवासी कोल्हुआ मऊ थाना मोतिगरपुर ने आरोप लगाया है कि उसका 15 वर्षीय पुत्र कृष्णा 30 दिसंबर को दिन में करीब 2:00 बजे क्रिकेट खेलकर घर वापस आ रहा था। गांव के ही शुभम तिवारी पुत्र ओमप्रकाश तिवारी अपनी मां की मौजूदगी में जबरन पकड़ कर लात घुसे डंडे से मारना शुरू कर दिया। मामले में आरोपी के पिता भी मौके पर पहुंच गये और हाथ में डंडा लेकर भद्दी- भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि चमार है यह गांव में रहने लायक नहीं है, मारपीट कर लहू लुहान कर कहां कि पुराना बदला ले लो, पीड़ित ने बताया कि इसके पहले भी कई बार शुभम मार चुका है। पीड़ित को भय है कि पुलिस से शिकायत करने पर वह कभी भी जान से मार सकता है। पीड़ित परिवार का कहना है कि बदमाश किस्म के शुभम के भय से ही मोतिगरपुर पुलिस मुकदमा दर्ज करने से कतरा रही है। पीड़ित परिवार के साथ कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। थक हार कर पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

# पुलिस हेड कांस्टेबल रिज़वी बने गरीबों का सहारा

**सिपाही ने रात में घूम-घूमकर गरीबों को बांटे कंबल**

**होली, दीवाली में भी गरीबों के घर जाकर बांटते रहते हैं खुशियां**

डॉ0 अवधेश शुक्ला



**बंधुआ कला,सुल्तानपुर।** इन दिनों कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। जिले की कुछ एक सामाजिक संस्था को छोड़ दें तो अभी तक गरीबों को कंबल गर्म कपड़े वितरण करने के लिए कोई आगे नहीं आया है। जिले के बंधुआकला थाने में तैनात हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी ने मंगलवार की रात्रि में ठंड से ठिठुर रहे ज़रूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया। पुलिस विभाग के इस हेड कांस्टेबल के कार्य को देकर लोगों ने उनकी सराहना भी की है।

जिले के बंधुआकला थाने में हेड कांस्टेबल के तौर पर तैनात कैसर अब्बास रिजवी ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के कई जरूरत मंदों को कंबल वितरित भीषण ठंड से राहत दिलाने का सराहनीय पहल किया है। गरीबों के लिए देवदूत बने हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी ने बताया कि कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। निराश्रित लोगों को खुले आसमान के नीचे सर्द रातें काटना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में क्षेत्र के निराश्रित लोगों को ठंड से बचाने के लिए अपने वेतन से थाना क्षेत्र में घूम-घूम कर कई निराश्रित लोगों को कंबल वितरित किया गया।

जिले के बंधुआकला थाने में तैनात हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी मूलतः सिद्धार्थ नगर जिले के निवासी हैं। महज 35 वर्षीय इस हेड कांस्टेबल के भीतर मानवता-इंसानियत कूट-कूट भरी है। बीते कई वर्षो से उन्होंने रक्तदान करके कई निराश्रित लोगों की जान बचा चुके हैं। वहीं कंबल वितरण और रक्तदान के साथ-साथ उन्होंने हर होली और दीवाली के अवसर पर गरीब बस्तियों में जाकर खुशियां बांटने का काम किया करते हैं।

बीते एक साल से बंधुआ कला थाने में तैनात हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी द्वारा निराश्रितों को लेकर किए गए कार्यों को देखकर जिले वासियों ने उनकी तारीफ की है। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार उदय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि जिले के अधिकांश लोग जब नया साल के पहले दिन बड़ी-बड़ी पार्टियों में ज्यादातर लोग फिजूल के पैसे खर्च करके नशे में डूबकर नया साल मना रहे होते हैं,वहीं बंधुआ कला थाने में तैनात हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी ने क्षेत्र के जरूरतमंदों की मदद का रास्ता चुना। यह वास्तव में एक अनुकरणीय कदम है।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं:– **क्रम सं.-1,** ई-प्रापण निविदा संख्याः उप मु.इ.-नि.-सा०-जीकेपी-18-2024, दिनांक 24-01-2025, कार्य का नामः खलीलाबाद-बहराइच नई रेल लाइन परियोजना के अन्तर्गत 2 अदद 4 लेन आर०ओ०बी० क्रमशः आर०ओ०बी० सं० 2 एन०एच०-28 मध्य (गोरखपुर-अयोध्या) कि०मी०-2/7-8 एवं आर०ओ०बी० सं.-77 एन०एच०-28 मध्य (बांसी-बस्ती) कि०मी०-53/6-7 का निर्माण। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 1,76,29,07,909.89, बयाना राशिः ₹ 89,64,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः-, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 18 (अट्ठारह) माह। • बिड प्रारम्भ करने की तिथिः दि. 10-01-2025 • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 24-01-2025, 15:00 बजे तक, • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 24-01-2025, 15:00 बजे • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/सामान्य,
मुजाधि/डब्लू–351 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



## कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल चतुर्थ इकाई, लखनऊ।

पत्रांक- 236 सहा0आयु0स0द0चतुर्थ-लखनऊ/ दिनांक 30 दिसम्बर-2024

**नीलामी सूचना**

**सी0जी0एस0टी0/एस0जी0एस0टी0 अधिनियम-2017 की धारा 79 (1) (बी) के अन्तर्गत माल की नीलामी की सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, सहायक आयुक्त राज्य कर सचल दल चतुर्थ इकाई लखनऊ द्वारा जब्ती दिनांक-25.11.2024 को किए गए अनुसूची (SCHEDULE) में वर्णित माल रत्ना तम्बाकू 01 नग (400 केन), GOAD FLAME सिगरेट 01 नग (24000 स्टिक्स), अनब्राण्डेड बीडी 04 नग (328320 स्टिक्स) एवं तुलसी तम्बाकू 01 नग (कुल 4000 पाउच) माल की नीलामी जी0एस0टी0 अधिनियम की धारा-79 के उपबन्धों के अनुसार सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) के माध्यम से दिनांक 07.01.2025 (दिन मंगलवार) को समय प्रातः 11:00 बजे कार्यालय-सहायक आयुक्त राज्य कर सचल दल चतुर्थ इकाई लखनऊ वाणिज्य कर भवन, 5 मीराबाई मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ परिसर में नीलामी समिति के समक्ष ''जैसा है जहाँ है के आधार पर'' आयोजित की जाएगी। जिसका विवरण एवं मुख्य शर्तें निम्नलिखित हैं-

**अनुसूची (SCHEDULE)**

| क्र.सं. | माल का विवरण | माल की मात्रा | कुल माल की धरोहर राशि (EARNEST MONEY) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1- | रत्ना तम्बाकू | 01 नग (400 केन) | रु0 10,000.00 |
| 2- | GOAD FLAME सिगरेट | 01 नग (24000 स्टिक्स) | रु0 10,000.00 |
| 3- | अनब्राण्डेड बीडी | 04नग (328320स्टिक्स) | रु0 10,000.00 |
| 4- | तुलसी तम्बाकू | 01 नग(कुल 4000 पाउच) | रू0 10,000.00 |

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण/व्यक्ति उक्त स्थल पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी से सम्बन्धित कोई भी जानकारी या माल का अवलोकन सचल दल चतुर्थ इकाई, वाणिज्य कर भवन 5 मीराबाई मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ कार्या लय से नीलामी से पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती/किया जा सकता है।

नीलामी में प्रतिभाग करने के नियम व शर्ते-

1- नीलामी समिति का यह अधिकार होगा कि वह बिना कोंई कारण बताए नीलामी निरस्त कर सकती है।

2- नीलामी में जीएसटी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत व्यक्ति ही प्रतिभाग कर सकते हैं। साक्ष्य के रूप में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति को अपने जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

3- नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु माल के विवरण के सम्मुख अंकित धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट/नकद, जो कि **''सहायक आयुक्त राज्य कर सचल दल चतुर्थ इकाई लखनऊ''** के नाम से हो, को जमा/प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिस व्यक्ति के पक्ष में नीलामी स्वीकृत की जायेगी, उसे छोड़कर नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले शेष फर्म/व्यक्तियों की धरोहर राशि वापस कर दी जाएगी।

4- माल ''जिस दशा में है जहाँ है'' उसी प्रकार नीलाम किया जाएगा। बोलीकर्ता का यह दायित्व होगा कि वह नीलामी में प्रतिभाग के पूर्व माल की गुणवत्ता एवं मात्रा की स्वयं जांच कर ले। इस सम्बन्ध में नीलामी के पश्चात् कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5- नीलामी समिति के समक्ष उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा बोली गयी धनराशि को समिति द्वारा विवेकानुसार/नियमानुसार स्वीकार/अस्वीकार किया जा सकेगा तथा स्वीकार किए जाने की स्थिति में उच्चतम बोलीकर्ता को नीलामी की धनराशि का 25 प्रतिशत तुरन्त एवं शेष नीलामी की धनराशि निर्धारित समय 1 सप्ताह के अन्दर जमा कर माल को जिस स्थिति में है उसी स्थिति में अपने संरक्षण में लेना होगा अन्यथा स्थिति में उसका दावा निरस्त करते हुए धरोहर तथा 25 प्रतिशत जमा की गयी धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

6- वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम के अ तर्गत नीलामी किए गए माल पर नियमानुसार निर्धा रित कर देयता भी जमा की जायेगी।

(महेश कुमार पाठक)
सहायक आयुक्त, राज्य कर
सचल दल चतुर्थ इकाई, लखनऊ।
मो0 7235001768 ई-मेलः: maheshkumar.pathak@gov.in

UPID-225361 Dated-02-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# जहां पर डिवाइडर शुरू होते हैं वहां पर साइन बोर्ड अवश्य लगाया जाए: डीएम

**जि़ला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिये निर्देश**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहुति की गई। बैठक में डीएम ने कहा कि आईटीआई चौराहे पर लाइटें अवश्य लगाई जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग, यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रोस्टर बनाकर चेकिंग की जाए एवं इसकी रिपोर्ट समिति को प्रतिदिन अवश्य उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि जहां पर डिवाइडर शुरू होते हैं वहां पर साइन बोर्ड अवश्य लगाया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि नेशनल हाईवे के दोनों तरफ ब्लैक स्पॉट अवश्य लगाया जाए एवं जहां से वाहन चढ़ते हैं वहां पर चेतावनी बोर्ड लगाये जाए जिससे वाहन धीमी गति से चल सकें। उन्होंने एनएच-2 एवं संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रोड सेफ्टी का ग्रुप बनाकर उसकी सूचना तत्काल ग्रुप पर डाली जाए जिससे संबंधित अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच सके एवं घायल व्यक्ति की मदद हो सके तथा ग्रुप पर जगह की लोकेशन भी डाल दी जाए जिससे संबंधित को पहुंचने में आसानी हो। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए की सड़क दुर्घटना में जो भी व्यक्ति एंबुलेंस आदि की व्यवस्था करके व्यक्ति को बचाता है ऐसे व्यक्ति को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में जितने भी अवैध कट हैं इनका अभियान चलाकर इन पर रोक लगाई जाए। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को सड़क दुर्घटना पर होने वाली घटनाओं पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में घटित हो रही दुर्घटनाओं के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने कर्तव्यों का गम्भीरता पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया करें जिससे कि होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अनाधिकृत वाहन संचालन के विरूद्ध पूरे जनपद में संयुक्त चैकिंग अभियान चलाया जाये। उन्होंने एन.एच.ए.आई. को निर्देश दिये कि जनपद में चिन्हित किये गये नवीन दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों/ब्लैकस्पॉट्स के दोनों तरफ नियमानुसार निर्धारित दूरी से पहले ब्लैकस्पॉट चेतावनी बोर्ड लगाये जायें एवं समस्त सुरक्षात्मक कार्य भी किये जायें। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को अवैध स्कूली वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस विभाग को यातायात नियमों का पालन कराने एवं यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनय मणि त्रिपाठी, पीडब्ल्यूडी, एनएचडब्ल्यू सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इमाम बाक़िर के पास इल्म का खजाना था: मौलाना ज़ैदी

**इमाम मोहम्मद बाकिर की पैदाइश पर हुई महफ़िल**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** दरगाह हज़रत अब्बास महेरा इटावा पर पांचवें इमाम हज़रत मोहम्मद बाकिर अ.स.की पैदाइश पर इबाद रिज़वी की ओर से महफ़िल का आयोजन किया गया। महफ़िल में मौलाना जनाब अनवारुल हसन ज़ैदी ने तक़रीर करते हुए कहा कि पांचवें इमाम हज़रत मोहम्मद बाकिर अ. स.की पैदाइश एक रजब सन 57 को हुई और सन 114 में उनकी शहादत हुई। पांचवें इमाम हज़रत मोहम्मद बाकिर के पास इल्म का खजाना था। इमाम ने अपने इल्म से कई मुश्किल गुत्थियों को बड़ी आसानी से सुलझाया। तनवीर हसन ने कलाम पेश करते हुए कहा महफिले बाकिर में यूं आओ कि दुनिया को लगे, एक आबिद घर से आया है इबादत के लिए। अली अब्बास सलमान, साजिद, गाज़ी ने कलाम पेश किए। पत्रकार शावेज़ नक़वी की ओर से पांचवें इमाम हज़रत मोहम्मद बाकिर अ. स. की विलादत एंव दस्तरख्वान मौला इमाम हसन अ.स.की नज़र का एहतिमाम किया गया। शाद हसन, शम्स हसन की ओर से नौचंदी जुमेरात पर मौला अब्बास अलमदार के अलम की ज़ियारत बरामद हुई। महफ़िल में राहत अक़ील, मो.अब्बास, हसन अब्बास, शावेज़ नक़वी, मुशीर हैदर, शादाब हसन, शब्बर अक़ील, जीशान हैदर, मो.जावेद, शारिब नक़वी, रजी हैदर, राजा, मीसम, हम्माद, मेंहदी अब्बास शारू साहिल जाफरी लकी सहित तमाम लोगों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### एस एस पी ने किया मुआयना, दिये दिशा निर्देश



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** शुक्रवार की परेड के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली गई सलामी ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने पुलिस बल को दौड़ कराई गई एवं टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आरक्षियों को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं शस्त्रों को खोलने एवं बंद करने के बारे में जानकारी दी गयी व तत्पश्चात यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार हेड लाइट, हूटर, इंडिकेटर फर्स्ट एड किट आदि समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव व साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात क्वार्टर गॉर्ड, शस्त्रगार, बैरक, परिवहन शाखा का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड के बाद एस एस पी ने पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यतन रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### व्यापारियों की समस्याओं को लेकर जीएसटी कमिश्नर से मिले



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल को जीएसटी विभाग से संबंधित व्यापारियों की समस्याएं निरंतर मिलती है जिनके समाधान के लिए शुक्रवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का एक प्रतिनिधिमंडल संतोष सिंह चौहान के नेतृत्व में जीएसटी कमिश्नर वंदना सिंह से मिला और व्यापारियों की समस्याओं को रखा। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र भदोरिया जिला उपाध्यक्ष अभिषेक दिक्षित रौनक सिंह आदि मौजूद रहे।

### जैन मंदिर मे शांति नाथ विधान किया गया संपन्न



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** शहर के प्राचीन श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर पंसारी टोला मे एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन बड़ी हर्षोल्लास के साथ किया गया।प्रातःकाल श्री जी का अभिषेक व शांति धारा केसर के जल से की गई जिसमें प्रथम अभिषेक करने का दिलीप जैन राहुल जैन सपरिवार द्वितीय चौ स्वदेश जैन सम्यक जैन सपरिवार तृतीय नरेश जैन को सौभाग्य प्राप्त हुआ जिसमें नरेश जैन अभय जैन पिंटू चौ अभिनंदन जैन नंदू पत्रकार मोक्ष जैन तासू जैन पुजारियों पीले वस्त्र धारण कर अभिषेक किया। प्रतिष्ठाचार्य पं सतेन्द्र जैन द्वारा श्री शांति नाथ विधान प्रारंभ किया गया जिसमे पंडित शुद्धिकरण मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया जिसमें महिलाओं व पुरूषों ने बढचढकर हिस्सा लिया महिलाएं भगवान के समक्ष भक्ति नृत्य किया गया विधान समाप्ती पर मंत्रोच्चार के साथ हवन कुंड मे मंत्रों आहुति दी गई जिसमें महिलाएं श्रीमती नीता जैन रचना जैन अलका जैन ममता जैन ज्योति जैन भारती जैन पूनम जैन शवेता जैन मीना जैन आदि महिलाएं मौजूद रही।

### पूर्व सभासद की ठंड की चपेट में आकर मौत

**भरुआ सुमेरपुर।** शुक्रवार को सुबह ठंड की चपेट में आकर घर में बेहोश हुए पूर्व सभासद एवं राशन विक्रेता की सदर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कस्बे के पशु बाजार के समीप रहने वाले बदलू प्रसाद 80 वर्ष पूर्व सभासद थे। इनके पास राशन की सरकारी दुकान है। सुबह यह ठंड की चपेट में आकर घर पर ही बेहोश हो गए। परिजन इन्हे आनन फानन में उपचार के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक पूर्व सभासद के पुत्र सुनील कुमार ने बताया कि पिता ठंड की चपेट में आ गए थे। इलाज को ले जाते समय रास्ते मे इनकी मौत हो गई। पूर्व सभासद का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह मोक्ष धाम में किया जाएगा।

### सावित्री बाई फुले की मनाई जयंती

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे में वर्णिता संस्था के तत्वावधान में संघर्ष एवं सुधार की महानायिका सावित्री बाई फुले की जयन्ती मनाई गई। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये संस्था के अध्यक्ष डा भवानीदीन ने कहा कि सावित्री बाई सही मायने में दलित वर्ग की महिला शिक्षा की नायिका थी। इन्होंने महाराष्ट्र में 1848 में पहला विद्यालय खोला और प्रथम महिला शिक्षिका बनकर दलित बालिकाओं को शिक्षित किया। जब वह पढाने के लिए निकलती थी तो उस समय दबंग लोग इनके ऊपर गंदगी डाल कर परेशान करते थे। इस वह एक साड़ी अलग लिए रहती थी और स्कूल जाकर बदल लेतीं थीं। इन्होंने सामाजिक क्षेत्र में बहुत सुधार की पहल की। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनके पति ज्योतिबा फुले हमेशा उत्साह बढ़ाते हुए हर संभव सहयोग करते थे। कार्यक्रम मे अशोक अवस्थी, पंकज सिंह, रुद्रकुमार शुक्ला,शिवपूजन यादव,धीरज सोनी,संतोष, प्रेम, आशुतोष,सिद्धा,देवीदयाल, दस्सी व अजय आदि शामिल रहे।

### देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती सपाइयों ने मनाई



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर भारत में महिला शिक्षा की ज्योति जला महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करने वाली महान समाज सेविका देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर शत-शत नमन किया गया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। सगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि महान समाज सेविका देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। इनके पिता का नाम खनदोजी नैवेसे और माता का नाम लक्ष्मीबाई था। सावित्रीबाई फुले एक भारतीय समाज सुधारक और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सशक्त आवाज थी उन्होंने महिलाओं और दलित समुदाय को मुक्ति दिलाने के लिए अथक प्रयास किया जिससे भारतीयों की कई पीढ़ियां प्रेरित हुई। सगोष्ठी को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी अनिल प्रधान जिला उपाध्यक्ष अशोक पटेल त्रिपुरारी गौड़ नगर अध्यक्ष सरदार पारब्रह्म सिंह दीपक केसरी संतोष यादव जितेंद्र उमर शौर्य त्रिपाठी मनोज यादव गुड्डा खान के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया ।

# घर की लक्ष्मी हैं बेटियाँ कार्यक्रम के परिणाम घोषित

अवधनामा ब्यूरो

**गत 25 दिसम्बर को इटावा महोत्सव पंडाल में हुआ था कार्यक्रम**

**इटावा।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी पंडाल में गत 25 दिसम्बर को आयोजित हुए घर की लक्ष्मी हैं बेटियाँ कार्यक्रम के सभी वर्गों की प्रतियोगिताओं के परिणाम कार्यक्रम संयोजक डॉ ज्योति वर्मा ने घोषित कर दिए हैं। प्राथमिक वर्ग विविध वेश-भूषा प्रदर्शन में लवी उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला तौर प्रथम, सिद्धि भदौरिया यश इंटर नेशनल स्कूल द्वितीय व तान्या यादव यंग जीनियस अकेडमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन सहित पोस्टर बनाओ कनिष्ठ वर्ग में आध्या राजपूत सेविन हिल्स इंटर कॉलेज प्रथम, काजल पीएम श्री कंपोजिट स्कूल कांधनी द्वितीय, श्रेया राजपूत संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल व शिवांकी उच्च प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर बसरेहर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन सहित पोस्टर बनाओ मध्यम वर्ग में श्रुति बाथम आर्य कन्या इंटर कॉलेज प्रथम, वैष्णवी संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल द्वितीय, नेलसी पाल ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अल्पना बनाओ में मानसी सुभाष इंटर कॉलेज विक्रमपुर ने प्रथम, आर्याशी पुलिस मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वितीय, कुमारी यशा केंद्रीय विद्यालय व आंचल सैनिक हायर सेकेंडरी स्कूल कर्री पुलिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य नाटिका कनिष्ठ वर्ग सेविन हिल्स इंटर कॉलेज प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय बसरेहर द्वितीय व गुरुकुल अकेडमी तृतीय स्थान पर रहे। मध्यम वर्ग नृत्य नाटिका समूह में सुभाष इंटर कॉलेज प्रथम, ज्ञान मंदिर इंटर कालेज द्वितीय व पान कुंवर इंटर कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी लगाओ में साक्षी श्री शीतल प्रसाद शोरावाल बालिका इंटर कॉलेज प्रथम, जूली सुभाष इंटर कॉलेज विक्रमपुर द्वितीय तथा प्रिया सैनिक हायर सेकेंडरी स्कूल तृतीय स्थान पर रही। वरिष्ठ वर्ग एकल नृत्य प्रतियोगिता में मानसी राजकीय महिला स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय प्रथम प्रिया मिश्रा ने द्वितीय व इसी महाविद्यालय ने समूह नृत्य में विशेष स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन जागृति वर्मा ने किया।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालययान परिवहन सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में छात्र छात्राओं को लाने - ले जाने वाले विद्यालय द्वारा अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतया फिट होना चाहिए तथा उसमे सभी वैध प्रपत्र होने चाहिए। अनफिट/गैर मानक वाले वाहन किसी भी दशा में सड़को पर नहीं चलने चाहिए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि सभी विद्यालय परिवहन वाहनों का एक सप्ताह के अंदर फिटनेस टेस्ट करा लिया जाय तथा ड्राइवर का चरित्र प्रमाण पत्र ,लाइसेंस ,गाड़ी का इंश्योरेंस आदि सभी प्रपत्रपूर्ण कर लिए जाए। एक सप्ताह में फिटनेस टेस्ट तथा अन्य जरूरी प्रपत्र पूर्ण न करने वाले वाहनों को सीज किया जाए। उन्होंने कहा कि अनफिट वाहनों से सड़कों पर दुर्घटनाएं होती है अतः किसी भी दशा में अनफिट वाहन सड़क पर नहीं चलना चाहिए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में अनुबंधित वाहनों के ड्राइवर का चरित्र प्रमाण पत्र एवं वैध लाइसेंस अनिवार्य रूप से होना चाहिए। कहा कि हाईवे आदि पर स्थापित स्कूलों के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर तथा अन्य जरूरी संकेतक लगवाए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में बच्चों को अवश्य बताया जाए तथा उन्हें जागरूक किया जाए। विद्यालय स्तर पर गठित विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाए, इस हेतु सभी संबंधित विद्यालयों को पत्र प्रेषित किया जाए। असुरक्षित/अनफिट वाहनों पर प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थलों/हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां पर जरूरी यातायात संकेतक , साइन बोर्ड आदि लगवाए जाएं। ओवरलोड वाहनों तथा अनफिट वाहनों पर लगातार प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए। एक्सीडेंटल वाहनों को रोड से तत्काल हटाया जाय।

जिलाधिकारी ने कहा कि भारी वाहनों/ डंफ़र आदि का फिटनेस एवं इंश्योरेंस चेक किया जाए। बिना नंबर प्लेट के चलने वाले वाहनों पर एफआईआर दर्ज कराया जाए। कहा कि यमुना पुल पर किसी भी दशा में ओवरलोड भारी वाहन न चले। यमुना पुल में 80 टन वजन लेकर चलने वाले भारी वाहनों पर एफआईआर दर्ज कराई जाए। ऐसे वाहन जिनका बार बार चालान हो रहा है अथवा बिना वैध प्रपत्र लेकर बार बार चल रहे हैं उन वाहनों का पंजीयन निरस्त किया जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर , एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय, एआरटीओ प्रशासन, विभिन्न विद्यालय के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।कालेजों के प्रधानाचार्य तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### नौ जनवरी से सूबेदारगंज से लोकमान्य तिलक टर्मिनल के मध्य चलेगी विशेष यात्री ट्रेन


**भरुआ सुमेरपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे ने सूबेदारगंज से लोकमान्य तिलक टर्मिनल तक साप्ताहिक ट्रेन का संचालन नौ जनवरी से शुरू कर रहा है। यह सप्ताह में दो दिन गुरुवार एवं शनिवार को कस्बे के रेलवे स्टेशन से गुजरेगी। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखकर विशेष यात्री गाड़ी के संचालन की घोषणा की है। रेलवे बेवसाइट के अनुसार यह साप्ताहिक विशेष यात्री ट्रेन संख्या 04115 गुरुवार नौ जनवरी को सूबेदारगंज (प्रयागराज) से दोपहर 12ः10 बजे रवाना होकर फतेहपुर, गोविंदपुरी से होकर 17ः35 बजे भरुआ सुमेरपुर आएगी।यहां से यह रागौल,बांदा, चित्रकूट धाम कर्वी, सतना, मैहर, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, खंडवा,भुसावल, नासिक, इटारसी,कल्याण होकर शुक्रवार को 20ः50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 04116 लोकमान्य तिलक टर्मिनल से रवाना होकर ठाडे होकर वापस आएगी जो शनिवार की रात साढ़े बारह बजे कस्बे में आएगी। इस साप्ताहिक विशेष यात्री ट्रेन के संचालन से यूपी, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र से आने-जाने वालों को सुविधा मिलेगी।

### एनटीपीसी विंध्याचल में जेम की बच्चियों के साथ बर्थडे केक काट कर किया गया नववर्ष 2025 का अभिनंदन




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी-विंध्याचल में सीएसआर के अंतर्गत परियोजना के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में चलाये जा रहे बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 की बालिकाओं के लिए शीतकालीन सत्र कार्यशाला दिनांक 30.12.2024 से 04.01.2025 तक सिंगरौली जिले की सरकारी विद्यालयों की 119 बालिकाओं हेतु आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शीतकालीन सत्र में भाग लेने वाली बच्चियों के साथ बर्थडे केक काटकर नववर्ष 2025 धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बालिकाएँ अत्यंत खुश दिखी। सभी बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और इसका भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर बच्चियों द्वारा कार्यशाला मे सिखाये जा रहे विभिन्न विषयों पर अपना-अपना अनुभव साझा किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्षा(सुहासिनी संघ) सारिका चतुर्वेदी, वरिष्ठ सदस्या(सुहासिनी संघ) पाला, उप महाप्रबन्धक(मानव संसाधन) कामना शर्मा, महासचिव(सुहासिनी संघ) शिल्पा कोहली, उप प्रबन्धक(योजना एवं प्रणाली) फर्जन्द हुसेन एवं मानव संसाधन टीम के साथ-साथ एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारियों के साथ-साथ जेम के शीतकालीन सत्र की कमेटी के सदस्यगण एवं भारी संख्या मे जेम की बच्चियाँ उपस्थित रहीं।

### एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा स्थानीय वार्ड पार्षदों के साथ बैठक का किया गया आयोजन



**सोनभद्र/ विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा नववर्ष की शुरुआत के साथ ही दो जनवरी को स्थानीय वार्ड पार्षदों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सीएसआर मद किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवं प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक मे वार्ड पार्षदों द्वारा अपने वार्ड की समस्याओं से अवगत कराते हुए उक्त कार्यों को कराए जाने हेतु अनुरोध किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी से बैठक का प्रतिनिधित्व कर रहे मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा, वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड आर/सीएसआर) माहताब आलम एवं कार्यपालक सीएसआर निखिल जायसवाल द्वारा वार्ड पार्षदों द्वारा प्रस्तावित अनुरोध पर कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराए जाने को कहा गया।

### दस जनवरी से चलेगी कुंभ मेला स्पेशल मेमू

**भरुआ सुमेरपुर।** रेलवे ने महाकुंभ मेला को मद्देनजर रखकर गोविंदपुरी से प्रयागराज तक मेमू स्पेशल ट्रेन का संचालन 10 जनवरी से किए जाने की घोषणा की है। यह ट्रेन 10 जनवरी को सुबह 7.30 बजे गोविंदपुरी से रवाना होकर कस्बे के रेलवे स्टेशन में सुबह 9 बजकर 9 मिनट पर आएगी। यह मेला स्पेशल मेमू गोविंदपुरी से चलकर भीमसेन, घाटमपुर, हमीरपुर रोड, भरुआ सुमेरपुर, रागौल, बांदा, अतर्रा, चित्रकूट धाम कर्वी, मानिकपुर, दबौरा, बरगढ़, शंकरगढ़, नैनी होकर प्रयागराज पहुंचेगी। यहां से यह प्रयागराज, भरवारी, सिराथू, खागा, फतेहपुर, बिंदकी रोड होकर गोविंदपुरी पहुंचेगी। इसी तरह गोविंदपुरी से शाम 3.45 बजे रवाना होकर यह मेमू मेला स्पेशल बिंदकी रोड, फतेहपुर, खागा होते हुए प्रयागराज तथा प्रयागराज से मानिकपुर, चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा होकर भरुआ सुमेरपुर रात में 2.35 पर आएगी और यहां से हमीरपुर रोड, घाटमपुर, भीमसेन होकर सुबह 7 बजे गोविंदपुरी पहुंचेगी। इस ट्रेन के संचालन से कुंभ मेला आने जाने वालों को सुविधा मिलेगी।

# शैशव अभियान एक कदम सुपोषण की और अभियान का डीएम ने किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** शैशव अभियान के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/ आशा / ए0एन0एम0 के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 0-5 वर्ष तक के समस्त बच्चों की स्क्रीनिंग की जायेगी। स्क्रीनिंग किये गये बच्चों के पोषण श्रेणी का निर्धारण करते हुये सहयोगी विभागों जैसे शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग के माध्यम से पोषण प्रबन्धन किया जायेगा। इस अभियान के दौरान चिन्हित कुपोषित बच्चों (सैम / मैम) में सुधार हेतु सघन उपचार के लिये जन सहभागिता, जनजागरूकता एवं जनसहयोग के माध्यम से सुधार व उपचार किया जायेगा। अभियान में जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं सी0एस0आर0 फण्ड की सहायता के माध्यम से अभियान को सफल बनाने का प्रयास किया जायेगा। उक्त अभियान 03 जनवरी, 2025 से लेकर 10 अप्रैल, 2025 तक चलाया जायगा। इसी श्रृंखला में आज दिनोंक 03.01.2025 को जिलाधिकारी महोदय हमीरपुर के कर कमलों से डा0 ए0पी0 जे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में ÷शैशव अभियान एक कदम सुपोषण की और÷ अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने अपने संबोधन में जनपद को कुपोषण मुक्त किये जाने के संकल्प के साथ कुपोषण से देश और समाज को होने वाली क्षति के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुये आर्थिक संमृद्धि के लिये स्वस्थ परिवार, समाज एवं प्रत्येक बच्चे को आवश्यक बताया। साथ ही कुपोषण से बचाव के लिये स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय, श्री चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रूप-रेखा और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसी कम में अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 05 बच्चों का अन्नप्राशन जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा करते हुये बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की कामना की।

# डीएम ने की जिला पोषण समिति की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में ''पोषण अभियान'' की जनपद जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेन्स समिति की बैठक की, इस दौरान जिलाधिकरी ने कहा कि जिले के विकास व स्वस्थ्य समाज के लिए बच्चों का स्वस्थ्य होना जरूरी है, कुपोषण मुक्त गांव की संकल्पना के साथ ही अधिकारियों को गांव के हिसाब से कार्य आवंटित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि गांवों को शत-प्रतिशत कुपोषण मुक्त बनाये जाने हेतु प्रभावी कदम उठायें जाये, पोषाहार वितरण के पश्चात पोषण टैकर ऐप पर फीडिंग की प्रगति की समीक्षा की। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने बी.एच.एन.डी. की बैठक रोस्टर सेशन के अनुसार कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को दियें और उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण अभियान के तहत कराये जा रहे कार्यों की बेहतर ढंग से मानीटरिंग करना सुनिश्चित करें, जिन बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा पोषण अभियान के तहत मानीटरिंग व निरीक्षण के कार्यों में शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने कहा कि सैम-मैम बच्चों को समय से पोषाहार व दवाएं उपलब्ध करायी जाये और उनके स्वास्थ्य का समय-समय पर परीक्षण भी कराया जाये, जिससे कि वह जल्द से जल्द स्वास्थ्य हो सके सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बाल विकास परियोजना अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी सम्बन्धित ब्लाक में रहकर अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे, मुख्यालय पर बिना जरूरी कार्य के न दिखें। बाल विकास परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आपस में समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक कार्यवाही समय से पूर्ण कर लिया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी निर्माणाधीन भवन हैं, उसे जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाये, मातृत्व वन्दना योजना का प्रचार-प्रसार किया जाये।

## सीएम योगी ने किया राप्ती नदी में गिरने वाले नालों के जल शोधन की 2 करोड़ 70 लाख की परियोजना का शुभारंभ

# प्राकृतिक विधि के जल शोधन से नदी की शुद्धि के साथ करोड़ों की बचतः योगी

- प्राकृतिक विधि से जल शोधन उर्वरता और जीवन को बचाने का कार्यः सीएम

अवधनामा ब्यूरो

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राप्ती नदी में गिरने वाले नालों के प्राकृतिक विधि (फाइटोरेमिडीएशन तकनीकी) से जल शोधन की 2 करोड़ 70 लाख रुपये की नगर निगम की परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्राकृतिक विधि से जल शोधन से नदी की शुद्धि के साथ करोड़ों रुपए की बचत भी होगी। इसमें न तो बिजली का खर्च आएगा और न ही मेंटिनेंस का।

तकियाघाट पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में राप्ती नदी अविरल एवं निर्मल रहे, उसका जल स्वच्छ एवं सुदर रहे, इसके लिए जो प्रयास नगर निगम ने किया है वह सराहनीय है। यह बहुत बड़ा काम हुआ है। यह कार्य उर्वरता और जीवन को बचाने के लिए हुआ है। सीएम ने कहा कि महापुरूषों ने जल को जीवन माना है। प्रदूषित जल के कारण गोरखपुर के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश में 1977 से लेकर 2017 तक 50 हजार मासूम बच्चे इंसेफेलाइटिस एवं वेक्टरजनित बीमारियों के कारण काल के गाल में समा गए। विषाणुजनित बीमारियों से होने वाली मौतों का कारण प्रदूषित जल और गंदगी था। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन पूरे देश में लागू हुआ। हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए शहरी क्षेत्र में अमृत मिशन और ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन प्रारम्भ हुआ। हर घर नल योजना के माध्यम से घर-घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया गया।



### पीएम मोदी की प्रेरणा से प्रारम्भ हुआ नदी संस्कृति को बचाने का कार्य

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज नामामि गंगे परियोजना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से नदी संस्कृति को बचाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। आज उसका परिणाम है कि दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक व आध्यात्मिक समागम उत्तर प्रदेश की धरती प्रयागराज में मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी पर महाकुम्भ के रूप में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में भी हमारी सभ्यता एवं संस्कृति नदी के तट पर बसी है। गोरखपुर राप्ती नदी व रोहिन नदी के तट पर बसा है। जो नदी हमारी सभ्यता व संस्कृति की जननी है, उसे शुद्ध करने का कार्य किया जा रहा है।

### सीएम योगी का सटीक निशाना, पहली ही बार 'बुल्स आई'



गोरखपुर के भाटी विहार कॉलोनी में नवनिर्मित मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके शूटिंग रेंज में राइफल से लक्ष्य पर निशाना भी साधा। उनकी सटीक निशानेबाजी देख साथ में मौजूद लोग हतप्रभ रह गए। मुख्यमंत्री ने पहली ही बार में 'बुल्स आई' टारगेट कर दिया, यानी सौ फीसद सटीक लक्ष्य पर ही निशाना। मुख्यमंत्री की खेलों के प्रति खासी दिलचस्पी है। इसमें भी पारंपरिक भारतीय खेलों के साथ निशानेबाजी से उनका लगाव कई बार सार्वजनिक देखा जाता है। जब भी वह सैन्य प्रदर्शनियों और खेल एकेडमी या खेल केंद्रों में जाते हैं तो निशानेबाजी के अभ्यास से खुद को नहीं रोक पाते। शुक्रवार को गोरखपुर के भाटी विहार कॉलोनी में मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री जब मल्टीपर्पज हाल में बने शूटिंग रेंज में आए तो उन्होंने दस मीटर रायफल शूटिंग के रेंज पर निशानेबाजी में हाथ आजमाया। उनका पहला शॉट ही बुल्स आई रहा। उनके सटीक निशाने पर वहां मौजूद सभी लोग आश्चर्य चकितहोकर मुस्कराने लगे।

### अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सुविधा पहुंचाने को सरकार प्रयत्नशील

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास होना चाहिए। सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से प्रयत्नशील है। सरकार का यह संकल्प है कि भीषण शीतलहर में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने और ठंड से ठिठुरने को मजबूर न हो। इसके लिए आश्रय गृहों की व्यवस्था, कंबल वितरण सहित सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। सीएम योगी शुक्रवार पूर्वाह्न ट्रांसपोर्ट नगर में



नगर निगम द्वारा 2 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से बनाए गए नवीन आश्रय गृह (रैन बसेरा) का लोकार्पण करने और गरीबों-असहायों के बीच कंबल व भोजन पैकेट वितरित करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

# विद्युत सखियों ने किया रिकार्ड कलेक्शन



- दिसम्बर माह में 180 करोड़ से अधिक विद्युत बिलों का कलेक्शन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में प्रदेश में महिला स्वावलंबन व सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। ग्रामीण महिलाओं खासकर स्वयं सहायता समूहों की दीदियों का उत्साहवर्धन कर न केवल उनकी आमदनी में इजाफा कर आर्थिक, शैक्षिक व सामाजिक स्थिति को मजबूत किया गया है, बल्कि समाज में उनका मान- सम्मान भी बढ़ा है। उन्हें अपने गांव में बेहद सम्मान की नजर से देखा जा रहा है।

बात करें विद्युत सखियों की तो केवल माह दिसम्बर 2024 में ही विद्युत सखियों ने जीतोड़ मेहनत करते हुए 4607 विद्युत सखियों ने 5 लाख 27 हजार विद्युत बिलों की 180 करोड़ से अधिक धनराशि का रिकॉर्ड कलेक्शन किया है और इससे विद्युत सखियों ने 2 करोड़ 12 लाख से अधिक की धनराशि कमीशन के रूप में अर्जित किया है और ग्राम्य विकास विभाग व राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन विद्युत सखियों में सबसे ज्यादा बाराबंकी की राज शुक्ला ने 3907 विद्युत बिलों की 01 करोड़ 36 लाख से अधिक धनराशि का कलेक्शन कर 01 लाख 70 हजार कमीशन के रूप में मात्र दिसम्बर माह में कमाया है। दूसरे नम्बर पर आगरा की कुसुमलता ने 1853 बिलों की 01 करोड़ 28 लाख से अधिक का कलेक्शन कर 01 लाख 39 हजार से अधिक का कमीशन अर्जित किया है। तीसरे व चौथे स्थान पर कलेक्शन में अग्रणी बाराबंकी की लक्ष्मी देवी व देवकी हैं, जिन्होंने क्रमशः 01 लाख 33 हजार व 1 लाख 21 हजार मात्र एक माह में कमाये है।

# 18 जनवरी से किसान मजदूर सम्मान यात्रा निकालेगी कांग्रेस

**हुंकार**

- एमएसपी की कानूनी गारण्टी पर मौन है सरकार
- शहीद किसानों के परिवारों को आज तक मुआवजा नहीं मिला : अजय राय




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केन्द्र और प्रदेश सरकार की दमनात्मक नीतियों के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में 18 जनवरी से किसान मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में अजय राय की अध्यक्षता में बैठक हुई। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रभारी संगठन अखिलेश शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस निवर्तमान उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, पूर्व मंत्री ओमवीर तोमर, किसान कांग्रेस मध्य जोन अध्यक्ष जगदीश सिंह, बुंदेलखण्ड जोन अध्यक्ष शिव नारायण सिंह परिहार की मौजूदगी में आयोजित बैठक का संचालन किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक प्रबल प्रताप शाही ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि आज केन्द्र और प्रदेश सरकार दोगुनी गति से किसानों, मजदूरों, मेहनतकशों, महिला किसान-मजदूर और कारीगरों का दमन शासन-प्रशासन के रूप में अलग-अलग तरीकों से कर रही है। किसान आंदोलन के वक्त केन्द्र सरकार ने देश के किसानों से एमएसपी की कानूनी गारण्टी का वादा किया था लेकिन आज सरकार उस पर मौन है। किसान आंदोलन में शहीद किसानों के परिवारों को आज तक मुआवजा नहीं मिला, बल्कि प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से खालिस्तानी और आंदोलनजीवी कह कर उनकी शहादत का अपमान किया। किसान मजदूर सम्मान और न्याय यात्रा के जरिए एसएसपी की कानूनी गारण्टी, लागत बोर्ड का गठन, किसानों की कर्ज माफी, सीलिंग से बची भूमि के न्यायपूर्ण वितरण, खाद-बीज और उर्वरकों की सब्सिडी, सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति, आवारा पशुओं से फसल बचाने के लिए सरकारी इंतजाम और किसानी से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए जागरुक और एकजुट कर किसानों और मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में अलग-अलग तारीखों में निकाली जाएगी। राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर बनेंगे मण्डल समन्वयक, हर जनपद में निकलेगी यात्रा किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला ने कहा कि 18 जनवरी को गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर से यात्रा शुरू होगी। यात्रा को सुनियोजित व अनुशासित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटरों को मण्डल स्तर और राष्ट्रीय पदाधिकारियों व अन्य प्रांतों के किसान पदाधिकारियों को जिला समन्वयक बनाया जाएगा। प्रदेश के किसान कांग्रेस पदाधिकारियों को जनपद स्तर पर संयोजक बना यात्रा के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# पीएनबी ने साइबर सुरक्षा है कथॉन कोड अगेंस्ट मालवेयर शुरू किया

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** साइबर अपराध के बढ़ते खतरों से निपटने के प्रयास में देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने ÷कोड अगेंस्ट मालवेयर÷ थीम के साथ अपने पहले साइबर सुरक्षा हैकथॉन 2024-25 की शुरूआत की है। इस हैकाथॉन का उद्देश्य मैलवेयर के बढ़ते खतरे से निपटने और देश की साइबरसिक्योरिटी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पूरे भारत के इनोवेटर्स, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को एक साथ लाना है। सबसे प्रतिभाशाली लोगों को एक साथ लाकर, पीएनबी वित्तीय क्षेत्र, अनुसंधान संस्थानों और तकनीकी नवोन्मेषकों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर भी प्रकाश डालता है ताकि उभरते साइबर खतरों से आगे रहा जा सके।ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में 28 फरवरी 2025 तक चल रहा पीएनबी साइबर सुरक्षा हैकथॉन 2024-25, शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों और तकनीकी समुदाय के छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के लिए व्यक्तिगत रूप से और टीम के तौर पर भाग लेने के लिए खुला है। इस हैकथॉन के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में इंटेलिजेंस-संचालित मालवेयर का पता लगाना और हटाना, वास्तविक समय में खतरे की निगरानी और रोकथाम, रैंसमवेयर रेजिलिएंस साल्यूशन और अगली पीढ़ी के एंटीवायरस टूल्स और सरफेस अटैक का प्रबंधन शामिल हैं।प्रतिभागियों को बैंकिंग क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक साल्यूशन्स के साथ एक मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचा विकसित करने की आवश्यकता है जो मालवेयर हमलों का पता लगा सके।

# फिरोजाबाद महोत्सव 30 जनवरी से

- स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकार दिखाएंगे अपनी प्रतिभा
- शिल्प मेले में देशभर के प्रमुख शिल्पकार होंगे शामिलः जयवीर सिंह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।**सुहागनगरी जनपद फिरोजाबाद में संस्कृति, कला और मनोरंजन का अद्भुत संगम फिरोजाबाद महोत्सव 30 जनवरी से पीडी जैन ग्राउंड में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। सात दिवसीय यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुतियों से सुसज्जित होगा। साथ ही, देशभर के प्रमुख शिल्पकार अपनी उत्कृष्ट कृतियों के साथ शिल्प मेले में हिस्सा लेंगे। पांच फरवरी को फिरोजाबाद स्थापना दिवस के भव्य आयोजन के साथ महोत्सव का समापन होगा।यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि फिरोजाबाद महोत्सव की शुरुआत वर्ष 2023 में कला और संस्कृति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से की गई है, और हर वर्ष इसकी भव्यता में वृद्धि हो रही है। बड़ी संख्या में लोग उत्साह के साथ इसमें भाग लेते हैं। इस वर्ष भी महोत्सव को आकर्षक और मनोरंजक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि महोत्सव में स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जो इसे और अधिक यादगार बनाएंगे। इसके साथ ही शिल्प मेले का आयोजन होगा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रसिद्ध शिल्पकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा, महोत्सव में उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन और पुरातात्विक स्थलों को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। पांच फरवरी को फिरोजाबाद स्थापना दिवस के आयोजन को विशेष रूप से भव्य रूप दिया जाएगा।

# खेल मंत्री ने तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव का उद्घाटन

- कार्यक्रम में 600 कलाकारों द्वारा विभिन्न विधाओं में किया जाएगा प्रतिभाग

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 03 से 05 जनवरी, 2025 तक लखनऊ स्थित युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल मुख्यालय पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त 18 मण्डलों के जनपदों से 600 विजयी कलाकारों द्वारा विभिन्न विधाओं यथा-लोकनृत्य, लोकगीत, साइंस मेला (सभी समूह/एकल), पोस्टर मेकिंग, कविता लेखन, फोटोग्राफी, सम्भाषण, कहानी लेखन एवं युवा कृति के अन्तर्गत हैण्डीक्राफ्ट, टेक्सटाईल एवं एग्रो प्रोडक्ट श्रेणी




इत्यादि में प्रतिभाग किया जाएगा। उत्सव का उद्घाटन खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव एवं प्रमुख सचिव, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल, आलोक कुमार-2 द्वारा परिकल्प भवन, सिंचाई विभाग, तेलीबाग, लखनऊ में किया गया। इस दौरान सचिव/ महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल सुहास एल0वाई0 भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान जनपद उन्नाव के ध्रुपद गायक अक्षत शुक्ला के द्वारा अपना गायन एवं प्रयागराज की टीम द्वारा धेड़िया नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर खेल मंत्री द्वारा प्रदेश के कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता कलाकारों को बधाई एवं युवा कल्याण विभाग के प्रयास की सराहना की गई। सचिव एवं महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल, उत्तर प्रदेश सुहास एल0वाई0 द्वारा आए हुए कलाकारों को अपनी कला, अपनी प्रतिभा को अपने क्षेत्र के उच्चतम स्थान तक पहुंचाने हेतु संकल्पित करने का आह्वान किया गया। युवा महोत्सव 2025 के अन्तर्गत ''विकसित भारत चौलेंज'' के विभिन्न चरण-क्विज़, निबन्ध लेखन, विज़न पिच प्रेजेन्टेशन में लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयोग से राज्य स्तर पर चयनित युवा ''विकसित भारत युवा नेता संवाद'' में नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## मजलिसे देसा आज

**लखनऊ।** स्वर्गीया उम्मे हबीबा और स्वर्गीया नसीम फातिमा के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे देसा शनिवार को आयोजित होगी। वहीं स्वर्गीय फराज अली के ईसाले सवाब के लिए रविवार को मजलिस होगी। स्वर्गीया उम्मे हबीबा के पुत्र व स्वर्गीया नसीम फातिमा के पति शादाब वहीद रिजवी एडवोकेट ने बताया कि शनिवार को हरदोई रोड के सरफराजगंज स्थित रौजए हजरत अली में शाम 7 बजे तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को राजस्थान के अजमेर तारागढ़ से आए मौलाना गुलजार हुसैन जाफरी खिताब करेंगे। वहीं महिलाओं की मजलिस उनके सरफराजगंज स्थित आवास पर दिन में 2 बजे होगी। इसी तरह स्वर्गीय फराज रजा के ईसाले सवाब के लिए रविवार को ठाकुरगंज के मुफ्तीगंज में कुमेदान की बगिया स्थित इमामबाड़ा बहिश्त-ए-जहरा में होगी।

## रिवर फ्रण्ट पर होगा 10 दिवसीय खादी प्रदर्शनी का आयोजन

**लखनऊ।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग की ओर से शनिवार से गोमती नगर के रिवर फ्रण्ट पर 10 दिवसीय आंचलिक स्तरीय खादी प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। 13 जनवरी तक चलने वाली प्रदर्शनी में 8 राज्यों के स्टॉल लगेंगे, जिन पर खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की विस्तृत श्रंखला मिलेगी। यह जानकारी निदेशक खादी और ग्रामोद्योग आयोग डॉ. नितेश धवन ने शुक्रवार को पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए दी। डॉ. नितेश धवन ने कहा प्रदर्शनी पिछले एक दशक में खादी की यात्रा, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति और लक्ष्य की प्राप्ति हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से मिलेगी। प्रदर्शनी में खादी और ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और खादी निर्माण से जुड़ी संस्थाएं, कारीगरों और लाभार्थियों को विपण मंच मिलने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। प्रदर्शनी में ग्राहकों को 20 से 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

# परमाणु आपदाओं से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** महाकुंभ 2025 के विशाल आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के संयुक्त प्रयास से प्रयागराज में परमाणु दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षा जैसे संवेदनशील तथा महत्वपूर्ण विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन, संकल्प पंडाल हॉल, मेला ग्राउन्ड, प्रयागराज में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेडियोलॉजिकल, न्यूक्लियर और रासायनिक आपदाओं से निपटने की तैयारी को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों, रासायनिक आपदाओं का त्वरित आकलन, प्रभावितों का सुरक्षित बचाव और स्वास्थ्य सहायता प्रबंधन पर जोर दिया गया तथा विभिन्न आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया।



- रासायनिक एवं परमाणु आपदाओं जैसी संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए मेला प्राधिकरण, पुलिस प्रशासन एवं चिकित्साधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया

कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार नायक अध्यक्ष, सीएमजी, परमाणु ऊर्जा विभाग, साथ ही यह इसके संबंध में सभी स्टेक होल्डरों को समय-समय पर तकनीकी सहायता, क्षमता संवर्धन जानकारी एवं जागरूकता देते रहते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय सदस्य राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली, भारत सरकार ले. जनरल सय्यद अता हसनैन पी.वी.एस.एम., यू.वाई.एस.एम., ए.वी.एस.एम, एस.एम., वी.एस.एम. और बार (से.नि.) ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्राधिकरण प्रदेश में परमाणु दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कार्यशाला का आयोजन कर रहा हैं जो एक सराहनीय प्रयास है। महाकुंभ जैसे आयोजनों के समय में किसी भी आपदा से निपटने के लिए पहले से तैयार रहना आवश्यक है।

## सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई

**लखनऊ।** अम्बेडकर फाउण्डेशन के प्रायोजन में रूक्मिणी दयाल बाल विद्या मन्दिर समिति द्वारा इन्द्रपुरी कालोनी निकट साईंधाम मन्दिर माड़ियाव लखनऊ पर सावित्री बाई फूले जी की जयन्ती मनाई गयी। उक्त अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सेमिनार व छात्र छात्राओं द्वारा पेटिंग, चित्रकला व निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गयी और प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतियोगी को पुरस्कार प्रदान किया गया। इसक कार्यक्रम में सेमिनार के अन्तर्गत वक्ताओं द्वारा सावित्री बाई फूले के जीवन वृत्त व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। उनकी जीवन व संघर्ष तथा सिध्दान्तों के विषय में लोगों को जागरूक किया गया। उक्त अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य, संस्था के पदाधिकारी रेखा उपाध्यक्ष, कर्मचारी व स्वयंसेवक उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर सबको स्वल्पाहार तथा मध्याहन भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में संस्था के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार द्वारा कार्यक्रम की सफलता हेतु उपस्थित अतिथियों, प्रतिभागियों तथा श्रोताओ का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गयी।

# धरती का सत्कार, प्लास्टिक का तिरस्कार : ऋतु सुहास

- सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध चलाए गए अभियान 'आरम्भ 5.0' और 'प्यूमा 3.0' का सफल समापन
- सात दिवसीय 'प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान' अंतर्गत जब्त की गयी 13517.421 किलोग्राम पॉलीथीन
- अभियान के दौरान 3196275.2 रूपये का जुर्माना वसूला गया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** नगरीय क्षेत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक पर्यावरण, स्वास्थ्य, और सामाजिक-आर्थिक पहलुओं पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। प्रतिबंधित प्लास्टिक को खुले में फेंकने से कचरा प्रबंधन व्यवस्था प्रभावित होती है। प्लास्टिक कचरे से नालियां जाम हो जाती हैं, जिससे जलभराव और गंदगी बढ़ती है। जिससे नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता के कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होता है और पर्यावरण भी दूषित होता है। अपर निदेशक ऋतु सुहास ने कहा कि धरती का सत्कार, प्लास्टिक का तिरस्कार की भावना को साकार करने और प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभावों से मुक्त करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर 2024 से 31 दिसम्बर 2023 के मध्य सात दिवसीय 'आरभ 5.0 अभियान' चलाकर कुल 13517.421 किलोग्राम पॉलीथीन ज़ब्त की गई, वहीं कुल 3196275.2 रूपये का जुर्माना वसूला गया है। प्रदेश की नगरीय निकायों को एकल उपयोग प्लास्टिक से मुक्त कराने के लिए कार्यवाही निरंतर की जारी है। स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर अधिरोपित प्रतिबन्ध का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए प्रदेश की सभी निकायों में दिनांक 23 दिसम्बर 2024 से 31 जनवरी, 2025 के मध्य 'आरंभ 5.0' व दिनांक 25 दिसम्बर, 2024 से 01 जनवरी, 2025 के मध्य 'प्लास्टिक उन्मूलन महाभियान' प्यूमा 3.0 चलाया गया।